आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 40 अंक 30 | इंदौर, सोमवार 31 अगस्त, 2026 | भाद्रपद कृष्ण 3 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### सरकार अधूरे वादे करके बच नहीं सकती, 3 मांगे अभी अधूरी: सीजेपी

**नई दिल्ली।** 5 सितंबर को सीजेपी दिल्ली में विरोध मार्च निकालेगी। मार्च इंडिया गेट से शुरू होकर नई दिल्ली पुलिस मुख्यालय तक जाएगा। कॉकरोच जनता पार्टी ने शनिवार को सरकार पर मांगे पूरी न करने का आरोप लगाया। सीजेपी ने एक्स पर लिखा कि सरकार हर बार अधूरे वादे करके बच नहीं सकती। सरकार के सामने रखी गईं चार में से तीन मांगें अब भी अधूरी हैं। पहली- छात्रों के परिवारों को मुआवजा दिया जाए। दूसरी- छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस ली जाए और कोई कार्रवाई न की जाए। तीसरी- आरएएफ और दिल्ली पुलिस माफी मांगे। कॉकरोच पार्टी 5 सितंबर को फिर से दिल्ली में मार्च निकालने वाली है। उन्होंने लोगों से इसमें शामिल होने की भी अपील की।

### आतंकी पोर्न वेबसाइट्स पर सीक्रेट चैटिंग कर रहे

**श्रीनगर।** पाकिस्तान में बैठे आतंकी सीक्रेट चैटिंग के लिए अब पोर्न वेबसाइट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। सुरक्षा अधिकारियों ने रविवार को बताया कि आतंकी संगठन और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी क्रक इसका सबसे ज्यादा यूज कर रहे हैं। आतंकी इसके जरिए जम्मू-कश्मीर में भर्ती किए गए लोगों तक मैसेज पहुंचा रहे हैं। ताकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निगरानी से बचा जा सके। अधिकारियों ने बताया कि इन पोर्नोग्राफी प्लेटफॉर्म पर रियल-टाइम चैट टूल मौजूद होते हैं। जो आसपास डेट (पार्टनर) ढूंढने में मदद करने के नाम पर काम करते हैं। लेकिन हैंडलर्स इनका इस्तेमाल आतंकी गतिविधि के लिए कर रहे हैं।

### आईएसआईएस साजिश में दोषी सैयद को 7 साल की सश्रम कैद

**नई दिल्ली।** बंगलूरू अल-हिंद आईएसआईएस आतंकी साजिश मामले में एनआईए की विशेष अदालत ने सैयद फासिउर रहमान को सात साल की सश्रम कैद और 48 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जांच में आईएसआईएस मॉड्यूल के लिए प्रशिक्षण और साजिश से जुड़े कई आरोप सामने आए थे। आईएसआईएस से जुड़ी आतंकी साजिश के मामले में एनआईए की विशेष अदालत ने सैयद फासिउर रहमान उर्फ सैयद फसीह उर रहमान को सात साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 48 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी के अनुसार, मामले में साजिश का उद्देश्य लक्षित हत्याओं को अंजाम देकर सांप्रदायिक दंगे भड़काना और प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस के एजेंडे को आगे बढ़ाना था।

### सामंथा प्रभु ने शेयर की बेबी बंप की तस्वीरें



**प्रेग्नेंसी ग्लो में सेल्फी भी पोस्ट की; फैंस ने सुझाया बेबी नेम, एक्ट्रेस ने दिया रिएक्शन**

**मुंबई।** एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इस वक्त अपने प्रेग्नेंसी ब्रेक पर हैं। वे सोशल मीडिया पर अपने प्रेग्नेंसी सफर की तस्वीरें लगातार शेयर कर रही हैं। हाल ही में सामंथा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक नया फोटो डंप शेयर किया है, जिसमें वे अपना बेबी बंप और प्रेग्नेंसी ग्लो दिखाती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट पर एक फैन ने उन्हें बच्चे के नाम का सुझाव दिया, जिस पर एक्ट्रेस ने मजेदार रिएक्शन दिया है। सामंथा ने 1 दिसंबर 2025 को फिल्ममेकर राज निदिमोरु से शादी की थी और जल्द ही वे अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाली हैं। फैन ने सुझाया सामंथा और राज के नाम का कॉम्बिनेशन सामंथा की नई इंस्टाग्राम पोस्ट में उनकी अलग-अलग तस्वीरें शामिल हैं। इनमें से कुछ तस्वीरों में वे बिना मेकअप के नजर आ रही हैं, तो कुछ में फ्लाइट और घर पर शीशे के सामने सेल्फी लेते हुए बेबी बंप दिखा रही हैं। पोस्ट के कमेंट सेक्शन में एक फैन ने लिखा, लड़की के लिए समैरा और लड़के के लिए सम्राज कैसा रहेगा? यह सामंथा और राज के नाम का परफेक्ट मिक्स है।

### नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली**: मन की बात में पीएम मोदी ने कहा, नशा मुक्त युवा- विकसित भारत अभियान पूरे देश में जोर पकड़ रहा है।
- **नई दिल्ली**: आईएएस दिव्या मित्तल ने 13 साल की सेवा को कहा अलविदा, भावुक पोस्ट में लिखा- 'पद छूट गया, सपना नहीं'।
- **इस्लामाबाद** : इमरान को लेकर पीसीबी का फरमान, खिलाड़ियों को पूर्व कप्तान की गिरफ्तारी पर टिप्पणी करने से रोका।
- **मुंबई** : सलमान खान की इट्स डन ब्रो अपील पर सोनम वांगचुक ने कहा- मैं मजबूरियों पर कुछ नहीं कहूंगा।
- **मेडिटेरियन** : साइप्रस के पास समुद्र में नाव पलटी, 6 की मौत, 270 से ज्यादा यात्री सवार थे, लोगों ने बोट के ऊपर चढ़कर जान बचाई, रेस्क्यू जारी।
- **नई दिल्ली** : पीएम को गाली देने वाली लड़की बोली- जिंदगी नर्क बनी, चेहरा छिपाती घूम रही हूं, जेन-जी प्रोटेस्ट में मोदी को आपत्तिजनक शब्द बोले थे।

### मामूली बात पर शराब के नशे में हत्या, एमडी ड्रग्स की कई खेप और नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई

# प्रदेश में बढ़ता नशे का नेटवर्क, ड्रग्स की तस्करी बनी चुनौती

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर में नशे की समस्या अब केवल शराब तक सीमित दिखाई नहीं दे रही है। अगस्त 2026 में सामने आए मामलों में एक ओर शराब के नशे में विवाद के बाद हत्या जैसी गंभीर घटना हुई, वहीं दूसरी ओर एमडी ड्रग्स की बड़ी खेप के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी और नशे में वाहन चलाने वालों पर पुलिस कार्रवाई ने भी तस्वीर साफ की है। इन घटनाओं को देखते हुए नशे की उपलब्धता, सप्लाई नेटवर्क और नशे के बाद होने वाले अपराधों को लेकर चिंता बढ़ रही है।

**शराब पार्टी में विवाद, बर्तन व्यापारी की हत्या-** 11 अगस्त को भागीरथपुरा क्षेत्र में शराब पीने के दौरान विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। रिपोर्ट के अनुसार दोस्तों के बीच कहासुनी के बाद हरिओम बंजारा ने अपने पड़ोसी और दोस्त बर्तन व्यापारी राजेश नायक पर चाकू से कई वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल राजेश को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद किया। यह घटना इस बात का गंभीर उदाहरण है कि शराब के नशे में शुरू हुआ मामूली विवाद किस तरह कुछ ही समय में जानलेवा हिंसा में बदल सकता है।



**1 अगस्त को भी शराब विवाद में हत्या-** अगस्त की शुरूआत में भी इंदौर के सेंट्रल कोतवाली क्षेत्र में शराब पीने के दौरान विवाद के बाद एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया। पुलिस के मुताबिक उज्जैन के इमामबाड़ा क्षेत्र निवासी महेश मालवीय की हत्या कर दी गई थी। जांच में सामने आया कि दोनों व्यक्ति साथ में शराब पी रहे थे और विवाद के बाद आरोपी ने कथित रूप से ईंट से हमला किया। यानी अगस्त के शुरूआती दिनों में ही शराब से जुड़े दो अलग-अलग विवादों का गंभीर अपराध में बदलना चिंता का विषय है।

**एमडी ड्रग्स की 10 लाख रुपये से ज्यादा की खेप पकड़ी-** 11 अगस्त को इंदौर क्राइम ब्रांच ने सुपर कॉरिडोर पर 103.55 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की, जिसकी कीमत करीब 10.30 लाख रुपये बताई गई। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी इंदौर में निजी पार्टियों और स्थानीय सप्लायरों तक सिंथेटिक ड्रग्स पहुंचाते थे। यह मामला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि एमडी जैसी सिंथेटिक ड्रग्स का नेटवर्क केवल किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता। पुलिस जांच में सप्लायर और खरीदारों की कड़ियां तलाशना भी बड़ी चुनौती होती है।

### पुलिस की रातभर कार्रवाई में 147 नशेड़ी चालक पकड़े

23 अगस्त को इंदौर पुलिस ने विशेष रात्रि चेकिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 524 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। इनमें 147 लोगों पर शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई। इसके अलावा सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब पीने के 24 मामले और अवैध मादक पदार्थों के सेवन से जुड़े तीन मामले दर्ज किए गए। एक ही रात में 147 लोगों का शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़ा जाना सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

### नशे के खिलाफ कार्रवाई तेज, लेकिन नेटवर्क कितना बड़ा?

30 अगस्त को सामने आई पुलिस जानकारी के अनुसार इंदौर क्राइम ब्रांच ने 2026 में अब तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 62 मामले दर्ज कर 129 आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही है। पुलिस के अनुसार इन मामलों में करीब 2.958 किलो एमडी, 28.338 किलो गांजा, 500 किलो भांग, 268.58 ग्राम ब्राउन शुगर और 10 ग्राम कोकीन जब्त की गई। ये आंकड़े बताते हैं कि कार्रवाई केवल छोटी-मोटी बरामदगी तक सीमित नहीं है। नशे के अलग-अलग पदार्थों की सप्लाई पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

### इंदौर के सामने बड़ी चुनौती

पुलिस की कार्रवाई निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, लेकिन केवल गिरफ्तारी और जब्ती से समस्या खत्म नहीं होगी। एमडी जैसे ड्रग्स के मामले में सप्लाई चेन को तोड़ना, शराब की अवैध बिक्री पर निगरानी, नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्ती और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रभावी अभियान जरूरी हैं।

### सवाल सिर्फ गिरफ्तारी का नहीं

इंदौर में अगस्त की घटनाओं को देखें तो नशे की समस्या के तीन अलग-अलग रूप सामने आते हैं-

- **पहला-नशे के बाद अपराध**: शराब पीने के दौरान विवाद और हत्या इसका सबसे गंभीर उदाहरण है।
- **दूसरा-नशे की सप्लाई**: एमडी और अन्य ड्रग्स की खेप पकड़े जाने से सप्लाई नेटवर्क का पता चलता है।
- **तीसरा-नशे में वाहन चलाना**: एक ही रात में 147 लोगों पर कार्रवाई सड़क दुर्घटनाओं के खतरे को सामने रखती है।

इसलिए चुनौती केवल नशा करने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं है। नशा कहां से आ रहा है, कौन पहुंचा रहा है, कौन बेच रहा है और युवाओं तक कैसे पहुंच रहा है-इन सवालों के जवाब तलाशना ज्यादा जरूरी है।

### 100 ग्राम से अधिक एमडी के साथ युवक और नाबालिग गिरफ्तार

16-17 अगस्त के आसपास खजराना पुलिस ने 100 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स के साथ एक युवक और नाबालिग को पकड़ा। बरामद नशीले पदार्थ की कीमत करीब 10 से 11.5 लाख रुपये बताई गई। पुलिस के अनुसार ड्रग्स बाहर से लाकर इंदौर में सप्लाई की जा रही थी और मामले में नेटवर्क की जांच जारी रही। इस मामले का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि नाबालिग की गिरफ्तारी भी सामने आई। यह सवाल खड़ा करता है कि ड्रग्स का नेटवर्क युवाओं तक किस तरह पहुंच रहा है।

### शराब की बड़ी खेप और नशे में चालक

2 अगस्त को बड़ा गणपति चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने करीब 90 लाख रुपये कीमत की 1,500 पेटी शराब से भरा मिनी ट्रक पकड़ा। पुलिस के अनुसार चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था। शराब को निर्धारित मार्ग के बजाय दूसरे रास्ते से ले जाया जा रहा था, जिससे पुलिस को अवैध रूप से शराब उतारे जाने की आशंका हुई। यह मामला दोहरी चिंता पैदा करता है-एक तरफ बड़ी मात्रा में शराब का परिवहन और दूसरी तरफ चालक का नशे में वाहन चलाना।

### छत्तीसगढ़-बिहार समेत 6 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

## चित्रकूट में फंसे लोगों का हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

बिहार में गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। पटना का दीघा घाट डूब चुका है। वहीं, बगहा के डुमरिया घाट पर गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। 15 जिलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

मध्य प्रदेश के सतना, चित्रकूट, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना में बाढ़ जैसे हालात हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी खतरे के निशान से करीब 26 फीट ऊपर बह रही है। घाट किनारे करीब 400 दुकानें डूब चुकी हैं। लोग घरों और होटलों में फंसे हैं। 2 हेलिकॉप्टर के साथ एसडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं।

### मप्र के सतना में 1 सितंबर तक स्कूलों की छुट्टी

मध्यप्रदेश में भारी बारिश के बाद कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी करीब 30 फीट उफान पर है। सीएम मोहन यादव रविवार को चित्रकूट में बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया। आश्रय स्थल में प्रभावित लोगों से मुलाकात कर राहत सामग्री बांटी। वहीं, सतना में 31 अगस्त से 1 सितंबर तक स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है।



राजस्थान में जयपुर समेत 15 शहरों का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। इस साल मानसून के कमजोर रहने के कारण जयपुर सहित 17 जिलों में सूखे जैसे हालात हैं। नेपाल में भारी बारिश के बाद नारायणी-गंडक नदी का जलस्तर बढ़ने से महाराजगंज जिले में नदी के किनारे बसे गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। नेपाल की त्रिशूली नदी का पानी नारायणी से होते हुए गंडक में आ रहा है, जिससे वाल्मीकिनगर गंडक बैराज से पानी के बहाव में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

### कुंड में डूब रहे भाई को बचाने कूदीं तीन बहनें, चारों की मौत

**एजेंसी ▸▸ धौलपुर**

राजस्थान के धौलपुर जिले के सरमथुरा उपखंड क्षेत्र में रविवार तड़के दर्दनाक हादसा हो गया। आंगई थाना क्षेत्र के बिरजा इलाके में एक कुंड में डूब रहे भाई को बचाने के प्रयास में उसकी तीन बहनें भी गहरे पानी में चली गईं। हादसे में चारों भाई-बहनों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर आंगई थाना पुलिस मौके पर पहुंची। चारों को कुंड से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

## एच1एन1 : दिल्ली-एनसीआर सहित कई राज्यों में स्वाइन फ्लू का प्रकोप

### गंभीर संक्रमण गर्भावस्था को कर सकता है प्रभावित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

गर्भावस्था में स्वाइन फ्लू यानी एच1एन1 संक्रमण सामान्य लोगों की तुलना में अधिक गंभीर हो सकता है। तेज बुखार, सांस की परेशानी और निमोनिया जैसी जटिलताओं का खतरा बढ़ सकता है। गंभीर संक्रमण गर्भावस्था को भी प्रभावित कर सकता है।

एच1एन1 यानी स्वाइन फ्लू इन दिनों दिल्ली-एनसीआर ही नहीं देश के कई अन्य राज्यों के लिए मुश्किलें बढ़ाता देखा जा रहा है। राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों में भी इसके मामले बढ़ रहे हैं, जिसको लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ काफी चिंतित हैं। हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब तक दिल्ली-एनसीआर में संक्रमण के 2700 से अधिक मामले रिपोर्ट किए जा चुके हैं। कुछ राज्यों से संक्रमितों की मौत के मामले भी सामने आए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अगस्त के आखिर हफ्ते तक कर्नाटक के 32 जिलों में सीजनल इन्फ्लूएंजा और एच1एन1 के 4,200 से ज्यादा मामलों की पुष्टि लैब में हुई है। इसके अलावा महाराष्ट्र में 1100 से अधिक लोग संक्रमित सामने आए हैं।

## नेपाल की सुरंगों में 898 लोग फंसे

### बाढ़ में अब तक 804 मौतें

**एजेंसी ▸▸ काठमांडू**

नेपाल में बाढ़ के बाद हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स की सुरंगों में फंसे कर्मचारियों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 898 कर्मचारी अब भी फंसे हैं, जबकि 361 कर्मचारियों को अब तक बचाया जा चुका है। त्रिशूली-3 ए हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की सुरंग में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन में कुछ कामयाबी मिली है। बचावकर्मी मशीनों की मदद से मिट्टी और गाद हटा रहे हैं। सुरंग में 6 इंच का छेद कर पाइप के जरिए हवा पहुंचाई जा रही है। अब इसे बड़ा कर मैनहोल बनाने की तैयारी है, ताकि बचाव दल सुरंग के अंदर जाकर लोगों की तलाश कर सके।

26 अगस्त को नेपाल की भोटेकोशी और त्रिशुली नदी में अचानक बाढ़ आ गई थी। इस आपदा में नेपाल में अब तक 788 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, तिब्बत में मरने वालों का आंकड़ा 16 पहुंच गया है।



### नेपाल बाढ़ में मरने वालों की संख्या 788 पहुंची

नेपाल पुलिस के मुताबिक, रविवार शाम तक 788 शव बरामद किए जा चुके हैं। इसके अलावा 2,502 लोग लापता हैं। लापता लोगों में 933 क्षेत्रीय जलविद्युत प्रोजेक्ट्स के कर्मचारी शामिल हैं। इसके अलावा 592 विदेशी नागरिक और विदेशी समूहों के साथ यात्रा कर रहे 127 नेपाली नागरिकों का भी अब तक पता नहीं चल पाया है। नेपाल के रसुवा जिले की 20 वर्षीय कोपिला तामांग ने बाढ़ में अपने परिवार के 17 सदस्यों को खो दिया। 2015 के भूकंप में उनका घर तबाह हुआ था, लेकिन इस बार बाढ़ उनके नए घर के साथ मां, बहन, दादी और एक महीने के भतीजे समेत कई परिजनों को भी बहा ले गई।

### यूक्रेन में घरों के बीच छिपे हथियार डिपो पर रूसी हमला

**एजेंसी ▸▸ कीव**

रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव के पास शनिवार को एक हथियार डिपो पर ड्रोन हमला किया। हमले के बाद डिपो में रखे गोले, बारूदी सुरंगें और ड्रोन फटने लगे। धमाकों से आसपास के घरों और दूसरी इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस घटना में कम से कम 37 लोगों की मौत हुई है, जबकि 130 घरों को नुकसान पहुंचा है। शुक्रवार देर रात हुए इस हमले के बाद शनिवार को भी घटनास्थल पर राहत और बचाव का काम जारी रहा। धमाकों में 42 लोग घायल हुए हैं, जिनमें चार बच्चे भी शामिल हैं।

### न्यूयॉर्क में भागवत बोले- भारत के डीएनए में एकता-विविधता

## हम अलग होकर भी एकदूसरे से जुड़े

**एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में शनिवार रात करीब 42 मिनट स्पीच दी। उन्होंने कहा कि एकता और विविधता भारत के डीएनए में है। लोग अलग दिखते हैं, उनके रहने के तरीके हैं, लेकिन सभी के बीच एक जन्मजात जुड़ाव है।



भागवत ने कहा- विविधता में एकता भारत की पारंपरिक सोच है और देश समय-समय पर पूरी दुनिया को इसका एहसास कराता रहा है। उन्होंने आगे कहा- सोचने की क्षमता इंसान के लिए एक वरदान है। सही सोच इंसान को भगवान के करीब ले जाती है, जबकि गलत सोच उसे जानवरों के करीब ले जाती है। न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में आयोजित यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन कार्यक्रम में 5 हजार से ज्यादा भारतीय मूल के अमेरिकी शामिल हुए। इसका आयोजन अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग ने किया। कार्यक्रम में 30 देशों के 180 धार्मिक नेता पहुंचे थे।

### स्टाफ की मिलीभगत से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप

## एयरपोर्ट पर 10.75 करोड़ का सोना जब्त

**एजेंसी ▸▸ मुंबई**

डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआईआई) की मुंबई जोनल यूनिट ने छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बड़े मल्टी-नेशनल गोल्ड स्मगलिंग रैकेट का पर्दाफाश किया है। खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत अधिकारियों ने 10.75 करोड़ रुपये मूल्य के 24-कैरेट सोने के साथ 6 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस संगठित सिंडिकेट में दुबई, बैंकॉक और माले के बीच यात्रा करने वाले विदेशी ट्रांजिट यात्रियों के साथ एयरपोर्ट का ग्राउंड स्टाफ भी शामिल था।



डीआरआई की टीम ने 29 अगस्त को ऑपरेशन मिडनाइट गोल्डस्ट्राइक नाम से एक सीक्रेट ऑपरेशन चलाया। जांच के दौरान अधिकारियों ने एयरपोर्ट के एक स्टाफ मेंबर को उस वक्त धर दबोचा जब वह वैक्स (मोम) के रूप में सोने की धूल से भरे 7 कैप्सूल लेकर एयरपोर्ट से बाहर निकलने की फिराक में था। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी कर्मचारी ने खुलासा किया कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से आने वाले ट्रांजिट यात्री एयरपोर्ट के अंदर उसे यह सोना सौंपते थे, जिसे वह सुरक्षा जांच से बचाकर बाहर निकालता था।

### 6.85 किलो सोना बरामद, 5 बांग्लादेशी नागरिक भी धरे गए

कर्मचारी से मिली जानकारी के आधार पर डीआरआई ने जाल बिछाकर सिंडिकेट के अन्य सदस्यों को भी दबोच लिया। तलाशी के दौरान कुल 16 कैप्सूल बरामद किए गए, जिनमें 6.859 किलोग्राम 24-कैरेट सोने की धूल भरी हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत करीब 10.75 करोड़ रुपये है। मामले में कस्टम एक्ट, 1962 के तहत सोना जब्त कर लिया गया है और गिरफ्तार किए गए 6 आरोपियों में 5 बांग्लादेशी ट्रांजिट यात्री और 1 एयरपोर्ट कर्मी शामिल है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### मिलावट का बढ़ता जहर

यूं तो हमारे यहां प्रति दिन ही कोई न कोई पर्व, व्रत, त्यौहार होता है। वैसे भी हम उत्सवधर्मी हैं। पर्व और त्यौहारों के साथ धार्मिक आयोजन श्रृंखलाबद्ध रूप से अगस्त माह से शुरू हो जाते हैं। इन्ही दिनों में हमारे यहां अधिकांश तीज त्यौहार मनाए जाते हैं। इस दौरान खान-पान का दौर जमकर चलता है। यह स्थिति दीपावली तक निरंतरता लिए होती है। इन्हीं दिनों का इंतजार कुछ ऐसे लोगों को भी होता है जो हैं तो सभी के बीच के और धीरे-धीरे हमारे ही शरीरों में जहर घोलने का काम कर रहे हैं और खास यह है कि हमारी ही जेब ढीली भी कर रहे हैं। शहर में मिलावट का जहर जमकर ही घोला जा रहा है। हाल ही के दिनों में खाद्य सुरक्षा के लोगों ने जो कार्रवाई की है उनमें ज्यादातर ऐसे नाम सामने आ रहे हैं जिन पर आंखें बंद कर हमारे धर्म अनुयायी विश्वास करते हैं और सबसे पहले उनके यहां से ही खरीददारी का प्रयास करते हैं। शहर में मावा, पनीर, दूध, घी, मिठाइयों के बराबर सेंपल लिए जा रहे हैं। इसमें जो कुछ सामने आ रहा है उसे जानकर धर्म अनुयायी कदापि ऐसी खाद्य वस्तुओं का उपयोग नहीं करेंगे। शरीर में धीमी गति से जहर घोलने वाले पदार्थों का उपयोग इनमें किया जा रहा है। स्थानीय को प्राथमिकता देने के बाद भी अगर यह स्थिति आमजन के साथ हो रही है तो इसे सीधे तौर पर धोखा ही कहा जाएगा। विभागीय नियमों के तहत जुर्माना किया जा रहा है और पिछले तीन माह में कुछ प्रकरण न्यायालय में भी लगाए गए हैं। सवाल यह उठ रहा है कि मात्र जुर्माना क्या किसी की सेहत का हर्जाना हो सकता है। क्या किसी मानव के खराब अंगों और उसके जीवन की पूर्ति मिलावट खोर कर पाए हैं। खास तो यह है कि त्यौहार के दौर में इसलिए ऐसा किया जाता है कि ईमानदारी का पर्दा भी चढ़ा रहे हैं और बेईमानी का काम अंजाम भी दिया जा सके। खुसूर-फुसूर है कि समय के बदलाव के साथ मिलावट के जहर की जांच के लिए भी आधुनिक यंत्रों को विकसित किया जाना चाहिए जिससे की मानव शरीर विरोधी खाद्य पदार्थों को तत्काल ही पहचाना जा सके और इसके विक्रेताओं के लिए और कड़े दंडात्मक प्रावधान किए जाने चाहिए। जारी प्रावधानों के बावजूद कतिपय व्यवसायी को कोई डर और भय न तो कार्रवाई का है और न ही जुर्माने का ही है।

## नैनो न्यूज

- **कन्या महाविद्यालय में** मना राष्ट्रीय खेल दिवस, रस्सी कूद में सोनी तो दौड़ में सुमन रहीं प्रथम, छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखाया उत्साह, विजेताओं को स्मृति चिह्न देकर किया गया सम्मानित
- **विक्रमादित्य नागरिक सहकारी बैंक चुनाव** : आज होगा मतदान, 12 पदों के लिए 20 प्रत्याशियों की किस्मत दांव पर
- **मेजर ध्यानचंद** के पुत्र ने माधव विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों को दिया ऑनलाइन प्रेरक संदेश, राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुआ आयोजन
- **सड़कों पर उतरी** 'महंगाई डायन', कांग्रेस ने गोपाल मंदिर क्षेत्र में बांटी एक चुटकी शक्कर, त्यौहारों पर शक्कर और तेल की बढ़ती कीमतों के विरोध में महाराजवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन
- **माधव विज्ञान महाविद्यालय में** मना राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस, पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. रंगनाथन को 134वीं जयंती पर किया नमन, विद्यार्थियों को किया प्रेरित
- **उज्जैन में गूंजी** मालवा की लोक ध्वनि, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से हुआ 'माचझ का भव्य मंचन
- **पूर्व भव में की गई** अपूर्व साधना से संभव है शाश्वत सुख प्राप्ति का मार्ग, धर्मसभा में वह्निदशा सूत्र आगम पर किया भावपूर्ण प्रवचन

## ट्रेंडिंग




कंठाल चौराहा और सती गेट को मिलेगा हेरिटेज लुक

# राजसी सवारी से पहले तैयार होगा कंठाल से छत्रीचौक मार्ग, 90 फीसदी काम पूरा

- 450 मीटर लंबे मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किया
- नगर निगम ने एक बार फिर चुनौती को स्वीकार किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की 7 अगस्त को निकलने वाली राजसी सवारी से पहले कंठाल चौराहा से छत्रीचौक तक का मार्ग पूरी तरह तैयार हो जाएगा। सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखकर नगर निगम ने इस सबसे व्यस्त 450 मीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण कर 15 मीटर चौड़ा कर दिया है। सड़क का काम 100 फीसदी पूरा हो चुका है और ओवरऑल 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

नगर निगम ने एक बार फिर से चुनौती को स्वीकार किया है। इस बार कंठाल चौराहा से छत्रीचौक तक मार्ग चौडीकरण एवं निर्माण का काम है। इससे पूर्व भगवान श्री महाकाल की सामान्य सवारी मार्ग को लेकर भी चूनौती के रूप में लेकर काम किया गया था और पहली सवारी के पूर्व ही समय सीमा में ही सभी काम पूर्ण किए थे। इस बार राजसी सवारी मार्ग की चुनौती को अंजाम दिया जा रहा है। निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा खुद इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। टीम दिन-रात काम में जुटी है। कंठाल चौराहा और सती गेट के सौंदर्यीकरण का बचा काम भी राजसी सवारी से पहले पूरा करने का लक्ष्य है। कार्य अपर आयुक्त संतोष टैगोर, अधीक्षण यंत्री आर.के. जैन, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, सहायक यंत्री डी.एस. परिहार, सब इंजीनियर राजेंद्र रावत की देखरेख में चल रहा है।



**व्यापारियों के सहयोग से संभव हुआ कठिन काम-** यह क्षेत्र शहर का सबसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र है। बिना व्यापार रोके काम करना बड़ी चुनौती थी। व्यापारियों और नागरिकों के सहयोग से चरणबद्ध काम किया गया। मार्ग चौड़ा होने से यातायात सुगम होगा और व्यापार को भी दीर्घकालीन लाभ मिलेगा। व्यापारियों ने लंबे समय से इसकी मांग की थी।

### अंडरग्राउंड लाइटिंग कोबल स्टोन से सजेगा मार्ग

कंठाल चौराहा शहर का प्राचीन चौराहा है। यहां पेपर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं और पहली बार अंडरग्राउंड लाइटिंग सिस्टम लगाया गया है। इससे तारों के जाल से मुक्ति मिलेगी। वहीं सती गेट को हेरिटेज स्वरूप दिया जा रहा है। 50 मीटर में कोबल स्टोन लगेगा। गेट पर पुराना पेंट हटाकर एरण पत्थर को मूल स्वरूप में लाया जाएगा और वाटर रिपेलेंट ट्रांसपेरेंट कोटिंग की जाएगी।

### सड़क ही नहीं, नाली-पानी-बिजली भी सुधरी

मार्ग के साथ ही नई बड़ी नाली, पोल शिफ्टिंग और नई पेयजल लाइन डाली गई है। इससे बारिश में जलभराव नहीं होगा और घरों में पानी का प्रेशर भी बढ़ेगा।

महाकाल के दर पर पिछले वर्ष का रिकॉर्ड टूटा, अन्नक्षेत्र में 3.47 लाख ने पाई प्रसादी

# श्रावण में 1.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

### शीघ्र दर्शन से 14.47 करोड़ और लड्डू से 10.49 करोड़ की आय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्रावण माह में बाबा महाकाल की भक्ति का नया आयाम बना। श्री महाकालेश्वर मंदिर में इस बार 1 करोड़ 57 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। मंदिर प्रबंध समिति के अनुसार भगवान श्री महाकालेश्वर के 1.13 करोड़ और सवारी व नागचंद्रेश्वर दर्शन में 43.75 लाख श्रद्धालु शामिल हुए।

श्रावण मास में बराबर श्रद्धालुओं का इजाफा हुआ है। श्री महाकालेश्वर मंदिर में पिछले वर्ष के मुकाबले करीब 65 लाख अधिक श्रद्धालु इस वर्ष पहुंचे हैं। कावड़ यात्रियों का भी सैलाब उमड़ा। 5 लाख से अधिक कावड़िए जल चढ़ाने पहुंचे। 5 सेवा शिविरों में 2.80 लाख कावड़ियों को भोजन प्रसादी दी गई। वहीं अन्नक्षेत्र में 3.47 लाख श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।



- **आय में भी इजाफा-** श्रावण में 5.76 लाख शीघ्र दर्शन टिकट जारी हुए, जिससे 14.47 करोड़ की आय हुई। 2215 क्विंटल लड्डू प्रसादी बिकी, जिससे 10.49 करोड़ रुपए मिले। 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं को निःशुल्क चरण पादुका बांटी गईं।
- **52 सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं-** शिव अर्धांग थीम पर श्रावण महोत्सव में 17 और संध्या में 35, कुल 52 प्रस्तुतियां हुईं। 350 कलाकारों ने प्रस्तुति दी।
- **10 हजार निःशुल्क चरण पादुका दी-** श्रावण माह में श्रद्धालु सेवा के अंतर्गत 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को निःशुल्क चरण पादुका वितरित की गईं। यह पहल श्रद्धालुओं की सुविधा और सेवा के प्रति मंदिर प्रबंधन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।
- **1.57 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन-** श्रावण माह में श्री महाकालेश्वर मंदिर में 1,13,25,210 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वहीं, विभिन्न सवारियों एवं श्री नागचंद्रेश्वर भगवान के दर्शन लगभग 43,75,000 श्रद्धालुओं ने किए। इस प्रकार श्रावण माह में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या 1,57,00,210 रही।

## वार्ड 45, 46 का आयुक्त ने किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा वार्ड क्र. 45 एवं 46 का निरीक्षण कर समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं पेयजल, प्रकाश आदि सेवा का लाभ सभी स्थानीय नागरिकों को प्राप्त हो इसी आधार पर निगम आयुक्त द्वारा संबंधित स्वास्थ अधिकारी, पीएचई अधिकारी, प्रकाश विभाग उद्यान आदि अधिकारियों के साथ देवास रोड के अंतर्गत कॉलोनियों का निरीक्षण किया गया।

## अन्नपूर्णा मुहिम से अनिता दासी को मिला पक्का आशियाना

### महापौर मुकेश टटवाल ने सौंपी मकान की चाबी




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/उन्हेल

जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के मार्गदर्शन में संचालित कबीर परमेश्वर की अन्नपूर्णा मुहिम के तहत जरूरतमंद परिवारों को रोटी, कपड़ा, शिक्षा, चिकित्सा एवं मकान जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का सेवा कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्हेल निवासी अनिता दासी को पक्का मकान बनाकर प्रदान किया गया।

29 अगस्त को मकान निर्माण कार्य पूर्ण होने पर उज्जैन नगर पालिका निगम के महापौर मुकेश टटवाल ने अनिता दासी को मकान की चाबी सौंपी। इस अवसर पर महापौर ने संत रामपाल जी महाराज द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी एवं सेवा कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि संत रामपाल जी महाराज गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता करने के साथ-साथ सरकार के प्रयासों में भी सहयोग कर रहे हैं। नशामुक्त समाज, दहेजमुक्त समाज तथा अन्य जनकल्याणकारी अभियानों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। महापौर ने इन सेवाभावी कार्यों के लिए संत रामपाल जी महाराज का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उन्हेल नगर पालिका अध्यक्ष शांतिलाल हलकारा, मंडल अध्यक्ष राजकुमार जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष नंदराम दाखड़, जिला सदस्य उज्जैन बालू बंजारा, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष जगदीश दाखड़ एवं मदनलाल राठोड़ सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुनींद्र धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवादार भक्त बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित रहे। पक्का आशियाना मिलने से अनिता दासी के परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। उक्त जानकारी मीडिया सेवादार भक्त मुकेश दास देवल द्वारा प्रदान की गई।

## विश्व का अनूठा भाई-बहन मंदिर

### जहां संतोषी माता विराजमान हैं लाभ-शुभ के साथ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में आस्था और परंपरा से जुड़ा एक अनूठा मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शिप्रा तट स्थित ग्राम जीवनखेड़ी में डॉ. कैलाश नागवंशी के खेत पर बने इस मंदिर में संतोषी माता अपने भाई लाभ और शुभ के साथ विराजमान हैं।

मंदिर की विशेषता यह है कि यहां संतोषी माता को उनके भाई लाभ और शुभ के साथ पूजा जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह धार्मिक स्थल अपनी अनूठी मान्यता और भाई-बहन के स्नेह के प्रतीक के रूप में विशेष पहचान रखता है। प्रथम चित्र में संतोषी माता तथा दूसरे चित्र में लाभ और शुभ के दर्शन होते हैं। शिप्रा तट के प्राकृतिक और धार्मिक वातावरण के बीच स्थित यह स्थल श्रद्धालुओं के लिए आस्था का एक अलग अनुभव प्रदान करता है। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और सुख-समृद्धि की कामना से जुड़ी इस मान्यता के कारण मंदिर की पहचान क्षेत्र में विशेष रूप से बनी हुई है। रक्षाबंधन जैसे पर्व के अवसर पर ऐसे धार्मिक स्थलों का महत्व और भी बढ़ जाता है।



## आयुक्त का निरीक्षण, एक का तबादला, 1 निलंबित, 1 बर्खास्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बुधवार को वार्ड 45-46 और जोन 4 का औचक निरीक्षण किया। देवास रोड की कॉलोनियों में सफाई, पेयजल और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था देखी। स्वास्थ्य, पीएचई, प्रकाश और उद्यान अधिकारियों को मूलभूत सुविधाएं हर घर तक पहुंचाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जोन 4 में हाजिरी रजिस्टर चेक किया गया। नामांतरण कार्य में लापरवाही और अनुपस्थित रहने पर सहायक राजस्व अधिकारी कमलजीत संतौरे को निलंबित कर दिया गया। वहीं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी आशा बड़ोदिया को अनुपस्थित रहने पर सेवा समाप्त कर दी गई। संपत्तिकर विभाग की रेखा चौहान को स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ किया गया है।

सुख और धन के कारक ग्रह शुक्र सितंबर माह के शुरूआती दिनों में

# 2 सितंबर को शुक्र का तुला राशि में गोचर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सुख और धन के कारक ग्रह शुक्र सितंबर माह के शुरूआती दिनों में अपनी स्वराशि तुला में गोचर करेंगे जिससे मालव्य राजयोग का निर्माण करेंगे जिससे कुछ राशि वालों की आर्थिक स्थिति अच्छी हो सकती है।

ज्योतिष में शुक्र को सुख, वैभव, भोग विलास, विवाह, प्रेम और सौंदर्य आदि के कारक ग्रह माने जाते हैं। शुक्र जब भी राशि परिवर्तन करते हैं तो इसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के ऊपर देखने को मिलता है। आपको बता दें कि शुक्र अभी कन्या राशि में मौजूद हैं, जो 2 सितंबर को अपनी स्वराशि तुला में गोचर कर जाएंगे। शुक्र के अपनी स्वराशि तुला में गोचर करने से पंच महापुरुष राजयोग यानी मालव्य राजयोग का निर्माण होगा। जिससे इसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के ऊपर देखने के मिल सकता है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शुक्र 2 सितंबर 2026 को तुला राशि में प्रवेश करेंगे जो 3 अक्तूबर को वक्री होंगे, इस तरह से शुक्र का गोचर 6 नवंबर तक बना रहेगा। इस दौरान 26 सितंबर को बुध के साछ युति करते हुए लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण करेंगे। आइए जानते हैं शुक्र के तुला राशि में गोचर करने से किन राशि वालों को सबसे ज्यादा लाभ मिलने के योग हैं।



**मेष राशि-** 2 सितंबर को शुक्र के तुला राशि में गोचर करना बहुत ही शुभ और अनुकूल साबित हो सकता है। आपकी राशि में शुक्र का गोचर सप्तम भाव में होगा, जिससे आने वाले कुछ दिनों में आपका जीवनसाथी और बिजनेस पार्टनर संग संबंध बेहतर रहेगा। बिजनेस में लाभ प्राप्ति के अच्छे योग बनेंगे जिससे आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। वहीं रिश्तों में नया और एक खूबसूरत मोड़ आ सकता है। व्यापार में कुछ आईडिया आपको ऊंचे मुकाम तक ले जा सकता है। भौतिक सुखों की प्राप्ति हो सकती है।

**तुला राशि -** तुला राशि वालों के लिए शुक्र का गोचर अच्छा, शुभ और शानदार रहेगा। यहां शुक्र का गोचर आपकी राशि से लग्न भाव में होगा जिससे आपके आत्मविश्वास और नेतृत्व करने की क्षमता में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकता है। नौकरीपेशा जातकों के लिए आने वाला समय बहुत ही अच्छा और शुभ साबित होगा। आय में तेजी से बढ़ोतरी होगी। कार्यस्थल पर आपका कर्मचारियों संग मेल-मिलाप होगा। धन के लेन-देन के मामले में आपको कोई अच्छा फायदा मिल सकता है।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के लिए शुक्र का गोचर अच्छा और लाभकारी हो सकता है। यहां पर शुक्र का गोचर आपकी राशि से दशम भाव में होगा, जो करियर और कार्यक्षेत्र पर रहेगा। काम से सिलसिले में आपको विदेश की यात्रा करने का मौका मिल सकता है। अगर शुक्र के गोचर करने से मकर राशि वालों की आर्थिक स्थिति की बात करें तो आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। पैतृक संपत्ति संबंधी कोआ मामला आपके पक्ष में आ सकता है। सेहत संबंधी योजना का लाभ आपको आने वाले दिनों में मिलेगा।



# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | सोमवार 31 अगस्त, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### सजी शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य की मनभावन संध्या 'बरखा ऋतु आई'

**इन्दौर।** भारतीय संस्कृति और संगीत की प्रतिष्ठित संस्था अभिनव कला समाज ने वर्षा ऋतु को समर्पित विशेष सांस्कृतिक संध्या 'बरखा ऋतु आई' का आयोजन किया। कार्यक्रम में इंदौर के वरिष्ठ शास्त्रीय गायक पं. सुनील मसूरकर ने राग मियाँ मल्हार में घन गरजत बरसत बूंद बूंद,मिश्र पहाड़ी में कजरी एवं भैरवी में दादरा की मनभावन प्रस्तुति दी। पं. दिलीप मुंगी ने राग जयजयवंती में बड़ा ख़्याल पलना घड़ लाओ बढैय्या एवं छोटा ख्याल दामिनी दमके डर मोहे लागे प्रस्तुत किया। इसके साथ ही राग रामदासी मल्हार में भजन श्याम बिना उन्हीं में बदरा की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। डॉ. पूर्वी निमगांवकर ने राग मेघ मल्हार में विलंबित ए छाई घटा तथा बंदिश मेघ शाम घन शाम का गायन किया।

### पहले एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशन को हुए 60 वर्ष

**इंदौर।** जब इंदौर में औद्योगिक विकास की नई संभावनाएं आकार ले रही थीं, तब 30 अगस्त 1966 को ऊर्जीकृत हुआ 132 केवी पोलोग्राउंड एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशन शहर की ऊर्जा व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बना। छह दशक बाद भी यह सबस्टेशन इंदौर महानगर को विश्वसनीय विद्युत पारेषण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अपने 60 वर्ष पूरे करने जा रहा यह सबस्टेशन मालवा क्षेत्र के औद्योगिक और शहरी विकास का एक महत्वपूर्ण साक्षी रहा है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि 132 केवी पोलोग्राउंड (चंबल) सबस्टेशन इंदौर की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। इसने औद्योगिक विस्तार, आर्थिक गतिविधियों और शहरी विकास को आवश्यक ऊर्जा आधार उपलब्ध कराया है। अनेक पीढ़ियों के अभियंताओं और कर्मचारियों के योगदान से यह सबस्टेशन छह दशकों से प्रदेश की पारेषण व्यवस्था को सुदृढ़ बना रहा है।

### बिजली कंपनी के वितरण केंद्र, सब स्टेशन का किया निरीक्षण

**इंदौर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत सब सपमध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने शनिवार दोपहर देपालपुर बिजली संभाग के हातोद वितरण केंद्र, हातोद 33/11केवी सब स्टेशन का निरीक्षण किया। श्री अनूप कुमार सिंह ने ग्रिड में स्थापित पावर ट्रांसफार्मर पर क्षमता अनुरूप भार रखने , कैपेसिटर बैंक को हेल्दी रखने,रिकॉर्ड मैंटेन करने, लोक सेवा गारंटी अंतर्गत लंबित आवेदन का समय सीमा में निराकरण करने, सीएम हेल्पलाइन शिकायत का सकारात्मक निराकरण, रेवेन्यू टारगेट पूर्ण करने, सिंचाई पंप लोड वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक संजय मालवीय, देपालपुर कार्यपालन अभियंता अभिषेक रंजन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### जन विश्वास शिविर बन रहा है जन विश्वास का आधार




**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार शासन-प्रशासन की पहुंच आमजन तक आसान करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत शनिवार को विधानसभा क्षेत्र इंदौर- 5 के झोन क्रमांक 18 में जन-विश्वास शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर मुसाखेड़ी स्थित झोनल कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। शिविर में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक इंदौर 5 के सभी वार्डो से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं एवं शिकायतें रखीं। अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और अनेक मामलों में मौके पर ही समाधान की कार्रवाई की। शिविर में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेन्द्र हार्डिया, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य, एमआईसी मेम्बर श्री राजेश उदावत तथा श्री नंदु पहाड़िया सहित जिला प्रशासन, नगर निगम एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने क्षेत्र का भ्रमण कर शासकीय संस्थाओं, विकास कार्यों एवं आधारभूत सुविधाओं की मैदानी स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में स्थित विभिन्न शासकीय एवं जनसेवा संस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

## नैनो न्यूज

- **नकली मावा पर बड़ी कार्रवाई:** देवास में 124 किलो प्रतिबंधित एनालॉग मावा जब्त कर नष्ट किया गया। मौके से 820 किलो खाली पैकिंग बैग भी मिले।
- **शाही सवारी की तैयारी:** सुसनेर में बाबा बैजनाथ महादेव की शाही सवारी को लेकर पुलिस-प्रशासन ने प्रमुख मार्गों पर डायवर्जन और पार्किंग व्यवस्था संभाली।
- **स्कूल मार्ग पर जाम:** शाजापुर शहर में स्कूल मार्ग पर रोजाना लगने वाले जाम से विद्यार्थियों और आम लोगों को परेशानी की खबर सामने आई है।
- **मिलाद जुलूस की व्यवस्था:** आगर में मिलादुन्नबी के जुलूस को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष तैयारी की।
- **सूने घर में 30 लाख की चोरी:** रक्षाबंधन मनाने गए परिवार के घर चोरों ने धावा बोलकर करीब 30 लाख रुपये के जेवर और नकदी चुरा ली।
- **जिले में मौसम** के साथ सड़क और यातायात संबंधी समस्याएं चर्चा में हैं। शहर के स्कूल मार्ग पर रोज लग रहे जाम को लेकर छात्रों में नाराजगी सामने आई।
- **आगर-मालवा:** जिले में लगातार बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन प्रभावित होने की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन की ओर से जलभराव वाले क्षेत्रों पर नजर रखी जा रही है।

नौकरी का झांसा देकर ऐंठे लाखों; आरोपी पुर्तगाल भागा

# यूरोप भेजने के नाम पर 27 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी

### रुपये देने के बावजूद न तो नौकरी लगी और न ही विदेश भेजने की प्रक्रिया पूरी हुई

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

विदेश में नौकरी लगवाने और यूरोप भेजने के नाम पर उज्जैन में परिचितों से 27 लाख रुपये से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। चिमनगंज थाना पुलिस ने जांच के बाद इंदिरा नगर में मणिभद्र स्टेशनरी चलाने वाले अजीत जैन (निवासी खंडेलवाल नगर) और उसकी परिचित फलक हुसैन (निवासी उत्तर प्रदेश) के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, दोनों ने मिलकर अलग-अलग लोगों को यूरोप भेजने का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठे। वारदात के बाद आरोपी अजीत जैन खुद पुर्तगाल भाग गया। कमल कॉलोनी निवासी फरियादी बादल टंकारिया (पिता भूपेंद्र टंकारिया) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मार्च 2025 में आरोपी अजीत जैन ने उसके पिता से संपर्क किया था। उसने दावा किया कि वह बादल की यूरोप में नौकरी लगवा सकता है और उसकी परिचित फलक हुसैन विदेश में ही रहती है। अजीत की बातों में आकर भूपेंद्र टंकारिया ने सितंबर 2025 से 1 दिसंबर के बीच नकद और ऑनलाइन माध्यम से उसे 7.50 लाख रुपये दे दिए। इसके साथ ही बादल का असली पासपोर्ट भी फलक को सौंप दिया गया। रुपये देने के बावजूद न तो नौकरी लगी और न ही विदेश भेजने की प्रक्रिया पूरी हुई।



रुपये लेने के कुछ समय बाद अजीत उज्जैन से अचानक गायब हो गया। परिजनों से पूछताछ करने पर पता चला कि वह पुणे गया है। इसके बाद अजीत ने पीड़ित को व्हाट्सएप कॉल करके बताया कि वह खुद पुर्तगाल पहुंच चुका है और आगे की प्रक्रिया के लिए फलक से संपर्क करने को कहा।

अलग-अलग आवेदनों की जांच के बाद ठगी की कुल रकम 27 लाख रुपये से अधिक की सामने आई है। चिमनगंज थाना पुलिस अब दोनों आरोपियों के बैंक खातों के लेन-देन, भूमिका और विदेश भेजने के नाम पर जब्त किए गए दस्तावेजों की विस्तृत जांच कर रही है।

### पासपोर्ट का डर दिखाकर महिला ने भी ऐंठे रुपये

जब बादल ने फलक हुसैन से संपर्क किया तो उसने कहा कि पासपोर्ट उसी के पास है और अजीत विदेश में है। उसने यूरोप भेजने का काम आगे बढ़ाने की बात कहकर बादल से 1.50 लाख रुपये से अधिक और ले लिए। इसके बावजूद पीड़ित को विदेश नहीं भेजा गया। जब पीड़ितों ने अपने रुपये वापस मांगने और संपर्क करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी।

पुलिस जांच में सामने आया कि अजीत और फलक ने अन्य परिचितों को भी यूरोप भेजने के नाम पर शिकार बनाया है।

**पवित्र सिंह कुशवाहा (निवासी ढांचा भवन):** इन्होंने आरोप लगाया कि अजीत ने यूरोप भेजने के अलावा पेपर इंपोर्ट (कागज आयात) के नाम पर भी उनसे 6 लाख रुपये से अधिक की ठगी की है।

धीरज सिंह और जितेंद्र सिंह ढांचा भवन निवासी इन युवाओं ने भी आरोपियों के खिलाफ रुपये हड़पने की शिकायत दर्ज कराई है।

प्रदेश का कोई जिला 60 प्रतिशत तक नहीं पहुंचा, सरकारी दावे फेल

# मध्यप्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर जीतू पटवारी का हमला

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की जिला शिक्षा प्रदर्शन रिपोर्ट 2025-26 ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की हकीकत सामने ला दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, मध्यप्रदेश का एक भी जिला 60 प्रतिशत प्रदर्शन स्तर तक नहीं पहुंच पाया। पटवारी के मुताबिक, प्रदेश के सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिले का स्कोर भी 600 में 333 अंक यानी 55.5 प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि सरकार के शिक्षा व्यवस्था को लेकर किए जा रहे दावों और स्कूलों की वास्तविक स्थिति में बड़ा अंतर है।

पटवारी ने कहा कि राजधानी भोपाल में विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता का प्रदर्शन करीब 47 प्रतिशत, जबकि स्कूल सुरक्षा करीब 37 प्रतिशत रही। वहीं इंदौर में स्कूल सुविधाओं का प्रदर्शन करीब 41 प्रतिशत और सीखने का स्तर करीब 47 प्रतिशत रहा। उन्होंने सागर में डिजिटल पढ़ाई का प्रदर्शन करीब 24 प्रतिशत और बड़वानी में स्कूल सुरक्षा करीब 26 प्रतिशत बताया। बड़वानी में सीखने का स्तर करीब 36 प्रतिशत और डिजिटल पढ़ाई महज 16 प्रतिशत रही। विदिशा में सीखने का स्तर करीब 41 प्रतिशत, अशोकनगर में करीब 49 प्रतिशत, आगर-मालवा में डिजिटल पढ़ाई करीब 28 प्रतिशत और धार में करीब 20 प्रतिशत रही।

### शिक्षा व्यवस्था की जिला-वार और विषय-वार समीक्षा कराई जाए



उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि प्रदेश के सभी जिलों की शिक्षा व्यवस्था की जिला-वार और विषय-वार समीक्षा कराई जाए। कमजोर जिलों के लिए समयबद्ध सुधार योजना बनाई जाए और डिजिटल पढ़ाई, स्कूल सुरक्षा तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का स्वतंत्र आकलन कराकर रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। पटवारी ने कहा कि बच्चों का भविष्य राजनीतिक प्रचार का विषय नहीं है। सरकार को विज्ञापनों से आगे बढ़कर स्कूलों की वास्तविक स्थिति पर जवाब देना चाहिए।

### पटवारी बोले- बच्चों के भविष्य से जुड़ा मामला



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ये आंकड़े किसी राजनीतिक दल के सर्वेक्षण के नहीं, बल्कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब दूसरे राज्यों में बच्चे तकनीक और आधुनिक शिक्षा की ओर बढ़ रहे हैं, तब मध्यप्रदेश के कई जिलों में डिजिटल पढ़ाई का स्तर 16 से 28 प्रतिशत तक क्यों है।

## 17 किलोमीटर का ट्रैक इंदौर में दो माह से तैयार, फिर भी इंतजार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर में मेट्रो ट्रेन के संचालन का इंतजार लंबा होता जा रहा है। गांधीनगर से रेडिसन चौराहे तक 17 किलोमीटर का ट्रैक तैयार है। छह स्टेशन भी बनकर तैयार हो चुके हैं और इस पूरे हिस्से में अलग-अलग गति पर ट्रायल रन भी पूरा किया जा चुका है। इसके बावजूद सरकार अब तक मेट्रो के नियमित संचालन की तारीख तय नहीं कर पाई है। 24 जून को इस 17 किलोमीटर के हिस्से में मेट्रो संचालन शुरू किया जाना था। इसके लिए लोकार्पण समारोह की तैयारियां भी की गई थीं, लेकिन अंतिम समय में समारोह टल गया। इसके साथ ही मेट्रो संचालन के लिए सेफ्टी कमिश्नर से मिली अनुमति की मियाद भी समाप्त हो गई। करीब दो महीने बीतने के बाद भी संचालन की नई तारीख घोषित नहीं हुई है।

मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन ने नए सिरे से संचालन की अनुमति मांगी थी। सूत्रों के अनुसार नई अनुमति मिल चुकी है, लेकिन इसकी मियाद भी अगले माह समाप्त हो जाएगी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब ट्रैक और स्टेशन तैयार हैं तथा ट्रायल रन भी पूरा हो चुका है, तो यात्री सेवा शुरू करने में इतनी देरी क्यों हो रही है। 17 किलोमीटर का यह रूट शुरू होने से सुपर कॉरिडोर की आईटी कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों और आसपास के कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सबसे ज्यादा फायदा होगा।

सिंधी समाज में नाराजगी, चुनाव में सबक देने की तैयारी

# पार्षद जीतू यादव की वापसी पर लाखों सिंधी वोटों का भाजपा पर छाया संकट

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

दो नंबर के पार्षद जीतू यादव की वापसी को लेकर अब सामाजिक लड़ाई भी छिड़ गई है और सिंधी समाज बेहद नाराज दिख रहा है। जीतू को वापस लेने पर उन्होंने भाजपा के खिलाफ अंदर ही अंदर बिगुल बजाने का मन बना लिया है। उल्लेखनीय है कि तकरीबन डेढ़ साल पहले भाजपा पार्षद कमलेश कालरा के घर पर जीतू यादव के समर्थकों ने धावा बोल दिया था, जिसमें कालरा के नाबालिंग बच्चे के कपड़े उतार दिए थे। वीडियो वायरल होने के बाद विरोध के सुर उठ गए थे। जूनी इन्दौर पुलिस ने 27 मुलजिमों के खिलाफ केस दर्ज किया था जिसमें से 21 के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। छह अभी भी फरार है। फरारी में उनके खिलाफ चालान पेश कर दिया है। बताते है कि जीतू यादव को पिछले दिनों विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला और नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा की कोशिश के बाद वापस ले लिया था।

### इन्दौर से भोपाल तक एड़ी चोटी का जोर लगा दिया

यादव की वापसी के बाद माहौल बिगड़ने लगा है। एक तरफ विधायक रमेश मेंदोला जीतू को एमआईसी में वापस लाने के लिए अड़ गए है। उन्होंने इन्दौर से भोपाल तक एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। महापौर और भाजपा का प्रदेश संगठन वापसी को लेकर राजी हो गया है लेकिन एमआईसी को लेकर नाराज है क्योंकि जिस पद से बेदखल किया गया था उसको लेकर वापस दे दिया जाएगा तो पार्टी को नुकसान होगा। सिंधी समाज भाजपा का बड़ा वोट बैंक माना जाता है और जीतू यादव की वापसी के बाद समाज में भी नाराजगी दिखाई दे रही है। ऐसे संकेत मिले है कि नगर निगम और विधानसभा चुनाव में इस बार असर भी दिख सकता है।

## कटनी की निलंबित डीएसपी नेहा पच्चीसिया पर शिकंजा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ कटनी**

कटनी की निलंबित डीएसपी नेहा पच्चीसिया पर अब कानून का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। जिस पुलिस विभाग में वह अधिकारी थीं, उसी विभाग ने अब उनके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विदेश भागने की आशंका के बीच यह कदम उठाया गया है। इससे पहले कोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो चुकी है और गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया जा चुका है।

कटनी के बहुचर्चित जमीन सौदेबाजी मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद से निलंबित डीएसपी नेहा पच्चीसिया, क्षितिज राज बारापात्रे और मारूफ अहमद हनफी फरार हैं। पुलिस का मानना है कि गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी विदेश भागने की कोशिश कर सकते हैं। इसी आशंका को देखते हुए उनके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी कराने के लिए संबंधित एजेंसियों को पत्र भेजा गया है। नोटिस जारी होने के बाद यदि आरोपी किसी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट या इमिग्रेशन चेक पोस्ट से देश छोड़ने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें रोका जा सकेगा और पुलिस को तत्काल सूचना दी जाएगी। इससे पहले नेहा पच्चीसिया और क्षितिज राज बारापात्रे ने गिरफ्तारी से राहत के लिए जिला न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी।

दस साल से अटकी पदोन्नति प्रक्रिया को रफ्तार

# कर्मचारियों को राहत: अब हर साल होगी डीपीसी की बैठक

### विभागों में पात्र कर्मचारियों की पदोन्नति का रास्ता साफ, लंबित मामलों के निपटारे पर सरकार का जोर

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

मध्यप्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों के लिए पदोन्नति को लेकर बड़ी राहत की खबर है। लंबे समय से अटकी पदोन्नति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के साथ अब सरकार ने विभागीय पदोन्नति समिति यानी डीपीसी की बैठकें हर साल नियमित रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाल ही में घोषणा की कि पात्र कर्मचारियों की पदोन्नति में अनावश्यक देरी नहीं होने दी जाएगी। मध्यप्रदेश में पदोन्नति प्रक्रिया लंबे समय से न्यायालयीन मामलों और नियमों को लेकर विवाद के कारण प्रभावित रही है। रिपोर्टों के अनुसार करीब दस वर्षों से बड़ी संख्या में कर्मचारी नियमित पदोन्नति का इंतजार कर रहे थे। अब सरकार ने 2025 के पदोन्नति नियमों के तहत प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए हैं। सरकार का जोर इस बात पर है कि विभागों में पदोन्नति के लिए निर्धारित प्रक्रिया समय पर पूरी हो और पात्र कर्मचारियों के मामलों को डीपीसी के सामने रखा जाए। इससे कर्मचारियों के करियर में रुकी हुई प्रगति को गति मिलने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री की घोषणा के मुताबिक अब विभागीय पदोन्नति समितियों की बैठक नियमित रूप से हर वर्ष कराने की व्यवस्था पर जोर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य यह है कि किसी कर्मचारी को पदोन्नति के लिए वर्षों तक इंतजार न करना पड़े। डीपीसी में संबंधित कर्मचारी की पात्रता, निर्धारित सेवा अवधि, वरिष्ठता, रिक्त पद और विभागीय नियमों के आधार पर विचार किया जाएगा। यानी केवल वरिष्ठता के आधार पर स्वतः पदोन्नति नहीं होगी, बल्कि संबंधित सेवा नियमों के अनुसार पात्रता पूरी करना जरूरी होगा।

### 2025 के नए नियमों के तहत होगी प्रक्रिया

राज्य सरकार ने 2025 में मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम लागू किए थे। इन्हीं नियमों के आधार पर अब पदोन्नति प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। सरकारी विभागों में पदोन्नति के लिए चयन वर्ष के अनुसार पात्रता निर्धारित करने और डीपीसी के माध्यम से मामलों का परीक्षण करने की व्यवस्था है। हालांकि पदोन्नति से जुड़े आरक्षण और नियमों को लेकर न्यायालयीन मामले भी महत्वपूर्ण हैं। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में पदोन्नति नीति से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई है और कुछ मामलों में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का इंतजार भी किया जा रहा है। इसलिए अलग-अलग विभागों में प्रक्रिया की गति और स्थिति अलग हो सकती है। नियमित डीपीसी होने से सबसे बड़ा फायदा उन कर्मचारियों को होगा जिनकी निर्धारित सेवा अवधि पूरी हो चुकी है और जो पदोन्नति के लिए पात्र हैं। समय पर पदोन्नति मिलने से न केवल पद और जिम्मेदारी बढ़ेगी, बल्कि वेतनमान, सेवा लाभ और सेवानिवृत्ति से जुड़े लाभों पर भी इसका असर पड़ सकता है। सरकार की यह पहल प्रशासनिक व्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। लंबे समय तक एक ही पद पर रहने वाले कर्मचारियों के स्थान पर समय-समय पर योग्य अधिकारियों और कर्मचारियों को उच्च जिम्मेदारियां मिलने से विभागीय कामकाज में भी गति आने की उम्मीद है।

### पहले ही कई विभागों में प्रक्रिया शुरू



सरकार की नई व्यवस्था के बाद अलग-अलग विभागों में पदोन्नति के आदेश भी सामने आने लगे हैं। रिपोर्टों के अनुसार जुलाई 2026 में नीमच में 44 और छिंदवाड़ा में राजस्व स्थापना के 59 कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई। इससे संकेत मिल रहा है कि वर्षों से रुकी प्रक्रिया अब धीरे-धीरे जमीन पर आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद कर्मचारियों की नजर अब इस बात पर है कि उनके विभाग में उ्ढउ की बैठक कब आयोजित होती है। कर्मचारियों को अपनी वरिष्ठता सूची, सेवा अवधि और सेवा रिकॉर्ड की स्थिति पर भी नजर रखनी होगी। पात्र कर्मचारियों के मामलों को विभागीय स्तर पर तैयार कर उ्ढउ के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। हालांकि हर कर्मचारी को पदोन्नति मिलना स्वतः तय नहीं है। पदोन्नति संबंधित विभाग के सेवा नियम, पात्रता, रिक्त पद और डीपीसी की अनुशंसा के आधार पर होगी। कुल मिलाकर, वर्षों से पदोन्नति का इंतजार कर रहे मध्यप्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए सरकार का नियमित डीपीसी कराने का फैसला महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब चुनौती यह है कि घोषणा के बाद सभी विभागों में प्रक्रिया कितनी तेजी और पारदर्शिता से लागू होती है और लंबे समय से लंबित मामलों का निपटारा कितने समय में किया जाता है।

## न्यूज कालम



## नाइट कॉम्बिंग गश्त में 24 वारंटी गिरफ्तार, 164 से अधिक बदमाशों की सघन चेकिंग

**बड़वानी।** जिले में शांति, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा अपराधियों पर कसते शिकंजे के तहत पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में 29 अगस्त की रात्रि बड़वानी पुलिस द्वारा विशेष 'नाइट कॉम्बिंग एवं सघन चेकिंग अभियान' चलाया गया। इस दौरान जिलेभर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में फरार अपराधियों, वारंटियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की गई। 24 वारंट तामीलः पुलिस टीमों ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुल 15 गिरफ्तारी वारंट एवं 09 स्थाई वारंट सफलतापूर्वक तामील कराए। निगरानी एवं गुंडा बदमाशों पर कड़ा पहराः कुल 53 निगरानी बदमाशों की चेकिंग की गई, जिनमें से 24 का रिकॉर्ड डिजिटल बीट ऐप में अपडेट किया गया। कुल 111 गुंडा बदमाशों की जांच की गई, जिनमें से 43 को डिजिटल बीट ऐप में पंजीकृत किया गया। 01 जिला बदर अपराधी की स्थिति भी मौके पर चेक की गई। अवैध शराब पर कार्रवाईः आबकारी अधिनियम के तहत 5 प्रकरण दर्ज कर 4,360 मूल्य की 35.060 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। बड़वानी पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि जिले में अपराध और असामाजिक गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आमजन की सुरक्षा और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए इस तरह के रात्रिकालीन अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

## पुलिस की फर्जी सील 500 रु. में लगाकर सर्टिफिकेट बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मनावर।** पुलिस ने थाना प्रभारी की फर्जी रबर सील बनाकर युवाओं को



फर्जी अस्थायी चरित्र प्रमाण पत्र जारी करने वाले एक शातिर आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी आदित्य सोलंकी सरकारी और निजी नौकरियों के लिए युवाओं से ५००-५०० रुपये लेकर अपनी दुकान से यह फर्जी दस्तावेज तैयार कर रहा था। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी आदित्य सोलंकी की दुकान से अवैध गतिविधियों का भंडाफोड़ किया। तलाशी के दौरान मौके से थाना मनावर की फर्जी रबर सील बरामद की गई, जिस पर 'थाना प्रभारी पुलिस थाना मनावर जिला धार (म.प्र.) अंकित था। इसके साथ ही एक डेल कंपनी का काले रंग का लैपटॉप मय चार्जर जब्त किया गया, जिसका उपयोग आरोपी फर्जी प्रमाण पत्र बनाने में करता था। मौके से पुलिस ने 29 अगस्त 2026 की तारीख में जारी किए गए दो फर्जी अस्थायी चरित्र प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियां भी बरामद की हैंः पुलिस ने पूरी जब्ती कार्रवाई की विधिवत वीडियोग्राफी कराई और उपस्थित पंचों के समक्ष जब्ती पत्रक तैयार किया। इसके बाद आरोपी आदित्य सोलंकी को गिरफ्तारी के कारणों की लिखित सूचना देकर पंचों के समक्ष विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी ने अब तक कितने लोगों को इस तरह के फर्जी प्रमाण पत्र बांटे हैं।

## दो हजार रुपये का ईनामी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बडवानी।** पुलिस जवानों की मोटरसाइकिल से हथकड़ी सहित कूदकर फरार दो हजार रुपये का ईनामी आरोपी को थाना कोतवाली बड़वानी एवं जुलवानिया पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। थाना जुलवानिया से धारा 170 क्व्हस्र् में गिरफ्तार आरोपी शुभम पिता सुभाष मानकर, 22 साल, निवासी जुलवानिया को न्यायालय स्ष्ठरू राजपुर के आदेश से केंद्रीय जेल बड़वानी दाखिल करने दो जवान ला रहे थे तभी शिवशंकर होटल बड़वानी के सामने मोटरसाइकिल से आरोपी शुभम हथकड़ी सहित कूदकर भाग गया जिससे मोटरसाइकिल से गिरने से दोनो जवान को चोटें भी आयी थी। आरोपी द्वारा पुलिस अभिरक्षा से भागने के फलस्वरुप अपराध धारा 262 क्व्हस्र् का पंजीयन कर सघनता से तलाश की जा रही थी। आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित किए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा आरोपी की सूचना एवं गिरफ्तारी पर घटना के अगले ही दिन दो हजार रुपए के ईनाम का भी आदेश जारी किया गया था। आरोपी की तलाश में लगातार ष्टष्टञ्जङ्क कैमरा चेक करने सहित सभी सम्भावित स्थानो पर दबिश दी जाकर गिरफ्तारी के हर सम्भव प्रयास अंतर्गत आरोपी के उसके पुश्तैनी घर खण्डवा में होने की जानकारी मिलते ही कोतवाली खण्डवा पुलिस की मदद से तत्काल आरोपी को अभिरक्षा में लेकर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की निशानदेही पर उसके भागते समय ले जायी गई हथकड़ी भी बरामद की गई है।

## शिवशंकर मिश्रा ने जीता सिल्वर मेडल, जिला कमांडेंट ने किया सम्मानित

**खंडवा।** जबलपुर में मध्यप्रदेश स्टेट राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 13वीं गन फॉर ग्लोरी एयर वेपन शूटिंग प्रतियोगिता में खंडवा के होमगार्ड सैनिक शिवशंकर मिश्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर टीम इवेंट में सिल्वर मेडल हासिल किया। प्रतियोगिता 20 से 26 अगस्त तक आयोजित हुई, जिसमें प्रदेशभर से 400 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खंडवा जिले से भी करीब 25 एथलीट प्रतियोगिता में शामिल हुए थे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि होमगार्ड कार्यालय खंडवा में सैनिक के पद पर पदस्थ शिवशंकर मिश्रा ने शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रजत पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से खंडवा जिले का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। शिवशंकर मिश्रा की उपलब्धि पर जिला कमांडेंट होमगाड्र्स एवं एसडीईआरएफ ने उन्हें सम्मानित कर बधाई दी। अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिवशंकर की सफलता जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में निरंतर मेहनत और अनुशासन के दम पर खिलाड़ी जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। अपनी सफलता पर शिवशंकर मिश्रा ने इसका श्रेय अपने प्रशिक्षकों, साथी खिलाड़ियों और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि सभी के प्रोत्साहन और मार्गदर्शन से उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली। शिवशंकर की उपलब्धि पर जिले के खेलप्रेमियों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सदभावना मंच ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों एवं खेल पदाधिकारियों का किया सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

हॉकी के जादूगर एवं महान भारतीय खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में सद्भावना मंच द्वारा शनिवार शाम मालीकुआ स्थित सद्भावना मंच कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सद्भावना मंच सदस्य कमल नागपाल के अनुसार कार्यक्रम के प्रारंभ में मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

इस अवसर पर पूर्व जिला खेल अधिकारी एम एम कुरैशी,राष्ट्रीय स्तर की पहलवान माधुरी पटेल,ताइक्वांडो कोच मनीष बौरासी,फहीम कुरैशी, मिस्टर एम पी और मिस्टर खंडवा रहे देवेंद्र जैन,खिलाड़ी चेतन गौहर,योगासन और मलखंभ की



खिलाड़ी निमिषा धोत्रे सहित खंडवा के अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों, कोच,एवं खेल संगठन के अध्यक्ष का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्थापक प्रमोद जैन ने मेजर ध्यानचंद के पुत्र अशोक ध्यानचंद से वीडियो कॉल पर बात भी की और उन्हें सद्भावना मंच में आमंत्रित भी किया।उन्होंने उनके पिता की स्मृति पर चल रहे कार्यक्रम की प्रशंसा की और आभार व्यक्त किया, साथ ही दिल्ली से खंडवा आगमन पर मंच कार्यालय आने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सद्भावना मंच के अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने अपनी अद्भुत प्रतिभा,अनुशासन और समर्पण के बल पर भारतीय खेल जगत को विश्वभर में नई ऊंचाई प्रदान की। उनका जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने यह भी कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का खंडवा से भी संबंध रहा है, इसलिए खंडवा के लिए उनकी जयंती और राष्ट्रीय खेल दिवस का विशेष महत्व है।

कार्यक्रम में सद्भावना मंच के संस्थापक प्रमोद जैन,हॉकी खिलाड़ी एम एम कुरैशी,कैलाश शर्मा, कोच फहीम कुरैशी, कांतिलाल जैन,देवेंद्र जैन,सुरेंद्र गीते, योगेश गुजराती,एन के दवे, सुनील सोमानी,के बी मंसारे,कमल नागपाल,गणेश भावसार,रजत सोहनी,अनीता धोत्रे,निमिषा धोत्रे,सुभाष मीणा,कैलाश पटेल सहित मंच के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



## दादाजी मंदिर नवनिर्माण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

, श्री दादाजी मंदिर नवनिर्माण समिति की बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे, कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन के अलावा समिति के अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

आज की बैठक में पिछली बार की बैठक में चयनित कुल 5 वेंडर्स के मार्बल एवं नक्काशी की रिपोर्ट समिति के समक्ष पेश की गई। समिति ने सर्वसम्मति से इन 5 में से 1 वेंडर की मार्बल व नक्काशी को गुणवत्तापूर्ण ना पाए जाने से निरस्त करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि समिति के कुछ सदस्य शेष 4 वेंडर्स द्वारा बनाए गए मंदिरों को अंतिम बार मौके पर जाकर देखेंगे और अगली बैठक में इन चारों वेंडर्स को बुलाकर वेंडर चयन के संबंध में अंतिम निर्णय लिया जाएगा, ताकि मंदिर निर्माण का कार्य को गति मिल सके।

बैठक में सांसद श्री पाटिल ने निर्देश दिए कि सभी वेंडर्स के भुगतान समय से होते रहें, तथा मंदिर के निर्माण कार्य में कोई बाधा उत्पन्न ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। विधायक श्रीमती तन्वे ने मंदिर निर्माण की भावी कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तार से समीक्षा की।

## सामाजिक समरसता का संदेश लेकर अंजड पहुंची कलश वंदन यात्रा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ अंजड

संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही समरसता संकल्प अभियान कलश वंदन यात्रा शनिवार दोपहर करीब 3 बजे अंजड पहुंची। अस्पताल चौक पर मंडल अध्यक्ष ऋतुराज सिंह तोमर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं, चर्मकार समाज सहित विभिन्न समाजों के नागरिकों तथा माता-बहनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कलश की पूजा-अर्चना की और पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

इसके पश्चात कलश वंदन यात्रा नगर के धानमंडी चौक, जटाशंकरी चौक, सराफा बाजार, गणगौर चौक, भैरवनाथ गली एवं भोंगली नदी होते हुए संत रविदास भवन पहुंची। यात्रा में माता-बहनें सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुईं।

नगर में यात्रा का विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा जगह-जगह कलश पूजन एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। भोंगली नदी पर ठीकरी बीओ राजेश मालवीय, सांदीपनि बालक स्कूल के प्राचार्य अंतिम कुमार जैन ने संस्था के विद्यार्थियों के साथ तथा पीएमश्री कन्या स्कूल के स्टाफ एवं छात्रावास अधीक्षकों ने कलश का पूजन-अर्चन कर यात्रा में सहभागिता की। यात्रा में नगर के विभिन्न समाजों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामाजिक एकता, समरसता और भाईचारे का संदेश दिया। संत रविदास भवन पहुंचने पर संत शिरोमणि रविदास महाराज के चित्र एवं पवित्र कलश का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया।

इस अवसर पर राजेन्द्र भावसार, दिनेश भार्गव, मंसाराम शिमले एवं राजेश सगोरे ने संबोधित करते हुए संत रविदास महाराज के समाजहित में किए गए कार्यों, उनके विचारों एवं जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास महाराज ने समाज में समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश देते हुए सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरण का कार्य किया।

## अभिव्यक्ति संस्था की पहलः राजेंद्र दादू की स्मृति में नेपानगर में लगेंगे 551 पौधे

### ताप्ती नदी से वॉटर प्लांट तक एक किलोमीटर मार्ग पर पौधरोपण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नेपानगर

पर्यावरण संरक्षण और नेपानगर को हरित बनाने के लिए अभिव्यक्ति सोशल, कल्चरल एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा ग्रीन नेपा-क्लीन नेपा अभियान शुरू किया जा रहा है। पहले चरण में राजेंद्र दादू की स्मृति और जन्मतिथि के अवसर पर 30 अगस्त को नगर में एक किलोमीटर के दायरे में मार्ग के दोनों ओर 551 पौधों का रोपण किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल चएक पेड़ मां के नामज से




प्रेरणा लेकर यह अभियान आयोजित किया जा रहा है। ताप्ती नदी से वॉटर प्लांट तक करीब एक किलोमीटर लंबे मार्ग के दोनों ओर पौधे लगाए जाएंगे। संस्था का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनका संरक्षण कर आने वाले वर्षों में बड़े वृक्षों के रूप में विकसित करना है। नगरवासियों से पौधों को अपनाने और देखभाल में सहभागी बनने की अपील की गई है। संस्था के अनुसार राजेंद्र दादू ने नेपानगर के विकास के लिए जो सपने देखे थे, उन्हें आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अभियान में नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। संस्था ने अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर सहयोग करने की अपील की है।



## काशी विश्वनाथ का अमृत नौका विहार, शाही सवारी में नगर भ्रमण करेंगे बाबा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर

राजाधिराज भगवान श्री काशी विश्वनाथ की सोमवार को निकलने वाली शाही सवारी से पहले रविवार को भगवान को मां नर्मदा में नौका विहार करवाया गया। श्री काशी सेवा समिति के द्वारा कराए जा रहे इस दो दिनी आयोजन में दोपहर से ही काशी विश्वनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद शाम 6 बजे भगवान को पालकी में विराजित किया गया।

आरती के पश्चात भगवान को ढोल-ताशों और डीजे की थाप पर नाचते युवाओं की टोलियां नर्मदा तट स्थित श्रीराम घाट लाया गया। फूलों से सजी नौका में भगवान श्री काशी विश्वनाथ को विराजित कर नर्मदा में भव्य अमृत नौका विहार कराया गया। इसके बाद घाट पर आरती हुई और भगवान की पालकी को राम मंदिर, स्कूल ग्राउंड, मस्जिद से एमजी रोड लाया गया तथा मुख्य बाजार से गुजरते हुए घंटा घर लाते हुए पुनः राम घाट लाया गया। जहां भगवान का जनवास ठहराया गया। सोमवार को यहीं से भगवान काशी विश्वनाथ की शाही सवारी प्रारंभ होगी।

रात्रि 9 बजे श्रीराम घाट पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजन श्री श्याम सेवा समिति द्वारा किया गया, जिसमें विशेष अतिथि श्री श्याम अलबेली सरकार रहे। भजन संध्या में इंदौर के राज राठौर, धामनोद के माधव अग्रवाल और ओपी पटेल गायकों ने भजनों की प्रस्तुति दी। देर रात तक चली भजन संध्या में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे।

गायकों ने भजनों पर खूब झुमाया। सोमवार को भगवान श्री काशी विश्वनाथ २८वीं भव्य शाही सवारी के रूप में नगर भ्रमण पर निकलेंगे। ढोल-ताशों, गाजे-बाजे और धार्मिक जयघोष के बीच निकलने वाली शाही सवारी में श्रद्धा, भक्ति और शौर्य का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। नगर में शाही सवारी के स्वागत की तैयारियां भी की गई हैं।



## खंडवा में सूबेदारगंज से लोकमान्य तिलक अमृत भारत ट्रेन का हुआ स्टॉपेज

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के प्रयासों से रक्षाबंधन के दिन खंडवा क्षेत्रवासियों को सूबेदार गंज से लोकमान्य तिलक के बीच अमृत भारत साप्ताहिक ट्रेन की सौगात मिली है। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर पर ट्रेन के खंडवा स्टेशन पर प्रथम आगमन पर खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और क्षेत्र की जनता की ओर से शहर के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने ट्रेन के लोको पायलट राम केवल और नीरज पंवार का स्वागत पुष्प माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर किया गया। रक्षाबंधन पर अपने मायके आयी कल्याण महाराष्ट्र निवासी मनीषा चौधरी और अथर्व चौधरी ने पहला आरक्षण टिकट लेकर यात्रा प्रारंभ की। यात्री मनीषा चौधरी ने नये अमृत भारत ट्रेन के रैक को देखकर उत्साहित हुई खुशी जाहिर करते हुए रेल मंत्री और रेल विभाग की तारीफ कर धन्यवाद दिया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि ट्रेन के स्वागत के मौके पर हरीश कोटवाले, दिनेश पालीवाल, प्रवक्ता सुनील जैन, रेल समिति सदस्य मनोज सोनी, गणेश गुरबाणी, तेजेंद्र बॉथम, राजा शर्मा, दिलीप पाटिल,स्टेशन मैनेजर एल मीणा, हेल्थ इंस्पेक्टर मनीष शर्मा,एन के शर्मा ,आरपीएफ इंस्पेक्टर कोमल सिंह, जितेंद्र कुमार,यश बागरे सहित अन्य मौजूद थे। ट्रेन का ठहराव - फतेहपुर, गोविंदपुरी, भरुआ सुमेरपुर, रागौल, बांदा, चित्रकूटधाम कर्वी, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंगपुर, पिपरिया, इटारसी, खंडवा, भुसावल, नाशिक रोड, कल्याण एवं ठाणे रहेगा। इसमें 11 सामान्य श्रेणी के कोच, 8 स्लीपर श्रेणी कोच, 1 पैंट्र कार, 2 दिव्यांगजन लगेज व गार्ड युक्त कोच है।



## नारायण बाहेती स्टार ऑफ द लायन्स डिस्ट्रिक्ट व मल्टीपल अवार्ड से सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खण्डवा

लायन नारायण बाहेती स्टार ऑफ द डिस्ट्रिक्ट अवार्ड प्राप्त कर 23 वी बार सतत महत्वपूर्ण प्रांतीय अवार्ड प्राप्त करने वाले प्रथम लायन बने। १० वी बार बहु प्रांतीय मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट अवार्ड प्राप्त किया।यह महत्वपूर्ण सम्मान लायन्स कलब्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खण्डेलवाल व केबिनेट द्वारा वर्ष 2025-26 में किये गए सेवा कार्यो को सम्मानित करने हेतु इंदौर में आयोजित अवार्ड सेरेमनी जोश में प्रदान किये गए।नारायण बाहेती को यह सम्मान लायन्स इमेज बिल्डिंग ,नेत्रदान देहदान डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन के दायित्व में डिस्ट्रिक्ट में किये गए लायन्स इमेज बिल्डिंग,नेत्रदान, देहदान, फूड फार हंगर,स्वास्थ्य सेवाओ, मेडिकल उपकरण बैंक संचालन, शव फ्रीजर बॉक्स सेवा, फेलोशिप, लीडरशीप कार्यशाला आयोजन व प्रशासनिक कार्यो के सफल संपादन के लिए प्रदान किये गए। बहु प्रांतीय मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट अवार्ड से भी सम्मानित किया।श्री बाहेती पूर्व मे 9 बार अंतराष्ट्रीय प्रेसिडेंट सर्टिफिकेट व मेडल, 8 बार बेस्ट लायन ऑफ द रीजन अवार्ड से सम्मानित हो चुके है। 2025-26 का यह सम्मान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल खण्डेलवाल द्वारा इस वर्ष के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी ,वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राम जाट, डॉ राजेन्द्र सोडानी डिस्ट्रिक्ट केबिनेट के संजय डिंगडांग, संतोष सोनी 2025-26 के रीजन चेयरमेन राजीव मालवीय,झोन चेयरपर्सन अणिमा उबेजा,प्रेरणा दुबे,वर्तमान रीजन चेयरपर्सन संजना खत्री, लायन्स क्लब खण्डवा अध्यक्ष व वर्तमान झोन चेयरपर्सन आशा उपाध्याय, उपाध्यक्ष घनश्याम वाधवा,सचिव आदि उपस्थित थे।

## योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और गुणवत्तापूर्ण कार्यों के लिए संभागायुक्त ने दिए निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

संभागायुक्त इंदौर संभाग भास्कर लक्षकार ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागीय योजनाओं और कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाना सुनिश्चित करने को कहा।

वृंदावन ग्राम योजना की समीक्षा में कहा कि यह मुख्यमंत्री मोहन यादव की प्राथमिकता वाली योजना है, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। कृषि और उद्यानिकी विभाग को बीज वितरण से पहले गुणवत्ता परीक्षण सुनिश्चित करने और बुरहानपुर में प्राकृतिक खेती के उत्पादों को उचित मंच उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के निर्देश –**

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में स्टाफ, दवाओं की उपलब्धता, एक्सपायरी दवाओं के प्रबंधन, मरीजों को मिल रही सेवाओं, अस्पतालों में मशीनों, सिकल सेल और कुपोषण की जानकारी ली। स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने और अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का लाभ देने को कहा।

स्कूल शिक्षा और जनजातीय




कार्य विभाग को विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए संवाद कार्यक्रम आयोजित करने, पुस्तकालयों के माध्यम से पुस्तकें उपलब्ध कराने, छात्रवृत्ति, पाठ्यपुस्तक और साइकिल वितरण की जानकारी ली।

राजस्व विभाग में फार्मर आईडी, भू-अर्जन, उद्योग विभाग में उद्यम क्रांति योजना की समीक्षा की गई। कलेक्टर हर्ष सिंह ने जिले में विकसित हो रहे इंडस्ट्रियल एरिया की प्रगति बताई। पंचायत विभाग में गुणवत्तापूर्ण तालाब निर्माण, वीबी-जी राम जी और पीएम आवास योजना, मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान, राशन वितरण, नगर निगम के डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और निर्माण कार्यों की समीक्षा की। त्योहारों को देखते हुए पुलिस विभाग को सक्रियता से काम करने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त ने पंडित शिवनाथ शास्त्री शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय और चिकित्सालय का अवलोकन किया। रजिस्ट्रेशन काउंटर, औषधि वितरण, ओपीडी, पंचकर्म कक्ष, लेबर रूम, जनरल वार्ड का निरीक्षण कर सुविधाओं की जानकारी ली। महाविद्यालय में शैक्षणिक और चिकित्सकीय कार्यों पर बैठक की और परिसर में पारिजात का पौधा रोपा।

तहसील कार्यालय शाहपुर में विभिन्न कक्षों का भ्रमण कर राजस्व रिकॉर्ड, लंबित शिकायतों और प्रकरणों की जानकारी ली। लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, पोर्टल पर अद्यतन एंट्री और फाइलों के व्यवस्थित संधारण के निर्देश दिए।सुबह ऐतिहासिक स्थल कुंडी भंडारा और शाही किले का भ्रमण कर ऐतिहासिक महत्व की जानकारी ली।

# सपने देखने से ही कर्म के फल लगते हैं



केवल सपने देखना भले ही समाज को नागवार गुजरता हो, लेकिन सपनों की सीढ़ियां चढ़ लक्ष्य भेदने की बात भी उतनी ही सत्य है। स्वप्न के बीज पर ही वस्तुतः कर्म के फल लगते हैं। संसार की किसी भी बड़ी उपलब्धि का जन्म सर्वप्रथम स्वप्न रूप में ही होता है। कल्पना की आधार-भूमि पर कोई कितने ही भव्य महलों का निर्माण कर दे, पर उसका साकार रूप उसकी जिजीविषा और संघर्ष-चेतना पर ही निर्भर करता है। इस संदर्भ में किए गए शोधों में अनुसंधानकर्ताओं का मानना है कि किसी भी बडे.व्यक्तित्व और मिशन की सफलता के मूल में सुदृढ़ स्वप्नों की ही भूमिका होती है। एनर्जी ड्रीम्स : ऑफ एक्रुअलिटी नामक बेहद चर्चित किताब में लेखक माइकल मार्डर ने सपनों के महत्व को बारीकी से विश्लेषित किया है। मार्डर स्पेन की बास्क कंट्री यूनिवर्सिटी में दर्शन शास्त्र के प्रोफेसर हैं। उन्होंने अपने कई अध्ययनों से स्पष्ट किया है कि किस प्रकार सपनों को बाहरी और भीतरी ऊर्जा का विकल्प बनाकर उपलब्धि रूपी संपदा में परिवर्तित किया जा सकता है। विख्यात अमेरिकी मनोचिकित्सक डॉ स्टीफन लैबर्ज ने अपनी बहुचर्चित पुस्तक एक्सप्लोरिंग द वर्ल्ड ऑफ ल्यूसिड ड्रीमिंग में अपने विभिन्न शोधों के आधार पर यह सिद्ध किया है कि सपनों से हम न केवल अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं; अधिक आत्म-विश्वास बटोर सकते हैं; और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का विकास कर सकते हैं, बल्कि बाहरी दुनिया के साथ-साथ स्वयं को जानने तथा अपने मनपसंद लक्ष्यों को साकार करने में भी कारगर भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए मंजिल तलाशते लक्ष्योन्मुख सपने जरूर देखें।



सम्पादकीय

## प्रकृति से छेड़छाड़ !

भारत का कोई भी शहर हो या हमारे देश के निकटवर्ती देश चाहे वे पाकिस्तान या चीन क्यों न हों, प्रकृति अपनी ताकत से मानव को रूबरू कराती रहती है। तीन दिन पहले नेपाल में आयी जल प्रलय ने सचमुच नेपाल को हिला कर रख दिया। भारत को 13 साल पहले उस उत्तराखंड के केदारनाथ तबाही की याद आ गयी जब हमारे यहां भी प्रकृति ने ऐसा ही जल प्रकोप दिखाया था। इसी कड़ी में अगर हम भारत की राजधानी दिल्ली या पड़ोसी राज्यों की बात करें तो मानसून के दिनों में वर्षा अपना रौद्र रूप दिखाती है तो वह प्रशासन को सजग रहने की चेतावनी भी देती है। इसलिए सरकार को राज्य, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उपाय जरूर कर लेने चाहिए। अभी वर्ष 2000 से हर दो साल बाद कई अमरीकी और यूरोपीय संगठनों ने पर्वतीय जीवन और प्रकृति से छेड़छाड़ को लेकर अपनी रिपोर्टें जारी करनी शुरू की थीं। जिनमें प्रकृति से नदियों से, पहाड़ों से, गुफाओं से, झीलों से, समुद्र से, बर्फ के गिलेशियरों से प्रकृति के झरनों से छेड़छाड़ न करने की चेतावनी भी इन संगठनों ने समय-समय पर जारी की है। नेपाल में जो तबाही बाढ़ के पानी ने मचायी वह तिब्बत के इलाकों से आयी है जहां बर्फ के गिलेशियरों के एकदम से फट जाने से उनमें दस लाख गुना पानी एक साथ तबाही मचा गया। चीन, नेपाल सीमा पर एक नदी भोटेकोशी बहती है जिसमें तिब्बत से आयी बाढ़ का पानी मिल गया और वह तबाही मचाता चला गया। जिसमें हजारों लोगों की जान चली गयी और हजारों लापता हैं। गांव के गांव बह गये। हालांकि भारत और चीन ने मिलकर आपदा प्रबंधन कार्यों से बहुत कुछ किया है। लेकिन ये घटनाएं आज भी मानव को प्रकृति से छेड़छाड़ न करने की चेतावनी देती हैं। अमरीका और कनाडा की सीमाओं पर लियागरा फाल्स से कभी भी मानवीय छेड़छाड़ नहीं की गई तथा इसके लिए कनाडा व अमरीका की तारीफ की गई है।

अभी ब्रिटेन के एक संगठन ने उत्तराखंड और हिमाचल पर आधारित एक रिपोर्ट में कहा है कि पहाड़ों में अब अनावश्यक तोड़फोड़ के परिणाम घातक होने वाले हैं। यदा-कदा भूस्खलन की घटनाएं होती रहती हैं और मानसून के दिनों में बादलों का फटना अनेक गांव में तबाही मचा देता है। ऐसे में चाहे वह तीर्थ ?यात्री हों या पर्यटक हों सबको कीमत चुकानी पड़ती है। व्यक्तिगत रूप से मेरा मानना है कि आज की तारीख में नदियों के बहने के क्षेत्र में जब पानी गर्मियों में नहीं पहुंचता तो वहां आबादी बसने लगती है।

### जन-मन को समझे राजनीति दल

# सर्वे के संकेत और लोकतंत्र की असली कसौटी

लोकसभा चुनाव यदि आज होते हैं तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) एक बार फिर केंद्र की सत्ता में लौट सकता है। एक ताजा सर्वेक्षण में एनडीए को 326 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है, जबकि इंडिया ब्लॉक को 185 और अन्य दलों को 32 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। वोट शेयर के लिहाज से भी एनडीए को 45 प्रतिशत, इंडिया ब्लॉक को 39 प्रतिशत और अन्य दलों को 16 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान सामने आया है।



सौरभ वार्ष्णेय
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय जनता पार्टी को अकेले 261 और कांग्रेस को 106 सीटें मिलने का अनुमान इस सर्वेक्षण की राजनीतिक तस्वीर को और स्पष्ट करता है। प्रधानमंत्री पद की पहली पसंद के तौर पर नरेंद्र मोदी को 49 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिलना भी इस बात का संकेत है कि मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में मोदी की लोकप्रियता अभी चुनौतीपूर्ण स्थिति में बनी हुई है।

लेकिन किसी भी सर्वेक्षण को चुनाव का अंतिम परिणाम मान लेना लोकतंत्र की बुनियादी प्रकृति को समझने में भूल होगी। सर्वेक्षण जनता के मन की तत्काल तस्वीर प्रस्तुत करते हैं, जबकि चुनाव का वास्तविक फैसला मतदान केंद्रों पर होता है। मतदाता का रुख चुनाव की तारीख नजदीक आने तक अनेक सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और स्थानीय मुद्दों से प्रभावित हो सकता है। इसलिए इस सर्वेक्षण को सत्ता की गारंटी नहीं, बल्कि जनता के वर्तमान राजनीतिक मूड का संकेत माना जाना चाहिए।

सर्वेक्षण की एक महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी भी प्रधानमंत्री पद के लिए सबसे लोकप्रिय विकल्प बने हुए हैं। 49 प्रतिशत लोगों ने उन्हें पहली पसंद बताया, जबकि राहुल गांधी को 27 प्रतिशत और तमिलनाडु के नेता सी. जोसेफ विजय को 9 प्रतिशत समर्थन मिला। यह आंकड़ा बताता है कि विपक्ष के सामने अभी भी नेतृत्व के सवाल का समाधान पूरी मजबूती से सामने नहीं आया है। लोकतंत्र में सरकार के खिलाफ असंतोष को चुनावी समर्थन में बदलने के लिए केवल विरोध पर्याप्त नहीं होता। जनता को वैकल्पिक नेतृत्व, स्पष्ट नीतियां और भरोसेमंद राजनीतिक दृष्टि भी दिखाई देनी चाहिए।

हालांकि, मोदी सरकार के प्रति सकारात्मक राय को केवल लोकप्रियता के चश्मे से देखना भी उचित नहीं होगा। सर्वे में 51 प्रतिशत लोगों ने प्रधानमंत्री के कामकाज को अच्छा बताया है, जबकि अगस्त 2026 में एनडीए सरकार के समग्र प्रदर्शन से 50 प्रतिशत लोग संतुष्ट और 29 प्रतिशत असंतुष्ट दिखाई दिए। इसका अर्थ यह भी है कि सरकार के पक्ष में समर्थन मजबूत जरूर है, लेकिन यह सर्वसम्मति नहीं है। लगभग एक-तिहाई आबादी का असंतोष सत्ता पक्ष के लिए चेतावनी है। सरकार को यह समझना होगा कि चुनाव केवल उपलब्धियों के प्रचार से नहीं, बल्कि जनता की रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान से जीते जाते हैं।

राज्यों के आंकड़े इस तस्वीर को और दिलचस्प बनाते हैं। उत्तर प्रदेश में इंडिया ब्लॉक को 41 और एनडीए को 38 सीटें मिलने का अनुमान है। महाराष्ट्र में एनडीए को 31 और इंडिया ब्लॉक को 17 सीटें मिलने की संभावना बताई गई है, जबकि पश्चिम बंगाल में एनडीए को 35 सीटों के साथ बढ़त का अनुमान है। इससे साफ है कि राष्ट्रीय स्तर पर किसी गठबंधन की बढ़त का अर्थ यह नहीं कि हर राज्य में उसका प्रदर्शन समान होगा। भारत की राजनीति अब भी क्षेत्रीय आकांक्षाओं, जातीय समीकरणों, स्थानीय नेतृत्व और राज्य-विशिष्ट मुद्दों से गहराई से प्रभावित होती है।

सर्वेक्षण में नीति संबंधी सवालों पर जनता की राय भी बेहद महत्वपूर्ण है। एक देश, एक चुनाव के विचार को 70 प्रतिशत समर्थन मिलना यह दर्शाता है कि जनता बार-बार होने वाले चुनावों से पैदा होने वाली राजनीतिक और प्रशासनिक व्यस्तताओं से मुक्ति चाहती है। वहीं 65 प्रतिशत लोगों का दलबदल विरोधी कानून को और मजबूत करने के पक्ष में होना लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति चिंता को दर्शाता है। निर्वाचित प्रतिनिधियों का चुनाव के बाद राजनीतिक दल बदलना लंबे समय से लोकतंत्र की विश्वसनीयता के लिए चुनौती बना हुआ है। यदि जनता इस पर कठोर कानून चाहती है तो राजनीतिक दलों को भी इस मांग को गंभीरता से लेना चाहिए।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी कांड को लेकर 47 प्रतिशत लोगों द्वारा केंद्र और राज्य दोनों सरकारों पर नकारात्मक प्रभाव पड? की बात कहना भी राजनीति के लिए महत्वपूर्ण संदेश है। धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही की अपेक्षा सामान्य प्रशासनिक मामलों से कहीं अधिक होती है। ऐसे मामलों में सरकारों की प्रतिक्रिया, जांच की निष्पक्षता और दोषियों पर कार्रवाई जनता के विश्वास को प्रभावित करती है।

इस सर्वेक्षण की एक और उल्लेखनीय विशेषता इसका युवा और जेन-जी मतदाताओं के बीच राजनीतिक रुझान को सामने लाना है। नई पीढ़ी का मतदाता केवल परंपरागत राजनीतिक नारों से प्रभावित नहीं होता। उसके लिए रोजगार, शिक्षा, डिजिटल अर्थव्यवस्था, महंगाई, अवसर, पारदर्शिता और भविष्य की सुरक्षा जैसे मुद्दे अधिक महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं। यदि युवा मतदाता किसी नेता को समर्थन देता है तो उसके पीछे उसकी अपेक्षाएं भी होती हैं। इसलिए राजनीतिक दलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती युवाओं के समर्थन को केवल चुनावी आंकड़े के रूप में देखने के बजाय उनकी आकांक्षाओं को नीतियों में बदलना है।

सर्वेक्षण में 1 जुलाई से 25 अगस्त 2026 के बीच 25,184 वयस्कों की राय और पिछले 24 सप्ताह में 91,795 लोगों की राय के विश्लेषण का उल्लेख है। कुल 1,16,644 लोगों की राय के आधार पर रिपोर्ट तैयार किए जाने और 3 से 5 प्रतिशत के मार्जिन ऑफ एरर की संभावना भी बताई गई है। ऐसे में आंकड़ों को पढ़ते समय सावधानी जरूरी है। सर्वेक्षण चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, वह मतदाताओं के बदलते मन को पूरी तरह पकड़ नहीं सकता। खासकर भारत जैसे विशाल और विविध देश में स्थानीय मुद्दे अंतिम समय में चुनावी समीकरण बदल सकते हैं। विपक्ष के लिए यह सर्वेक्षण आत्ममंथन का अवसर है। यदि इंडिया ब्लॉक को राष्ट्रीय स्तर पर 185 सीटों का अनुमान मिल रहा है तो इसका अर्थ यह नहीं कि विपक्ष कमजोर हो चुका है। बल्कि यह बताता है कि उसके पास एक मजबूत आधार मौजूद है, जिसे बेहतर संगठन, साझा रणनीति और स्पष्ट नेतृत्व के जरिए विस्तार दिया जा सकता है। विपक्ष को केवल सरकार की आलोचना करने के बजाय यह बताना होगा कि सत्ता में आने पर वह रोजगार, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में क्या अलग करेगा।

## लाल रंग की बाल्टी

विकास खंड कार्यालय का वह विशाल मुख्य प्रवेश द्वार दरअसल भ्रष्टाचार की एक ऐसी अभेद्य गुफा है जहाँ घुसते ही नैतिकता का दम घुट जाता है और फाइलें मोक्ष की तलाश में वर्षों तक भटकती रहती हैं। वहाँ लगे बरगद के पेड़ के नीचे सतहत्तर साल के रामचरित बाबा रोज दोपहर बारह बजे एक ऐसे जिद्दी सत्य की तरह जम जाते थे जिसे प्रशासन की झाड़ू रोज बुहारने की कोशिश करती पर नाकाम रहती। उनके हाथों में लाल रंग की वह छोटी प्लास्टिक की खिलौना बाल्टी दरअसल हमारे तंत्र की खोखली रीढ़ का जीवंत नमूना थी जिसका पेंदा किसी ईमानदार अफसर के वादे की तरह गायब था। ब्लॉक का नया अर्दली जब भी उन्हें धूप में बैठा देखता तो पानी की बोतलों का झोला इस गर्व से संभालता जैसे वह गंगा को बोतल में बंद कर लाया हो और ठहाका लगाकर कहता कि बाबा जब इस फूटी लाल बाल्टी में एक बूंद सरकारी करुणा नहीं टिक सकती तो इसे रोज यहाँ अफसरों के जमीर की तरह क्यों सजाए बैठते हो। रामचरित बाबा अपनी धुंधली आँखों से दफ़्तर की सीढ़ियों की ओर देखते जहाँ से झूठ रेशमी लिबास पहनकर नीचे उतरता था और शांत स्वर में कहते कि बेटा यह बाल्टी केवल फूटा हुआ खिलौना नहीं है बल्कि इस पूरे जल निगम की वह सूखी हुई नियत है जो प्यास का विज्ञापन तो छपवाती है पर पानी पिलाना भूल जाती है।

दफ़्तर में टहलने वाले ठेकेदार और पंच बाबा का मजाक ऐसे उड़ाते जैसे वे खुद सत्य के सबसे बड़े अवतार हों जबकि उनकी खुद की आत्मा कागजों के दलदल में धंसी हुई थी। उन्हें लगता था कि बाबा का दिमाग सठिया चुका है क्योंकि इस तंत्र में केवल वही आदमी समझदार माना जाता है जो बहती गंगा में हाथ धोने की कला जानता हो और बाबा तो सूखी पाइपलाइन की वकालत कर रहे थे। रामचरित बाबा अपनी फटी हुई धोती से उस बाल्टी को ऐसे पोंछते मानो वह सरकारी फाइल का कोई दाग साफ कर रहे हों।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 31 अगस्त 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:12 सूर्यास्त 18:41
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - तृतीया 08:51 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - रेवती 03:24 उपरांत अश्विनी
योग - गण्ड 25:51 उपरांत वृद्धि
करण - विष्टि
चन्द्रमा - मीन में है। 27:24 पर मेष में प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 17 तारिख

**मेष-** कार्यक्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। आपके निर्णय सटीक साबित होंगे। दांपत्य जीवन में भरोसा और समझ बढ़ेगी।

**वृषभ-** कारोबारी हैं तो व्यापारिक मुनाफे में वृद्धि होगी। निवेश के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।

**मिथुन-** लव पार्टनर के साथ भरोसा मजबूत होगा। यात्रा का मन बन सकता है।

**कर्क-** आय के नए स्रोत सामने आएंगे। आर्थिक संतुलन बना रहेगा। ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे, फिर भी खानपान का ध्यान रखें।

**सिंह-** नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास कार्यक्षेत्र में आगे रखेगा। प्रमोशन के संकेत मिल रहे हैं।

**कन्या-** कारोबार में नए ग्राहकों से जुड़ाव होगा, बड़ा ऑर्डर मिलने की संभावना है। आय के योग उत्तम हैं।

**तुला-** प्रेम जीवन में उत्साह रहेगा, साथी के साथ समय बिताएंगे। संपत्ति से भी लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक-** कार्यक्षेत्र में अपनी प्राथमिकताओं को तय करें और एकाग्रता से आगे बढ़ें।

**धनु-** रियल एस्टेट या निर्माण कार्य से जुड़े व्यवसाय में लाभ होगा। पारिवारिक शांति बनी रहेगी।

**मकर-** अपनों के साथ आनंद मिलेगा। धन संचय करने में सफल रहेंगे, बेफिजूल खर्च से बचें।

**कुंभ-** कार्यस्थल पर अलग पहचान बनेगी और प्रभाव बढ़ेगा। अधिकारियों का समर्थन मिलेगा।

**मीन-** नए वेंचर या बिजनेस प्लान शुरू करने के लिए अनुकूल समय है। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6650 विशाल 6350 से 6425 डंकी चना 6000 से 6100मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7600 से 7800 महाराष्ट्र लाल 7900 से 8100 कर्नाटक 8000से 8200 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7000 से 7200 मूंग बेस्ट बोल्ड - 7400 से 7600 मीडियम बोल्ड 7300 से 7400 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9100 से 9200 उड़द गर्मी 8600 से 9000 ग्रेविटी क्लीन 9300 से 9700 हल्का उड़द 4000 से 6000काबुली डॉलर 7500 से 8900 काबुली रशियन 6200 से 6400 बिटकी 5890 से 6000सरसों निमाड़ी 8100 से 8200 रायडा 7100 से 7300 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 6700 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से 2700 लोकवन 2900 से3100 पूर्णा 2750 से 2800 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 2325 से 2350 चना दाल 7450 से 7550 मीडियम 7850 से 7950 बेस्ट 8050 से 8350 तुअर दाल 7000 से 7100 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 9600 से 9900 एक्स्ट्रा बेस्ट 10700 से 10800 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 8700 से 8800 बेस्ट 8900 से 9000 मूंग मोगर 10700 से10800 बेस्ट 10900 से 11000

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,58,300 रवा- 1,58,000 चांदी- टंच- 2,42,000 पाट- 2,41,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

व्यंग्य

## अतिथियों के लिए व्यंजन शिष्टाचार

जिव्हा रस और आनंदानुभूति का अर्थ है आनंद या भाव का जाग्रत होनो जो आनंद किसी काव्य, नाटक या साहित्य को पढ़ने, सुनने या देखने से पाठक, श्रोता या दर्शक को प्राप्त होता है, वह रस हैं। उसी प्रकार से यदि जीभ के रसास्वादन करने से जो आनंद प्राप्त होता हैं, उसे मैं जिव्हा रस ही कहूँगा। विभिन्न व्यंजनों को देखकर, सूंघकर या खाकर, लार टपकने लगे या चटोरी जीभ के चटोरेपन को असीम आनंदानुभूति प्राप्त हो सके, उसे हम जिव्हा रस कह सकते हैं। साहित्य जगत में मुख्यतः नौ रस माने गए हैं, किन्तु बाद में दसवें और ग्यारहवें क्रमशः वात्सल्य रस और भक्ति रस को जोड़ा गया हैं अब बारहवें रस की तैयारी हैं। बुद्धिजीवी साहित्यकारों से विशेष विनती करता हूँ कि मेरे द्वारा आविष्कृत बारहवें जिव्हा रस को भी स्थान प्रदान करे।



नीतिश नागर
(दैनिक अवन्तिका)

क्या लिखु मैं इस रस के बारे में, यह रस मुझे भी आनंदानुभूति देता हैं, जिव्हा रस मेरी भी कमजोरी है। सुस्वादु पकवान या व्यंजन का रसास्वादन करना मेरी भी कमजोरी हैं। हर व्यक्ति का अपना एक टेस्ट होता हैं, हर व्यक्ति का टेस्ट अलग-अलग होता हैं, उसकी पसंद अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन हर व्यक्ति की पकवानों या व्यंजनों का रसास्वादन करने की प्रकृति एक सी होती है। प्रत्येक व्यक्ति को इस रस का रसास्वादन करना आनंददायक लगता हैं।

यह रस आमोद-प्रमोद ,आनंद, उत्सव, और अन्य अवसरों को ओर अधिक सफल बनाने में अपना विशेष योगदान देता हैं प्रत्येक उत्सव या अवसर इस रस के बिना अधूरे से प्रतीत होते हैं किसी भी प्रकार का कार्यक्रम हो और आमंत्रित अतिथियों को बिना व्यंजन परोसे या बिना खिलाए वापसी, इस सभ्य समाज में असभ्यता का प्रतीक माना जाता हैं प्रत्येक आयोजन की सफलता अनगिनत सुस्वादु व्यंजनों और पकवानों के ऊपर ही टिकी रहती हैं, कई बार देखा गया हैं कि साज-सज्जा तो उच्च क्वालिटी की थी, लेकिन व्यंजनों और पकवानों का सुस्वादु न होना, बिल्कुल ऊँची दुकान फीके पकवान जैसा लगने लगता हैं। लोगों को उस विषय में बात करने का अवसर देने जैसा लगता हैं कि रसोई अच्छी थी या बुरी थी। ये चर्चा जैसे नमक, मिर्च, मसाला, खट्टा और मीठा सभी स्तर पर होती हैं, उनका कम या ज्यादा होने पर होती हैं, और यह कमी यदि रह गई तो आपकी सब मेहनत व्यर्थ, तब तो इस रस का बिल्कुल नीरस होना तय हैं फिर चाहे आपने कितनी ही मेहनत कर पसीना बहाया हो, कितना ही रुपया-पैसा पानी की तरह क्यों न बहाया हो सब व्यर्थ हो जाता हैं, जब तक कि आपको अतिथियों द्वारा सफल आयोजन का सर्टिफिकेट नहीं मिल जाता हैं अवसर कोई भी हो, चाहे वह एक छोटी सी मीटिंग ही क्यों न हो, आमंत्रित अतिथियों को व्यंजन परोसकर, चटोरी जीभ को शांत करना एक शिष्टाचार की श्रेणी में आता हैं यदि आयोजनकर्ता द्वारा जिव्हा रस का जाग्रत स्थायी भाव शांत नहीं किया जाता हैं तो वह आयोजक इस सभ्य समाज में निंदा का पात्र बनकर रह जाता हैं उसे एक छोटा-मोटा रिसेप्शन नाम का वातावरण निर्मित करना ही होता हैं, यहाँ रिसेप्शन से मतलब स्नेह भोज से हैं महंगे से महंगे गार्डन को किराये पर लेकर, स्टॉलों पर स्वादिष्ट व्यंजनों को सजाकर रखना ही होता हैं, जिससे आने वाले मेहमानों को उन व्यंजनों का रसास्वादन करने की परम आनंदानुभूति और जीभ को संतुष्टि प्राप्त हो सके आयोजन की सफलता तभी हैं जब आमंत्रित अतिथि स्टॉलों पर रखे व्यंजनों को चटखारे लेकर खाये, जीभ द्वारा रसास्वादन करे जिससे उनकी आनंदानुभूति हो सके ठीक उसी प्रकार जब इंजन ऑयल उत्तम गुणवत्ता का होगा तो गाड़ी दुआ देगी, नहीं तो धुँआ देगी। धुँआ भी इतना होगा कि आपके मुँह पर उसकी कालिख लगना तय हैं। इतनी मशक्कत के बाद अतिथियों द्वारा कार्यक्रम की सफलता का सर्टिफिकेट दिया जाता हैं।

# स्वच्छता को केवल घर तक सीमित न रखे हम लोग

हम अपने घर को साफ रखने के महत्व से अवगत हैं, लेकिन जैसे ही हम अपने घर से बाहर निकलते हैं, हमारी जिम्मेदारी की भावना गायब हो जाती है। कई लोगों को घरेलू सामान सड़क के किनारे, नाले में, खाली जगह पर या सार्वजनिक स्थानों पर फेंकने की आदत पड़ गई है। प्लास्टिक बैग, पॉलिथीन, सब्जियों के छिलके, फलों के अवशेष और बचा हुआ खाना नियमित रूप से खुले में फेंक दिया जाता है। लेकिन लापरवाही का यह मामूली सा काम धीरे-धीरे लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन रहा है।



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

खुले में कूड़ा फेंकने से वह सड़ने लगता है और दुर्गंध आने लगती है। समस्या केवल 'असुविधा' की नहीं है। कचरे के जमाव से गंदगी फैलती है और मक्खियाँ, मच्छर, आवारा जानवर और अन्य कीट आकर्षित होते हैं। प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पदार्थ नालियों को जाम कर सकते हैं जिससे बरसात के मौसम में पानी जमा हो जाता है। पानी के बहाव में कमी से मच्छरों के पनपने के स्थान बन जाते हैं और बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। यदि कोई एक व्यक्ति लापरवाही बरतता रहता है, तो यह पूरे मोहल्ले के लिए स्वास्थ्य समस्या बन सकता है।

सबसे बुरी बात यह है कि समाज के लोग इसे एक सामान्य बात समझने लगे हैं। हम सड़क किनारे कचरे के ढेर देखते हैं, कुछ पल के लिए नाक ढक लेते हैं और आगे बढ़ जाते हैं। बहुत कम लोग सोचते हैं कि यह कचरा कहाँ से आता है। वास्तव में, हर कचरे के पीछे किसी न किसी की सुविधा और लापरवाही होती है। अगर कोई व्यक्ति अपने घर में कभी कचरा नहीं डालता, तो वह उसे घर के बाहर कूड़ेदान में क्यों नहीं डालता? जब हम अपने घरों से दूर होते हैं तो सड़कें कूड़ेदान क्यों बन जाती हैं? यह सिर्फ स्वच्छता से कहीं बढ़कर है झ यह नागरिक कर्तव्य और सामाजिक आचरण का मामला है।

प्लास्टिक और पॉलीथीन के इस्तेमाल से स्थिति और भी गंभीर हो गई है। प्लास्टिक आसानी से नष्ट नहीं होता और लंबे समय तक पर्यावरण में बना रहता है। अगर इसे यूं ही फेंक दिया जाए, तो यह नालियों को जाम कर सकता है और पानी के बहाव को रोक सकता है। प्लास्टिक की थैलियों में बचा जैविक कचरा सड़ता रहता है और दुर्गंध फैलाता है, जिससे अस्वच्छता पैदा होती है। आवारा जानवर भी प्लास्टिक खा सकते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। इसलिए, प्लास्टिक का अंधाधुंध और लापरवाही से निपटान समाज, जानवरों और पर्यावरण को प्रदूषित करता है।

कचरे और बीमारियों के बीच संबंध में धारणा और वास्तविकता में कोई अंतर नहीं है। खुले कूड़ेदानों में मक्खियाँ और अन्य परजीवी जमा हो जाते हैं, जो बीमारियाँ फैलाते हैं। जमा हुआ और ठहरा हुआ पानी मच्छरों के प्रजनन का स्थान बन सकता है। अनियंत्रित कचरे से कम दूरी पर स्थित घरों में संक्रमण और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा अधिक हो सकता है। इस मानसून के मौसम में स्थिति और भी खराब हो सकती है, क्योंकि बारिश के मौसम में कचरा और दूषित पदार्थ आसपास के इलाकों में फैल सकते हैं।

लेकिन यह कहना सही नहीं होगा कि समस्या केवल नगरपालिकाओं की है। स्थानीय सरकारें समुदाय को निम्नलिखित सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं: कूड़ा संग्रहण, अपशिष्ट निपटान, नालियों का रखरखाव और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता। साथ ही, इस प्रक्रिया में नागरिकों की भी उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्हें अपशिष्ट निपटान करते समय ज़िम्मेदार होना चाहिए, कूड़ा नहीं फैलाना चाहिए, प्लास्टिक का अनावश्यक उपयोग सीमित करना चाहिए और गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करना चाहिए।

धर्म-आस्था

# कैसा बताया गया है शास्त्रों और पुराणों में अमृत का स्वाद?

शास्त्रों और पुराणों में अमृत और विष के बारे में बताया जाता है। अमृत वह है जिसे पीकर देवताओं को अमरता मिलती है। विष प्राण घातक होते हैं, इसलिए इसे शिवजी ने अपने कंठ में धारण किया। जब विष की बात आती है, तो यह कल्पना करना आसान होता है कि विष का स्वाद कड़वा और जलन देने वाला होगा। लेकिन जब अमृत की बात होती है, तो उसके स्वाद की कल्पना मुश्किल होती है। इस कारण इस बात की जिज्ञासा होती है कि आखिर अमृत का स्वाद कैसा होता होगा। क्या यह मीठा होता होगा या फिर इसका स्वाद ऐसा होगा, जैसा किसी ने कभी सोचा भी ना हो? अमृत सोचकर ही लगता है कि जीवन देने वाला यह रस शायद दुनिया में सबसे स्वादिष्ट होता होगा। अब इन सवालों का जवाब तो उन्हीं शास्त्रों और पुराणों से मिल सकता है, जिसमें अमृत का उल्लेख मिलता है। तो, चलिए जानते हैं कि ये शास्त्र अमृत के स्वाद के बारे में क्या कहते हैं...अमृत के बारे में पुराणों और शास्त्रों में व्याख्या

पौराणिक कथाओं में अमृत (अमृतरस) का वर्णन मुख्य रूप से अमरत्व, दिव्य शक्ति और आध्यात्मिक आनंद के प्रतीक के रूप में मिलता है। किसी प्रमुख वैदिक या पौराणिक ग्रंथ में अमृत के स्वाद का विस्तृत, प्रत्यक्ष वर्णन नहीं मिलता कि वह मीठा, खट्टा या किसी विशेष फल जैसा था। इसके बजाय अमृत के गुणों और प्रभावों पर अधिक जोर दिया गया है। भागवत पुराण, विष्णु पुराण और महाभारत के अनुसार समुद्र मंथन से



14 रत्नों के साथ अमृत कलश प्रकट हुआ। इन पुराणों में यह तो बताया गया है कि अमृत का सेवन करने वाला देवता रोग, बुढ़ापा और मृत्यु से मुक्त हो जाता था, लेकिन इन ग्रंथों में भी अमृत के स्वाद का स्पष्ट वर्णन नहीं मिलता। ऋग्वेद में 'अमृत' शब्द का प्रयोग कई स्थानों पर अमरत्व, देवत्व और दिव्य आनंद के अर्थ में हुआ है। यहां अमृत किसी पेय पदार्थ से अधिक दैवीय चेतना का प्रतीक है।

वैदिक साहित्य में 'सोम' का उल्लेख मिलता है, लेकिन अधिकांश विद्वान मानते हैं कि सोम और समुद्र मंथन का अमृत एक ही वस्तु नहीं हैं। कुछ लोग दोनों को एक मान लेते हैं, जबकि शास्त्रों में दोनों का संदर्भ अलग-अलग मिलता है। आयुर्वेद में गुडूची (गिलोय) को 'अमृता' कहा गया है क्योंकि इसे शरीर को बल और रोग प्रतिरोधक क्षमता देने वाली औषधि माना गया है। यहां भी 'अमृत' का अर्थ जीवनदायिनी गुणों से है, स्वाद से नहीं।

शास्त्रों में ऐसा कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता कि अमृत का स्वाद शहद, दूध, चीनी या किसी अन्य पदार्थ जैसा था। हालांकि, कुछ उत्तरकालीन ग्रंथों, भक्तिकाव्य और लोककथाओं में अमृत को 'मधुर', 'मधु के समान', 'दिव्य रस' या 'अतुलनीय स्वाद वाला' कहा गया है। योग, उपनिषद और तंत्र परंपराओं में 'अमृत' का एक आंतरिक अर्थ भी मिलता है। ध्यान की उच्च अवस्था में प्राप्त होने वाले परमानंद को कई बार 'अमृतरस' कहा गया है। यहां इसका अर्थ जीभ से चखे जाने वाले स्वाद से नहीं, बल्कि आत्मिक आनंद से है। गुरु ग्रंथ साहिब में गुरु की वाणी को अमृत के समान कहा गया है। बताया गया है कि इसका स्वाद मधुर है और यह आत्मा को आनंद देता है। अमृत रस को ईश्वर के नाम के साथ जोड़ा गया है, जिसे चखने से मन और तन में शांति आती है। गुरु ग्रंथ साहिब में यह भी कहा गया है कि ईश्वर के नाम का अमृत रस चखने पर यह गन्ने के रस की तरह मीठा लगता है। यह रस केवल गुरु की कृपा से प्राप्त होता है और आत्मा को आनंद व मोक्ष की ओर ले जाता है। कहने का अर्थ है कि अमृत पीकर अमर हो जाना एक प्रतीकात्मक अर्थ लिए हुए है और अमृत एक ऐसा रस है, जिसे कोई भी चेतन आत्मा चख सकती है।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

# अतिथि शिक्षकों ने निकाली अपनी ही अर्थी

## समस्याओं के निराकरण हेतु सरकार से स्थायी नीति बनाने की माँग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



शाजापुर में अतिथि शिक्षक संघ ने रविवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने अपनी ही प्रतीकात्मक अर्थी बनाकर शहर में यात्रा निकाली और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

यह यात्रा दोपहर करीब 12 बजे बेरछा स्थित कृषि उपज मंडी से शुरू हुई। महुपुरा, किला रोड, छोटा चौक, आजाद चौक, नई सड़क और बस स्टैंड होते हुए यह जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंची। यहां अतिथि शिक्षकों ने प्रतीकात्मक रूप से अर्थी का दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

अतिथि शिक्षक संघ ने शासन से अतिथि शिक्षकों के लिए शीघ्र स्थायी नीति बनाने और उनकी लंबित समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। संघ का कहना है कि प्रदेश के अतिथि शिक्षक पिछले 18 वर्षों से अल्प मानदेय पर सेवाएं दे रहे हैं।

संघ के अनुसार, वर्षों की सेवा के बावजूद उन्हें सीधी भर्ती, प्रमोशन, ट्रांसफर और शासन की विभिन्न नीतियों के कारण अक्सर बेरोजगारी का सामना करना पड़ता है। संघ के जिला अध्यक्ष आशीष शर्मा ने बताया कि अतिथि शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं। कई शिक्षक 70 से 80 किलोमीटर दूर जाकर भी नियमित रूप से अध्यापन कार्य कर रहे हैं।

इसके बावजूद उन्हें समान कार्य के लिए समान वेतन सहित अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। साथ ही, कई बार मानदेय का भुगतान भी समय पर नहीं होता। संघ ने मांग की है कि अतिथि शिक्षकों के पद स्थायी किए जाएं, उनका सेवाकाल 12 माह का किया जाए और समान कार्य के लिए समान वेतन लागू किया जाए।

शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि 5 सितंबर, शिक्षक दिवस से पहले उनकी मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेशभर के अतिथि शिक्षक भोपाल में आंदोलन करेंगे। उन्होंने रोशनपुरा चौराहे से मुख्यमंत्री निवास तक तिरंगा यात्रा निकालकर सीएम हाउस के बाहर धरना-प्रदर्शन और आमरण अनशन करने की बात कही। प्रदर्शन के दौरान मरता अतिथि शिक्षक, तमाशा देखती सरकार, मोहन यादव होश में आओ और शिक्षा मंत्री होश में आओ जैसे नारे लगाए गए।



### पैर फिसलने से कुएं में गिरी महिला की मौत

**देवास।** विजयागंज मंडी थाना क्षेत्र के भानोली गांव में खेत पर काम करते समय 22 वर्षीय महिला की कुएं में डूबने से मौत हो गई। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शनिवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान मनीषा पति भारत के रूप में हुई है। मनीषा अपने परिजनों के साथ खेत पर काम कर रही थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह खेत में बने कुएं में गिर गई। मनीषा को तैरना नहीं आता था। खेत पर मौजूद अन्य लोगों को भी तैरना नहीं आता था। इस वजह से उसे तुरंत कुएं से बाहर निकालने में परेशानी हुई। मदद के लिए लोगों को बुलाए जाने तक महिला कुएं में डूब चुकी थी। परिजन और ग्रामीण मनीषा को कुएं से बाहर निकालकर जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विजयागंज मंडी थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि जांच में पैर फिसलने के कारण महिला के कुएं में गिरने की बात सामने आई है। मामले की जांच की जा रही है।

### पुष्टिमार्ग के प्राकट्य उत्सव में ठाकुरजी को धराया पवित्रा

**आगर मालवा।** आगर मालवोअंतरराष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद की स्थानीय शाखा द्वारा सत्यनारायण गली स्थित अस्तल मंदिर में पुष्टिमार्ग का प्राकट्य उत्सव मनाया गया। इस दौरान भक्तों ने भगवान श्री ठाकुरजी की पूजा-अर्चना कर पवित्रा धराया और गुरु का पूजन किया। परिषद के सचिव प्रमोद जोशी ने बताया कि श्रावण शुक्ल एकादशी की मध्यरात्रि को स्वयं ठाकुरजी ने प्रकट होकर श्री महाप्रभुजी को दैवी जीवों को ब्रह्म-संबंध देने की आज्ञा दी थी। इसके बाद श्रावण शुक्ल द्वादशी के दिन श्रीवल्लभ ने सर्वप्रथम वैष्णव दामोदर दास हरसानी को ब्रह्म-संबंध प्रदान किया। इसी कारण इस दिन को पुष्टिमार्ग के स्थापना एवं समर्पण दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि पुष्टिमार्ग में गुरु के रूप में महाप्रभुजी की विशेष मान्यता है। जिस प्रकार हिंदू धर्म की अन्य परंपराओं में आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के रूप में गुरु पूजन किया जाता है, उसी प्रकार पुष्टिमार्गीय वैष्णव इस दिन गुरु का पूजन करते हैं। पवित्रा को वर्षभर की सेवा का प्रतीक माना जाता है।

### सेवानिवृत्त शिक्षक कमल कुमार वैश्य को दी श्रद्धांजलि

**शुजालपुर।** शहर स्थित बीटीआई कॉलोनी के विद्यालय में लम्बे समय तक सेवाएं देने वाले तथा रेड रोज स्कूल के संस्थापक एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय कमल कुमार वैश्य का गत दिवस निधन हो गया। उनके द्वारा पढ़ाए गए कई छात्र-छात्राएं आज देश में विभिन्न पदों पर सेवाएं दे रहे है। उनके निधन की सूचना से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। वे प्रशांत कुमार वैश्य, आशीष कुमार वैश्य एवं सपन कुमार वैश्य के पिता थे। वैश्य ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए रेड रोज स्कूल की स्थापना की थी। उनके निधन पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, कांग्रेस नेता महेन्द्र जोशी सहित शिक्षाजगत, सामाजिक संगठनों एवं नगरवासियों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

पीपलकोटा में 8 दुकानों के ताले टूटे, बाइक भी चोरी

## सीसीटीवी फुटेज में 3 संदिग्ध दिखे, व्यापारियों ने की गश्त बढ़ाने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव



सतवास थाना क्षेत्र के पीपलकोटा गांव में बीती रात चोरों ने 7-8 दुकानों को निशाना बनाया। चोरों ने दुकानों के शटर और ताले तोड़कर नकदी व अन्य सामान चुरा लिया। इस दौरान एक बाइक भी चोरी हुई, जिसे बाद में गांव के बाहर एक खेत से लावारिस हालत में बरामद कर लिया गया। इस घटना से स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश है।

यह वारदात देर रात करीब ढाई बजे हुई। चोरों ने किराना, मेडिकल और हार्डवेयर सहित विभिन्न प्रकार की दुकानों को निशाना बनाया। चोरी हुई कुल नकदी का स्पष्ट आंकड़ा अभी सामने नहीं आया है। पुलिस के अनुसार, अधिकतर दुकानदार दिनभर की बिक्री की राशि दुकान बंद करते समय अपने साथ ले जाते हैं।

**व्यापारियों ने बंद रखा बाजार**

घटना के विरोध में व्यापारियों ने करीब दो घंटे तक बाजार बंद रखा। इसके बाद बड़ी संख्या में व्यापारी और ग्रामीण सतवास थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और क्षेत्र में नियमित रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की।

### बाइक खेत से बरामद

सतवास थाना प्रभारी (टीआई) आशीष पाल ने बताया कि लगभग 7-8 दुकानों के ताले तोड़े गए हैं। चोरी हुई नकदी की राशि का आकलन किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज में तीन संदिग्ध व्यक्ति नजर आए हैं। चोरी हुई बाइक गांव के बाहर खेत से बरामद कर ली गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

## आगर में ट्रक ने गोवंश को टक्कर मारी: 6 की मौत

उज्जैन-झालावाड़ हाईवे पर हादसा; ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



आगर-मालवा में उज्जैन-झालावाड़ नेशनल हाईवे पर रविवार को तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर खड़ी गायों को टक्कर मार दी। हादसे में छह गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई। और आधा दर्जन गायें गंभीर रूप से घायल हो गईं।

हादसे के बाद ग्रामीणों ने हाईवे पर चक्का जाम कर दिया, जिससे सड़क पर जाम जैसे हालत बन गए। जानकारी मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीएसपी मोतीलाल कुशवाहा और थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की।

### बैरिकेडिंग की मांग

ग्रामीणों ने हाईवे पर गोवंश की सुरक्षा के लिए स्थायी व्यवस्था करने की मांग की। सड़क पर बैरिकेडिंग लगाने और गोवंश को सड़क से हटाने के लिए लोगो की तैनाती की मांग की।

### ट्रक चालक गिरफ्तार

अधिकारियों के आश्वासन के बाद चक्का जाम खतम हुआ। हादसे में घायल गोवंश का इलाज कराया गया। सीएसपी कुशवाहा ने बताया कि ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

शाजापुर से देशभर में जेईई-नीट की निःशुल्क तैयारी शुरू

## प्रतिभा खोज परीक्षा में 6,500 छात्रों ने कराया पंजीयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



भारत में शिक्षा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले से एक नई पहल की शुरूआत की गई है। उच्च एवं स्कूल शिक्षा विभाग,मध्यप्रदेश शासन तथा अखिल भारतीय प्रतिभा उत्थान अभियान के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित की जा रही है।

इसे देशभर में निशुल्क जेईई-नीट और फाउंडेशन तैयारी के मॉडल का पायलट प्रोजेक्ट बताया जा रहा है।इस पहल का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आर्थिक बाधाओं के बिना गुणवत्तापूर्ण प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी का अवसर उपलब्ध कराना है।

रविवार को शाजापुर जिले के शाजापुर, शुजालपुर और कालापीपल ब्लॉक में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिले के तीनों ब्लॉकों से करीब 6,500विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है।परीक्षा के माध्यम से प्रत्येक ब्लॉक से 200 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।इस तरह कुल 600 विद्यार्थियों को चयनित कर आगे की निशुल्क तैयारी से जोड़ा जाएगा।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय शाजापुर में पदस्थ प्रो.प्रकाश बर्फा ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को खएए और ठएएळ जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।खास बात यह है कि विद्यार्थियों को तैयारी के लिए कोटा,दिल्ली या अन्य बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं होगी।उन्हें शाजापुर में ही उच्चस्तरीय फैकल्टी से मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की योजना है।

टेक्निकल आर्किटेक्ट कृष्णकांत अग्रवाल के अनुसार,इस पहल में हिंदी माध्यम सहित विद्यार्थियों की भाषा के अनुरूप अध्ययन सामग्री और कक्षाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके लिए पावर्ड लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया गया है।प्लेटफॉर्म पर विद्यार्थियों को लाइव और रिकॉर्डेड क्लासेस के साथ टेस्ट सीरीज उपलब्ध होगी।अकसिस्टम प्रत्येक विद्यार्थी के प्रदर्शन का विश्लेषण कर उसकी कमजोरियों को चिन्हित करेगा और उसी के अनुसार आगे की पढ़ाई के लिए मार्गदर्शन देगा।

इस योजना में विशेष रूप से दोनो सरकारी व अशासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को चिन्हित कर उन्हें मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। यह कक्षाएं 5 सितंबर शिक्षक दिवस से प्रारंभ होगी।आयोजकों का लक्ष्य शाजापुर से शुरू किए गए इस मॉडल को भविष्य में देश के 500 से अधिक जिलों तक पहुंचाना है,ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी उच्चस्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का समान अवसर मिल सके।

### खजूरी सरपंच को टक्कर मारने वाला ट्रक और चालक पकड़ा: नंबर प्लेट पर ग्रीस लगाकर छिपाया था नंबर

**आगर-मालवा।** सुसनेर के निपानिया जोड़ पर एक व्यक्ति को टक्कर मारकर फरार हुए ट्रक और उसके चालक को पुलिस ने शनिवार दोपहर बकानी से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। दोनों को आगे की पूछताछ के लिए सुसनेर थाने लाया गया है। घटना 23 अगस्त रविवार शाम की है। सरपंच विक्रम सिंह परमार सुसनेर से इंदौर-कोटा नेशनल हाईवे पर अपनी बुलेट बाइक से निपानिया जोड़ पहुंचे थे। पेट्रोल पंप के सामने एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया था। इसके बाद पुलिस ने ट्रक की तलाश शुरू की। पुलिस और ग्रामीणों की लगातार तलाश के बाद शनिवार दोपहर करीब 2 बजे ट्रक को चालक सहित बकानी थाना क्षेत्र से पकड़ा। हादसे के बाद ट्रक की पहचान छिपाने के लिए उसकी नंबर प्लेट पर ग्रीस लगा दिया गया था। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर नंबर प्लेट की जांच की। सुसनेर थाना प्रभारी अनिल मालवीय ने बताया कि ट्रक और उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस इस बात की भी पड़ताल कर



### बीकेएसएन महाविद्यालय में किया विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. वर्मा ने औचक निरीक्षण

**शाजापुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज, शाजापुर में उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. योगेन्द्र वर्मा ने जन विश्वास अभियान के तहत औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. वर्मा ने पूरे महाविद्यालय परिसर, कक्षाएं, प्रायोगिक लैब, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए। साथ ही डॉ. वर्मा ने लेखा शाखा के विभिन्न रजिस्टर, स्थापना शाखा के आवक-जावक रजिस्टर, सर्विस बुक, प्राध्यापकों की सार्थक उपस्थिति, उपस्थिति रजिस्टर, दैनिक टीचर डायरी आदि का भी गंभीरता से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के.तिवारी एवं डॉ. अरूण कुमार बोडाने आईक्यूएससी समन्वयक उपस्थित रहे।

### मोलियाखेड़ी में बिना पंजीयन चल रहा निजी क्लीनिक सील करने के निर्देश



**आगर-मालवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में संचालित जनविश्वास अभियान के तहत शनिवार को कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने ग्राम मोलिया खेड़ी का निरीक्षण किया। इस दौरान बिना वैध पंजीयन के संचालित निजी क्लीनिक मिलने पर कलेक्टर ने सख्ती दिखाई और उसे तत्काल सील करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सबसे पहले ग्राम की शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचे। यहां उन्होंने पीडीएस सामग्री के वितरण, उपलब्ध स्टॉक और संबंधित रिकॉर्ड की जांच की। इसके बाद गांव में संचालित निजी क्लीनिक का निरीक्षण किया। क्लीनिक में एके विश्वास द्वारा महिला मरीज भावना का उपचार किया जा रहा था। कलेक्टर ने चिकित्सक से क्लीनिक का पंजीयन प्रमाण पत्र मांगा, लेकिन कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। क्लीनिक में भी पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदर्शित नहीं मिला। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर डॉ. मीना ने इसे जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ माना। उन्होंने तत्काल तहसीलदार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को क्लीनिक सील करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### अच्छी बारिश, की कामना के साथ मनाया भुजरिया पर्व

**आगर-मालवा।** अच्छी बारिश, खेतों में अच्छी फसल, क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर शनिवार को रक्षाबंधन के दूसरे दिन भुजरिया पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। नगर में जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बाद में जलस्त्रोतों पर पहुंचकर भुजरिया का विसर्जन किया गया। जुलूस के दौरान युवाओं की टोलियां डांडिया खेलते हुए चल रही थी। पर्व को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया। भुजरिया पर्व मुख्य रूप से बुंदेलखंड का लोकपर्व माना जाता है। इसे कजली पर्व भी कहा जाता है। मान्यता के अनुसार यह पर्व अच्छी बारिश, बेहतर फसल, परिवार व क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना के लिए मनाया जाता है। परंपरा के अनुसार सावन महीने की अष्टमी व नवमी को छोटी-छोटी बांस की टोकरियों में मिट्टी की तह बिछाकर गेहूं या जौ के दाने बोए जाते हैं। इसके बाद प्रतिदिन इन टोकरियों में पानी दिया जाता है। सावन के दौरान भुजरिया को झूला देने की परंपरा भी है।

### निर्माणाधीन मकान से सामग्री चोरी

**देवास।** देवास के कॉलानी बाग में निमार्णाधीन मकान से करीब एक लाख रुपए का सामान चोरी हो गया। घटना रक्षाबंधन की छुट्टी के दौरान हुई। मकान में फर्नीचर का काम चल रहा था। शुक्रवार को छुट्टी के कारण मजदूर काम पर नहीं आए थे। मकान मालिक संजय पटेल भी परिवार के साथ बाहर गए थे। शनिवार सुबह मजदूर काम पर पहुंचे। दूसरी मंजिल पर फर्नीचर का सामान बिखरा मिला।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

झारडा, बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ, रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें
दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार शहजाद पटेल पिता शोकत पटेल जाति नायता निवासी ग्राम उमरिया तहसील बडनगर ने अजहरउद्दीन पिता जमील उद्दीन जाति मुसलमान, निवासी 9-ए विक्रमादित्य मार्ग शाहजलालपुरा बडनगर से उनकी मालके आधिपत्य एंव स्वामित्व का एक भूखण्ड स्थित ग्राम बरगाडी तहसील बडनगर मे जिसकी लम्बाई बरूख उत्तर दक्षिण 45 फिट एंव चोडाई बरूख पूर्व पश्चिम 15 फिट है । उक्त वर्णित भूखण्ड भूमि सर्वे कं0 361/1/1/1/1/1/1 रकबा 0.314 मे से स्थित है, को कय करने का सोदा तय कर अनुबंध पत्र निष्पादित किया है तथा विक्रय मूल्य मे से आंशिक विक्रय मूल्य भी मेरे पक्षकार ने उक्त अनुबंधकर्ता को अदा कर दिया है । तथा केवल विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना शेष रहा है। यदि उक्त विक्रयशुदा भूखण्ड के संबंध मे या विकय व्यवहार के संबंध मे किसी भी व्यक्ति या संस्था, बैंक, शासकीय एंव अर्धशसकीय संस्था या किसी भी अन्य व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड में कोई स्वत्व या हित या अधिकार हो या उक्त भूखण्ड पर कोई ऋण या कर्ज या भार इत्यादि बाकी हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर प्रमाण सहित आपत्ति मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करे । बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार उक्त भूखण्ड का विक्रयपत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लेवेगे । तथा मियाद गुजरने के बाद कोई भी आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हो । दिनांक :- 31/08/2026

**शाहिद बेग, एडव्होकेट,**
**शाहजलालपुरा, बडनगर जिला उज्जैन**
**मोबा-98266-00267, 79994-00428**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार शमशाद पिता हाजी शरीफ पटेल जाति नायता निवासी ग्राम गुणावद तहसील व जिला धार ने 1- आन्नद राठोड, पिता ईश्वरलाल राठोड जाति तेली निवासी भगतसिंहपथ बड़नगर, 2- दीपक राठोड पिता रमेशचन्द्र राठोड़ जाति तेली निवासी कबीरपथ बडनगर, 3- दीपक शर्मा पिता कमलकान्द शर्मा जाति बाह्मण निवासी बंगरेड तहसील बडनगर से उनकी मालकी आधिपत्य एंव स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे क्र0 7/1/1 रकबा 1.18 में से रकबा 0.94 हैक्टर भूमि, बरूख दक्षिण दिशा की भूमि स्थित ग्राम जान्दला तहसील बड़नगर को क्रय करने का सोदा तय कर अनुबंध पत्र निष्पादित किया है तथा विक्रय मूल्य में से आंशिक विक्रय मूल्य भी मेरे पक्षकार ने उक्त अनुबंधकर्ता को अदा कर दिया है । तथा केवल विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना शेष रहा है । यदि उक्त विक्रयशुदा भूमि के संबंध में या विक्रय व्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था, बैंक, शासकीय एंव अर्धशसकीय संस्था या किसी भी अन्य व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि में कोई स्वत्व या हित या अधिकार हो या उक्त भूमि पर कोई ऋण या कर्ज या भार इत्यादि बाकी हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर प्रमाण सहित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रयपत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लेवेगे। तथा मियाद गुजरने के बाद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी । सूचित हो । दिनांक :- 31/08/2026

**शाहिद बेग, एडव्होकेट,**
**शाहजलालपुरा, बडनगर जिला उज्जैन**
**मोबा-98266-00267, 79994-00428**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार मेहबुबखान पिता छीतु जाति मुसलमान निवासी ग्राम जलोदियापार तहसील देपालपुर जिला इन्दोर ने 1-नरगीसबी पति आबिदउद्दीन जाति मुसलमान निवासी ग्राम लिखोदा तहसील बड़नगर 2-रशीद उद्दीन पिता नसीरउद्दीन जाति मुसलमान निवासी ग्राम लिखोदा तहसील बड़नगर से उनकी मालकी आधिपत्य एवं स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे क्र. 241 रकबा 1.00 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम लिखोदा तहसील बड़नगर को क्रय करने का सौदा तय कर अनुबंध पत्र निष्पादित किया है तथा विक्रय मूल्य में से आंशिक विकय मूल्य भी मेरे पक्षकार ने उक्त अनुबंधकर्ता को अदा कर दिया है । तथा केवल विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना शेष रहा है । यदि उक्त विक्रयशुदा भूमि के संबंध में या विक्रय व्यवहार के संबंध मे किसी भी व्यक्ति या संस्था, बैंक, शासकीय एंव अर्धशसकीय संस्था या किसी भी अन्य व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि मे कोई स्वत्व या हित या अधिकार हो या उक्त भूमि पर कोई ऋण या कर्ज या भार इत्यादि बाकी हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर प्रमाण सहित आपत्ति मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करे। बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रयपत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लेवेगे। तथा मियाद गुजरने के बाद कोई भी आपत्ति मान्य नही की जावेगी । सूचित हो । दिनांक :- 31/08/2026

**शाहिद बेग, एडव्हीकेट,**
**शाहजलालपुरा, बडनगर जिला उज्जैन**
**मोबा-98266-00267, 79994-00428**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी सोजान बाई पति श्री मांगू सिंह, रेखा बाई पति मदन सिंह समस्त जाति सोंधिया निवासी व कृषक ग्राम बिरमखेड़ी तहसील घटिया जिला उज्जैन म0प्र0 ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 61/2 रकबा 0.40 हेक्टर,सर्वे नम्बर 62/1 रकबा 0.28 हेक्टर, सर्वे नम्बर 62/2 रकबा 0.68 हेक्टर,भूमि कुल किता 03 कुल रकबा 1.36 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम बिरमखेड़ी तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा चिट्ठी किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।
इति दिनांक - 27-08-2026

**राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड ऑफिस नम्बर 07 ग्राम घट्टिया**
**तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो.नं-8719997462, 9584898788**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता विष्णु पिता गोरधनलालजी माली निवासी बड़नगर जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कस्बा बड़नगर जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे नं० 1233, 1418, 1419, 1420, 1421, 1422, 1423/1, 1424/1/1/1, 1424/1/1/2, 1426, 1427, 1430, 1431/1, 1433, 143/1/1 कुल रकबा 1.3780 है० को क्रय करने का सोदा तय कर लिया है तथा बयाना राशी भी मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता विष्णु पिता गोरध निलालजी को अदा कर दी है। तथा अतिशीघ्र ही मेरा पक्षकार, विक्रेता से उपरोक्त वर्णित सर्वे नम्बरान की कृषि भूमि मय मकान का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित एवं निष्पादित करवा रहा है। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उपरोक्त वर्णित सर्वे नम्बरान की कृषि भूमि के स्वत्व अथवा कब्जे के सम्बंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती अथवा भार आदि हो तो उक्त व्यक्ति अथवा संस्था, विज्ञप्ति प्रकाशन से 07 दिवस की अवधी में मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें अन्यथा अवधी पश्चात की गई की गई आपत्ती अमान्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। तथा मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा।

अतः एतद् जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त वर्णित सर्वे नम्बरान की कृषि भूमि के सम्बंध में कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था विक्रेता से किसी भी प्रकार का कोई व्यवहार न करे तथा यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ती अथवा भार हो तो मय दस्तावेज वह विज्ञप्ति प्रकशन से 07 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय आकर आपत्ति प्रस्तुति करें अवधी पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होकर मेरे पक्षकर पर बंधनकारी नही होगी। तथा मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा।

**अम्बर स्वर्णकार एडवोकेट**
**जूना शहर बड़नगर जिला उज्जैन मोबा 9575214746**

## न्यूज-कॉलम

### प्रेरणापरक साहित्य पर हुई सार्थक परिचर्चा

**मंदसौर।** शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नचिकेता सभागार में पुस्तक क्लब 'सत्यधर्मा' के पंचम सत्र का गरिमामय आयोजन 'मानवता दिवस एवं सद्भावना दिवस' के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ, जिसके पश्चात 'निर्वाण शतकम्' के सुमधुर गायन के साथ 3.15 मिनट का एकाग्रता ध्यान सत्र आयोजित किया गया। यह पूरा सत्र 'प्रेरणापरक साहित्य' के पठन-पाठन और समीक्षा पर केंद्रित रहा। समीक्षा सत्र के दौरान आमंत्रित वक्ताओं ने विभिन्न प्रसिद्ध एवं विचारोत्तेजक पुस्तकों पर अपने विचार साझा किए। इसमें श्री योगेश पटेल ने 'श्रीमद् भगवद् गीता, आज क्यों', श्री संदीप सोनगरा ने 'मौन का उत्सव', डॉ. रजत जैन ने 'कर्म', सुश्री शालू नलवाया ने 'द मॉन्क हू सोल्ड हिज फरारी' तथा डॉ. निधि मेहलोत ने 'अप्रेषित पत्र' पुस्तक की गहन समीक्षा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अध्ययन संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु इस प्रयास की सराहना की। अंत में डॉ. वीणा सिंह द्वारा आभार व्यक्त किया गया तथा संपूर्ण कार्यक्रम का मंच-अनुकूल संचालन श्री दशरथ आर्य द्वारा संपन्न हुआ।

**खण्डवा पुलिस का वारंटियों के धरपकड़ का अभियान**

**खंडवा।** स्थायी वारंटियों की तलाश हेतु चलाये जा रहे "ऑपरेशन खोज" में थाना पंधाना के वाहन दुर्घटना एवं मारपीट के 5 वर्ष पुराने प्रकरण में स्थायी वारण्टी उतेश पिता तुकाराम बारेला निवासी ग्राम खापरी का अपना पता बदलकर पहचान छुपाकर रह रहा था, वारन्टी को गिरफ्तार कर वारंट तामिल किया गया।

# पुलिस ने एक संदिग्ध कार से भारी मात्रा में नोटों के बंडल बरामद किए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

जिले के नामली थाना क्षेत्र में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। शनिवार दोपहर पुलिस ने एक संदिग्ध कार से भारी मात्रा में नोटों के बंडल बरामद किए हैं। सूचना मिलते ही आला अधिकारियों सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम करीब शाम 6 बजे नामली थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक अज्ञात कार चालक मादक पदार्थों की तस्करी कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत नाकेबंदी की और एक बिना नंबर की संदिग्ध क्रेटा कार को रोककर तलाशी ली।

जब पुलिस अधिकारियों ने क्रेटा कार की डिक्की की तलाशी ली, तो उसमें रखे एक बोरे में से भारी मात्रा में नोटों के बंडल बरामद हुए। प्राथमिक सूत्रों के मुताबिक, बोरे में लगभग 70 से 80 लाख की नकदी होने का अनुमान जताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार पिपलौदा निवासी एक युवक अपनी जमीन बेचकर रतलाम आया था और वापस निवास स्थान जा रहा था, तभी पुलिस चेकिंग के दौरान युवक को हिरासत में लिया है। घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश पन्द्रो तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

खबर लिखे जाने तक बरामद की गई राशि की अधिकारिक गिनती जारी थी। पुलिस कार चालक से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि यह राशि किसकी है और इसे कहां ले जाया जा रहा था।

### 100, 200 और 500 रुपये के नोटों की 27 गड्डिया जब्त

रतलाम के नामली थाना क्षेत्र में शनिवार शाम पुलिस ने पंचेड़ फंटे पर बिना नंबर की सफेद क्रेटा कार रोककर तलाशी ली। कार में रखे यूरिया के बोरे से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई। बोरे में 100, 200 और 500 रुपये के नोटों की 27 गड्डियां थीं। दो नोट गिनने वाली मशीनों से गिनती के बाद बरामद नकदी की कुल राशि 73 लाख 72 हजार 500 रुपये निकली। एएसपी राकेश पंद्रो भी मामले की जानकारी मिलने पर नामली थाने पहुंचे। पुलिस ने कार और नकदी जब्त कर जांच शुरू कर दी है। नोटों की गिनती के लिए नामली के सराफा व्यापारियों से दो मशीनें मंगाई गई थीं। थाना प्रभारी के चैंबर में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में पूरी रकम गिनी गई।

### दोहरे हत्याकांड का पदार्फाश :

# चांदी के आभूषणों के लिए बुजुर्ग दंपत्ति पर बरसाए थे पत्थर- 3 पहुंचे सलाखों के पीछे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



गरोठ थाना पुलिस ने ग्राम चांदवर्डा में वृद्ध दंपति पर जानलेवा हमला कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड का पदार्फाश करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 3 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटे गए चांदी के कड़े (आमले), घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की मोटर साइकिल और 3 एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विगत 25 अगस्त को फरियादी नारायण बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पिता देवीलाल और माता भुलीबाई खेत पर बनी झोपड़ी में सो रहे थे। अज्ञात बदमाशों ने पत्थरों से हमला कर देवीलाल की हत्या कर दी और भुलीबाई को गंभीर रूप से घायल कर पैरों से चांदी के भारी आमले लूट लिए। इलाज के दौरान भुलीबाई की भी मृत्यु हो गई थी।

गठित टीम द्वारा गहन अनुसंधान के बाद पुलिस ने आरोपी कान्हा उर्फ करण (निवासी मनासा शामगढ़), पवन (निवासी भानपुरा) और षड्यंत्रकारी महिला संतोषबाई उर्फ संता (निवासी चांदवर्डा) को गिरफ्तार किया। वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी राजेश कीर ने घटना के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, जिसका सुसाइड नोट भी मनासा स्थित उसके घर से मिला। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि संतोषबाई ने अपने प्रेमी कान्हा और उसके साथियों के साथ मिलकर पैसों के लिए इस लूट की योजना बनाई थी।

# जिले के जावद नगर के दंपती ने किया देहदान का संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

जिले के जावद नगर के एक दम्पत्ति ने देहदान का संकल्प लिया है। जिन्होंने जीवन भर की समाजसेवा की भावना को जीवन का हिस्सा बना कर प्रेरणादायक निर्णय लिया है। जावद निवासी सत्यनारायण राठी और उनकी पत्नी शांतिबाई ने मृत्यु के बाद देहदान करने की घोषणा कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। दोनों का देहदान सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद शाखा जावद के माध्यम से किया जाएगा।

दंपती ने कहा कि जीवन रहते तो सभी अपनी क्षमता के अनुसार समाज के लिए कुछ न कुछ करते हैं, लेकिन मृत्यु के बाद भी शरीर चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के अध्ययन और शोध के काम आए, इससे बेहतर सेवा और क्या हो सकती है।

83 वर्षीय सत्यनारायण राठी, पिता शंकरलाल राठी, मार्केटिंग सोसायटी में मैनेजर के पद पर करीब 40 वर्षों तक सेवाएं दे चुके हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहे और जावद रोटरी क्लब के अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाली। उनकी पत्नी शांतिबाई (77) ने भी उनके साथ देहदान का संकल्प लिया।

दंपती ने अपनी चारों बेटियों सूरज गगरानी (रतलाम), सरोज आगर (जोबट), संतोष बियानी (दाहोद), अंतिमबाला दरक (नीमच) की प्रेरणा से देहदान की घोषणा की। परिवार की सहमति और सहयोग से लिया गया यह निर्णय समाज में देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला है। भारत विकास परिषद के रीजनल सचिव प्रदीप चौपड़ा व पूर्व अध्यक्ष निरंजन गोयल के सहयोग से देहदान को लेकर संकल्प पत्र भरा गया।

### मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर

# दो दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

### हॉकी प्रतियोगिता मे नीमच ने मंदसौर को 2-0 से हराया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

देश के प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध रहे मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर शनिवार से जिला हॉकी संघ द्वारा दो दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। सांदीपनी विद्यालय के मैदान पर आयोजित प्रतियोगिता में युवा खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। पहले दिन नीमच और मंदसौर की अंडर-17 टीमों के बीच मैत्रीपूर्ण मुकाबला हुआ, जिसमें नीमच ने 2-0 से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल हाकी संघ अध्यक्ष किशोर जेवरिया, मुख्य आतिथ्य तथा सांदीपनी विद्यालय प्राचार्य महेश शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। इसके बाद नीमच और मंदसौर अंडर-17 के खिलाड़ियों ने मैदान पर आक्रामक और संतुलित खेल का प्रदर्शन किया। जिसमे बेहतरीन तकनीक और तालमेल का प्रदर्शन किया। नीमच ने प्रभावी खेल दिखाते हुए मंदसौर के खिलाफ दो गोल किए और मुकाबला 2-0 से अपने नाम किया। मैच के दौरान खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा के साथ अनुशासन और खेल भावना भी नजर आई।

खेल से मिलता है अनुशासन और आत्मविश्वास कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य महेश शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से जीवन में अनुशासन, आत्म विश्वास और संघर्ष की भावना विकसित होती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से नियमित अभ्यास करने और खेल भावना के साथ मैदान में उतरने का आह्वान किया।

ध्यानचंद का जीवन खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा जिला हॉकी संघ के सचिव इम्तियाज खान ने मेजर ध्यानचंद के जीवन, संघर्ष और हॉकी के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ध्यानचंद का खेल जीवन युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर खिलाड़ी निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के साथ अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं। इस प्रतियोगिता के अन्य में दूसरे दिन रविवार को होंगेंग

# मारवाड़ी युवा मंच ने साइकिल रैली निकालकर दिया स्वास्थ्य का संदेश



दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच शाखा मंदसौर द्वारा खेल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को भव्य साइक्लोथॉन 6.0 साइकिल रैली का आयोजन किया गया। संजय गांधी उद्यान से आरंभ हुई इस रैली को समाजसेवी राजमल गर्ग, वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष जगदीश चंद्र चौधरी, प्रांतीय उपाध्यक्ष रानी अनिल अग्रवाल व दिलीप सेठिया, राजेंद्र चाष्टा, संरक्षक संजय वर्मा तथा नरेंद्र त्रिवेदी के अतिथ्य में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

संजय गांधी उद्यान से शुरू होकर यह रैली विभिन्न मार्गो से होती हुई नूतन स्टेडियम पहुंची। रैली में सरदार वल्लभ भाई पटेल स्कूल, सेंट थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एनसीसी, स्काउट व एनएसएस के छात्र-छात्राओं, जिला मंदसौर माउंटेनियरिंग संगठन के खिलाड़ियों तथा नगर के गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

नूतन स्टेडियम में आयोजित समापन समारोह के दौरान अतिथियों सहित मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष सौरभ सोमानी, सचिव कुलदीप सोमानी, महिला शाखा अध्यक्ष किरण गणेश सोनगरा, सचिव प्रिया विवेक पालीवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन विश्वमोहन अग्रवाल, जिला एनसीसी अधिकारी मेजर विजय सिंह पुरावत, कैप्टन जितेंद्र कनोजिया और सीएचएम सुखचेन सिंह ने प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह में स्वागत उद्बोधन सौरभ सोमानी ने दिया तथा आयोजन की रूपरेखा किरण सोनगरा ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का सफल संचालन विश्वमोहन अग्रवाल ने किया एवं आभार कुलदीप सोमानी ने व्यक्त किया।

# नारकोटिक्स विभाग ने ट्रक से साइकोट्रोपिक ड्रग्स की बड़ी मात्रा पकड़ी

**नीमच।** पंजाब-हिमाचल से मध्यप्रदेश की ओर आ रही साइकोट्रोपिक दवाओं की बड़ी खेप पर सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नारकोटिक्स (सीबीएन) की टीम ने शिकंजा कस दिया। ऑपरेशन वज 2.0 के तहत तहत 27-28 अगस्त को चंडीगढ़-बद्दी इंटरस्टेट रूट पर कार्रवाई करते हुए टीम ने एसएमएल इसुजु सरताज ट्रक से 66 लाख 79 हजार 980 साइकोट्रोपिक टैबलेट बरामद कीं। इनमें 59.08 लाख अलप्राजोलम, 7.47 लाख ट्रामाडोल, 23,700 नाइट्राजेपाम और 400 कोनाजेपाम की गोलियां शामिल हैं। मामले में ट्रक चालक को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया गया है।

कार्यालय उप नारकोटिक्स आयुक्त, नीमच को पंजाब हिमाचल कॉरिडोर से साइको ट्रोपिक दवाओं की संदिग्ध आवाजाही की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने चंडीगढ़-बद्दी इंटरस्टेट रूट पर निगरानी बढ़ाई। 27 अगस्त को उत्तरप्रदेश नंबर के संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। ट्रक में 120 मास्टर कार्टन मिले, जिनमें लाखों टैबलेट छिपाकर ले जाई जा रही थीं। जांच में में कई गंभीर अनियमितताएं भी सामने आईं। दवाओं के ब्लिस्टर और बॉक्स से बैच नंबर, निर्माण और एक्सपायरी तिथि मिटाई गई थी। खेप के साथ इनवॉइस, बिल्टी या ई-वे बिल जैसे वैध दस्तावेज भी नहीं मिले। सीबीएन टीम ने करीब 14 घंटे से अधिक समय तक खेप की जांच, इन्वेंट्री और सीलिंग की कार्रवाई की।

# खेल मैदान बचाने आप पार्टी का प्रदर्शन, सीएम राइज स्कूल की जगह बदलने की मांग

**नीमच।** दशकों पूर्व हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान के दो तरफ दुकान और बाजार बनने के बाद यह मैदान स्टेडियम की शक्ल ले चुका था। यहां सैकड़ो बच्चे युवा नित्य व्यायाम खेल फुटबॉल क्रिकेट दौड़ आदि के लिए पहुंचते रहे हैं। शान द्वारा इस मैदान पर कम राइस स्कूल की घोषणा के बाद खेल प्रेमी युवा द्वारा मैदान को बचाने के लिए आंदोलन चलाया गया द्य अब इस आंदोलन को आम आदमी पार्टी ने भी समर्थन देकर प्रदर्शन शुरू किया है द्यबीते 10 दिनों से चल रहा है खेल मैदान बचाने का संघर्ष अभी भी जारी है द्य "मैदान बचाएंगे, - नीमच का भविष्य बचाएंगे" और "भाजपा की तानाशाही नहीं चलेगी" जैसे नारों के साथ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक धरना देने के बाद मुख्यमंत्री के नाम तहसील दार नवीन गर्ग को ज्ञापन सौंपा। इसमें शासकीय बालक उ.मा.वि. क्रमांक-2 के मैदान पर प्रस्तावित सीएम राइज स्कूल का निर्माण अन्य स्थान पर करने और मैदान को स्थायी रूप से खेल गतिविधियों के लिए संरक्षित रखें।

### जैन समाज ने रक्षाबंधन मुनी रक्षा दिवस के रूप में मनाया

**खंडवा।** रक्षाबंधन पर्व जैन समाज द्वारा मुनि रक्षा दिवस के रूप में मनाया गया। प्राचीन मान्यता है कि श्रवण की पूर्णिमा के दिन सैकड़ों मुनियों की रक्षा हुई थी। इस रक्षा को लेकर जैन समाज रक्षाबंधन पर्व मनाता है। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि श्रावण मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन जहां रक्षाबंधन उत्साह के साथ मनाया जाता है, वहीं श्रावण शुक्ल की पूर्णिमा के दिन भगवान श्रेयांसनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया जाता है। आज से हजारों वर्ष पूर्व झारखंड स्थित शिखरजी के पर्वत पर तप और तपस्या करते हुए श्रावण शुक्ल की पूर्णिमा के दिन भगवान श्रेयांश नाथ ने मोक्ष प्राप्त किया था।

# एमपीआरडीसी एवं नगर पंचायत के बीच झूलता पिपलिया चौपाटी का शौचालय

### कांग्रेसजनों ने समस्या के समाधान को लेकर सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी



यहां चौपाटी पर सुविधाघर का अभाव होने से काफी परेशानियों दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है फोरलेन निर्माण कम्पनी एमपी आरडीसी पर तो नगर पंचायत फोरलेन निर्माण कम्पनी पर शौचालय बनाने की बात कर रही है इन तीनो के बीच शौचालय झूलता दिख रहा है। रविवार को जिला कांग्रेस के महामंत्री अनिल शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल बही टोल प्लाजा कम्पनी के सहायक मैनेजर संजय शिंदे से मिला व एमपीआरडीसी के प्रबंधक के नाम एक ज्ञापन सोपा ज्ञापन में लिखा कि फोरलेन निर्माण के बाद सड़क सहित अन्य खामियां का खामियाजा महिला यात्री एवं आमनागरिक लंबे समय से भुगत रहे है। वर्तमान में पिपलिया मंडी चौपाटी पर शौचालय के अभाव में बस से यात्रा करने वाले यात्रियों ओर विशेषकर महिला यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है उन्हें खुले में ही बैठना पड़ता है यह बड़ा ही शर्मनाक है चौपाटी पर शौचालय की मांग लंबे समय से कर रहे है पर एमपीआरडीसी के कानों पर जु तक नही रेंगी है जब कि बसों से टोल वसूला जारहा है ज्ञात हो पिपलिया मंडी चौपाटी से नगर सहित आस पास के लगभग 50 से 60 गावो के सेकड़ो यात्री एवं महिला यात्री बस से सफर करते है पर यहां सुविधाओं के नाम पर शून्य ही है। ज्ञापन में चेतावनी दीगई की अगर 15 दिवस में पिपलियामंडी चौपाटी पर शौचालय की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें अन्यथा कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी जिसकी समस्त जवाबदेही एमपीआरडीसी की होगी।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त सचिव मुकेश पोरवाल, जिला कांग्रेस के पूर्व सचिव महेंद्र गेहलोत,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, कांग्रेसनेता भेरुलाल गुर्जर,छोटेलाल सैनी,अनिल मुलासिया, किशोर टेलर कनघट्टी आदि मौजूद थे।

## न्यूज कालम



### जनभागीदारी से शिवना शुद्धिकरण अभियान के 140वें दिन विधायक ने किया श्रमदान

**मंदसौर।** पवित्र शिवना नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान अपने 140वें दिन भी उत्साहपूर्वक जारी रहा। रविवार सुबह 7 बजे से ही श्रमदानियों का समूह पशुपतिनाथ मंदिर के पास नदी तट पर एकत्र हुआ और जल से लेकर किनारे तक फैले प्लास्टिक कचरे, जलकुंभी, पुरानी फूलमालाओं तथा गाजर घास को हटाकर पूरे क्षेत्र की गहन सफाई की इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन ने स्वयं नदी में उतरकर श्रमदानियों के साथ सफाई कार्य में हाथ बंटाया। उन्होंने कहा कि शिवना नदी की स्वच्छता संपूर्ण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है और इस पवित्र उद्देश्य के लिए जनभागीदारी का यह कारवां लगातार आगे बढ़ना चाहिए। इस सफाई अभियान में शहर की अनेक महिलाओं, वरिष्ठ समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराते हुए श्रमदान किया।

### राम रसोड़ा में प्रसादी ग्रहण कर खुश हुए रामदेवरा पैदल यात्री



**पिपलिया मंडी।** स्थानीय द्वारकाधीश कालोनी के मुख्य द्वार पर क्षेत्रीय व स्थानीय धर्मावलंबियो के सहयोग से आयोजित राम रसोड़ा में प्रतिदिन तरह तरह का स्वादिष्ट भोजन,चाय, नाश्ता आदि की प्रसादी ग्रहण कर रामदेवरा पैदल सैकड़ो यात्री प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आगे को प्रस्थान कर रहे है। भोजन के अलावा यात्रियों के रात्रि विश्राम हेतु बिस्तर,पंखे,कुलर एवं प्राथमिक उपचार की दवाईयां जैसी व्यवस्था भी रखी गई है। नगर व आसपास ग्रामीण से लगभग 20 सेवाभिलाषी बारी बारी से रसोड़ा में सेवाएं प्रदान कर रहे है।

### पीएम मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को सुना गया



**पिपलिया मंडी।** ग्राम बादरी भूथ क्रमांक 45 पर पीएम मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। इसमें मन की बात के प्रभारी श्री प्रकाश पोरवाल, बूथ अध्यक्ष गोपाल पाटीदार, रमेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, भेरु सिंह, राजू शर्मा, पंकज शर्मा, महेश महेंद्र शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 20 लाख स्वीकृति पर खिलाड़ियों ने विधायक का किया स्वागत



**नीमच।** कोठी स्कूल मैदान की बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 20 लाख की स्वीकृति मिलने पर खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों ने विधायक सेवा केंद्र पहुंचकर विधायक दिलीप सिंह परिहार का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक परिहार ने कहा कि खिलाड़ियों की सुविधाओं का विस्तार एवं युवाओं को बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। नीमच विधानसभा क्षेत्र में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बाउंड्रीवाल निर्माण से कोठी स्कूल मैदान में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम में जिला फुटबाल संघ अध्यक्ष विनोद शर्मा, सत्तार भाई आँटो वाले, बंदू पहलवान, प्रमोद शर्मा, अनिल सुराह, हामिद पठान, शंकर कप्तान, मंडल अध्यक्ष दारासिंह यादव, पार्षद रामचंद्र धनगर, विजेंद्र सिंह बैंस, जतिन शर्मा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

### सुख-दुख में समता भाव और मन की स्थिरता ही जीवन का वास्तविक धर्म

**मंदसौर।** आर्यरक्षित सूरि जैन तीर्थ धाम चन्द्रपुरा में परम पूज्य जैन आचार्य श्री अशोकसागर सूरिश्वरजी महाराज की पावन निश्रा में विशेष धर्मसभा एवं बच्चों के संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री सागरचन्द्र सागरजी महाराज ने कहा कि जीवन में सुख और दुख का मूल कारण शारीरिक पीड़ा से अधिक मन की अस्थिरता और पीड़ा होती है। जब व्यक्ति अपने मन पर विजय प्राप्त कर लेता है, तो उसमें बड़े से बड़े संकट को सहन करने की क्षमता आ जाती है। प्रभु महावीर के जीवन का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि संगम देव द्वारा अनेक उपसर्ग (दुख) दिए जाने के बाद भी प्रभु महावीर ने अद्भुत समता भाव बनाए रखा। आचार्य श्री ने समाज को दूसरों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने और प्रतिस्पर्धा के स्थान पर समरसता का भाव अपनाने की सीख दी। उन्होंने कहा कि नकारात्मक विचार ही दुखों का मुख्य कारण बनते हैं और जहाँ प्रतिस्पर्धा होती है वहाँ संघर्ष जन्म लेता है, जबकि समरसता से जीवन सुखमय बनता है।

## रेलवे स्टेशन पर तत्काल टिकट को लेकर विवाद

**मक्सी।** जंक्शन रेलवे स्टेशन पर तत्काल टिकट की कतार में नंबर को लेकर यात्री और टिकट बुकिंग क्लर्क के बीच विवाद का मामला सामने आया है। यात्री अर्जुन परिहार ने बुकिंग क्लर्क पवन डेहरिया पर कतार में नंबर को लेकर मनमानी करने तथा विरोध करने पर गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। अर्जुन परिहार के मुताबिक वह तत्काल टिकट बनवाने के लिए रात करीब 3 बजे स्टेशन पहुंचकर कतार में खड़ा हुआ था। उसके साथ कई अन्य यात्री भी रात से ही लाइन में अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। यात्री का आरोप है कि सुबह टिकट बुकिंग शुरू होने के समय कतार में मौजूद नहीं होने के बावजूद रेलवे कर्मचारी विनोद कोचले को पहला नंबर दे दिया गया। यात्री के अनुसार इसके बाद सुबह करीब 7 बजे पहुंचे एक व्यक्ति को दूसरा नंबर दिया गया। उसका कहना है कि रात से कतार में खड़े होने के बावजूद उसका नंबर तीसरे स्थान पर कर दिया गया। पीछे खड़े एक अन्य यात्री का नंबर भी आगे-पीछे कर दिया गया। इसको लेकर उसने बुकिंग क्लर्क से आपत्ति जताई।

## भाईयो द्वारा बहनों को पौधे गिफ्ट किए गए।



**तराना।** नगर में शुक्रवार को रक्षा बंधन का पर्व मनाया रक्षा बंधन का त्योहार सिर्फ भाई बहन के प्यार का नहीं नहीं बल्कि पर्यावरण से प्यार का भी प्रतीक है। पलोड़ परिवार द्वारा परिवार में भाइयों द्वारा बहनों को पौधे गिफ्ट किए गए।बहनो ने कहा कि। बहन की रक्षा का वादा तो हर साल करते है। इस बार धरती मां की रक्षा का वादा किया है।

## जन्माष्टमी पर्व पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**महिदपुर रोड।** नगर का जांगड़ा पांच पोरवाल सितंबर माह में आने वाले जन्माष्टमी पर तथा गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनायेगा इसे लेकर समाज के संगठन के पदाधिकारी की बैठक शनिवार की शाम को समाज के पोरवाल मांगलिक परिसर सह शेष शायी विष्णु मंदिर में संपन्न हुई बैठक की जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष बालकृष्ण पोरवाल (बिजली वाले) ने बताया बैठक में सरस्वती से निर्णय लिया गया कि जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाये वहीं 18 से 24 सितंबर के बीच श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी परंपरागत रूप से आयोजित किया जाये। वहीं शनिवार की शाम को नगर के बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक श्री राम हनुमान मंदिर संचालन तथा मंदिर जीर्वणोद्धार / निर्माण समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान तथा अन्य पदाधिकारियों ने पोरवाल समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बालकृष्ण पोरवाल का उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचकर स्वागत किया।

## रक्षाबंधन के अगले दिन भी नगर में रही चहल-पहल



**महिदपुर रोड।** रक्षाबंधन के अगले दिन शनिवार को बाजार में महिलाओं की अच्छी खासी आवा-जाही रही गारमेंट्स दुकानों पर राजपूती परिधानों की दुकानों पर बड़ी संख्या में बहिने अपने भाई भतीजे तथा अन्य परिजनों के साथ शगुन के रूप में दिये जाने वाले कपड़े खरीदने पहुंचे वस्त्र वस्त्र विक्रेता दुकान वालों ने भी उचित मूल्य पर उन्हें पर्याप्त मान सम्मान देकर उनकी डिमांड अनुसार उन्हें कपड़े खरीदने में सहयोग किया नगर के गीता श्री कलेक्शन, श्री कृष्णा फैशन,धारविया वस्त्रालय, परी कलेक्शन, गृह लक्ष्मी वस्त्र विला, राजपूत पोशाक पोरवाल गारमेंट्स आदि वस्त्र विक्रेताओं के यहां बड़ी संख्या में बहिनें अपने परिजनों के साथ खरीदारी करने पहुंची।

बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की रही त्यौहारी भीड़

# बसों में किराया दोगुना, सुविधाएं शून्य, जानवरों की तरह ठूंसकर जा रहे हैं यात्री

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।**



बसों का किराया बढाकर सरकार ने यात्रियों की जेब पर बोझ तो बढा दिया, लेकिन बसों में उन्हें सुरक्षित और सुविधाजनक सफर मिले, इस पर ध्यान नहीं है। हाल ही में बसों के किराए में दोगुना की बढोतरी हुई है। रक्षाबंधन पर इसकी हकीकत बसों में नजर आई। शनिवार को सारंगपुर से भोपाल, सारंगपुर और इंदौर, सारंगपुर से उज्जैन, सारंगपुर से कुरावर, शुजालपुर, संडावता सहित अन्य रूट पर जाने वाली बसों में क्षमता से डेढ से दोगुनी तक सवारियां भरी गईं। 40-50 सीटर बसों में 60 से 100 तक यात्री सवार रहे। सीटें भरने के बाद गलियारे और गेट तक लोग खडे रहे, कई यात्री दरवाजे पर लटककर सफर करते नजर आए।

भीड का सबसे ज्यादा खामियाजा महिलाओं और बच्चों को भुगतना पडा। कई महिलाएं बच्चों को गोद में लेकर घंटों खडी रहीं। बस के भीतर पैर रखने तक की जगह नहीं थी। इतनी भीड में यात्रियों के लिए सामान्य रूप से खडा रहना भी मुश्किल हो रहा था। इसके बावजूद बसें सडक पर तेज रफ्तार से दौडती रहीं। इस दौरान एक महिला यात्री ने कहा कि हम यात्रियों को पूरा किराया देने के बाद भी सीट नहीं मिली। उन्होंने कहा कि सिर्फ इंदौर की सवारियों की सीट दे रहे थे, बाकी सारी सवारियों को खडे करके लाए।

सुबह राजगढ जिले के ब्यावरा में तेज रफ्तार बस हादसे में चार यात्रियों की मौत और कई के घायल होने की घटना हुई। उसके दूसरे दिन सारंगपुर में त्योहार के बाद की भीड के बीच ओवरलोड बसें तेज रफ्तार से दौडती दिखीं। क्षमता से अधिक सवारियां भरने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर परिवहन अमले की सक्रियता नजर नहीं आई।

### किराया बढा तो सुविधाओं की अनदेखी क्यों

ब्लाक कांग्रेस प्रवक्ता लखन धनगर ने कहा कि यात्रियों की इस फजीहत के पूछे सिस्टम का पक्षपात पूर्ण रवैया है। बस आपरेटरों से हित में किराया तो बढा दिया गया, लेकिन यात्रियों से हित का जरा भी ख्याल नहीं रखा। आज जब मनमाने किराए के बावजूद लोगों की जानवरों की तरह बसों में भरा जा रहा है, पूरा सिस्टम आंख मूंदे बैठा है। मामले में आरटीओ ज्ञानेंद्र वैश्य से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### रेलवे स्टेशन पर भी रही भारी भीड़

बसों के बढ़े किराए और जगह नहीं मिलने के कारण कई यात्रियों को रेल यातायात का सहारा लेना पड़ा। यात्रियों को रेलवो में भी भीड़ का सामना करना पड़ा और उन्हें यात्रा के दौरान परेशानी हुई। सारंगपुर स्टेशन पर इंदौर-कोटा, नागदा-बीना ट्रेन से बड़ी संख्या यात्रियों ने यात्रा की।

एलपीजी गैस सुरक्षा के लिए राजगढ़ प्रशासन की पहल

## गैस वितरण वाहनों में गूंजेगा जागरूकता गीत भाई आया रे गैस सिलेंडर........

**अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा।**




उपभोक्ताओं को एलपीजी गैस के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करने और संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने एक अनोखी पहल शुरू की है। कार्यालय कलेक्टर खाद्य जिला राजगढ़, ब्यावरा द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, अब जिले के सभी गैस वितरण वाहनों में एक विशेष जागरूकता गीत का प्रसारण किया जाएगा।

जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जारी पत्र के तहत इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड,भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं निजी पेट्रोलियम कंपनियों (एलपीजी) के सेल्स ऑफिसर को निर्देश दिए गए कि वे गैस वितरण करने वाले वाहनों में भाई आया रे गैस सिलेंडर नामक जागरूकता गीत का अनिवार्य रूप से प्रसारण करें।

यह विशेष गीत ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन द्वारा तैयार किया गया है। इस गीत के माध्यम से उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर लेते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में संगीतमय तरीके से शिक्षित किया जाएगा। गीत में मुख्य जानकारी में सुरक्षित उपयोग, एल.पी.जी. गैस को सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल करने के तरीके। महत्वपूर्ण जांच, सिलेंडर प्राप्त करते समय उसकी सील और वजन की जांच करने की सलाह। सुरक्षा मानक, दुर्घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन।

### आगामी कार्रवाई के निर्देश

प्रशासन सभी (एलपीजी) पेट्रोलियम कंपनियों को इस संबंध में तत्काल कदम उठाने और की गई कार्रवाई से जिला कार्यालय को अवगत कराने के सख्त निर्देश दिए हैं। इस पत्र की प्रतिलिपि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय के आयुक्त, भोपाल और ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन, दिल्ली को भेजी। जिला प्रशासन को उम्मीद है कि इस संगीतमय जागरूकता अभियान से आम नागरिकों में गैस सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ेगी और हादसों पर रोक लगाई जा सकेगी।

लकड़ी की पालकी से शुरू हुई महादेव की सवारी, अब निकलेगी महाकाल जैसी शाही सवारी

## आज निकलेगी नीलकंठेश्वर महादेव की 63वीं शाही सवारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर**

कभी लकड़ी की छोटी सी पालकी, कुछ ढोलकें, मशालें और गिने-चुने शिवभक्त... यही थी भगवान नीलकंठेश्वर महादेव की सवारी की शुरूआत। करीब छह दशक पहले आस्था के छोटे से प्रयास के रूप में शुरू हुई यह परंपरा आज सुसनेर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है। समय के साथ सवारी का स्वरूप बदलता गया, श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई और आयोजन भव्य होता गया। अब भगवान नीलकंठेश्वर एवं ओंकारेश्वर महादेव की राजसी सवारी महाकाल की सवारी की तर्ज पर नगर भ्रमण करती है। इस वर्ष 31 अगस्त सोमवार को महादेव की 63वीं राजसी सवारी निकलेगी, जिसे लेकर नगर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

समय के साथ लोगों की आस्था इस आयोजन से जुड़ती गई। पालकी को बाद में हाथ ठेले पर सजाया जाने लगा। साधन भले ही कम थे, लेकिन शिवभक्तों का उत्साह और श्रद्धा लगातार बढ़ती गई। धीरे-धीरे सवारी में धार्मिक झांकियां, बैंड-बाजे, अखाड़े और अन्य आयोजन जुड़ते चले गए।

नीलकंठेश्वर महादेव की शाही सवारी अब उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की सवारी की तर्ज पर भव्य रूप में निकाली जाती है। सवारी में बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ आकर्षक धार्मिक झांकियां शामिल होती हैं।

### दो दर्जन श्रद्धालुओं से शुरू हुई थी यात्रा

करीब 62 वर्ष पूर्व नगर के कुछ शिवभक्त युवाओं ने भगवान नीलकंठेश्वर महादेव की पालकी को नगर भ्रमण कराने की परंपरा शुरू की थी। उस समय आयोजन का स्वरूप बेहद साधारण था। लकड़ी की एक छोटी पालकी तैयार की गई और उसमें भगवान नीलकंठेश्वर महादेव को विराजित कर नगर भ्रमण कराया गया। ढोलक और मशालों के साथ निकलने वाली इस यात्रा में दो दर्जन से भी कम श्रद्धालु शामिल होते थे।

15 साल बाद जन्मोत्सव पर दुर्लभ संयोग

## अष्टमी तिथि के साथ रोहिणी नक्षत्र में पधारेंगे कान्हा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।**

भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर इस वर्ष भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव अत्यंत विशेष और फलदायी संयोग में 4 सितंबर को मनाया जाएगा। पंडित पवन पारीक के अनुसार करीब 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद इस बार जन्माष्टमी पर अष्टमी तिथि के साथ-साथ रोहिणी नक्षत्र का दुर्लभ और अद्भुत संयोग बन रहा है। धर्म ग्रंथों के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद की अष्टमी तिथि को आधी रात को रोहिणी नक्षत्र में ही हुआ था, जिससे इस बार की जन्माष्टमी का महत्व कई गुना बढ गया है। इस दुर्लभ योग को लेकर सारंगपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में श्रद्धालुओं के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। जन्माष्टमी पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### नगर के मंदिरों में शुरू हुई तैयारियां

सारंगपुर के प्रसिद्ध राधा-कृष्ण मंदिरों में रंग-रोगन और आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप के विशेष श्रृंगार और झूलों को सजाने के लिए कारीगर जुटे हुए हैं।

## गायत्री शक्तिपीठ ब्यावरा पर श्रद्धा एवं उल्लास से मनाया गया श्रावणी पर्व

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा**



अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ ब्यावरा पर श्रावणी पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक वातावरण के बीच मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को वेद मंत्रों के साथ दशविधि स्नान कराया गया। दशविधि स्नान के अंतर्गत भस्म, मिट्टी, गोबर, गोमूत्र, दूध, दही, घी, हल्दी, कुशा एवं मधु के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक शुद्धि तथा आंतरिक संस्कारों के परिष्कार का आध्यात्मिक प्रयोग संपन्न कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए इस विशेष स्नान संस्कार में परिजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसके पश्चात तर्पण कर्म संपन्न कराया गया, जिसमें देव, ऋषि एवं पितृ परंपरा के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई। तत्पश्चात आयोजित गायत्री महायज्ञ में उपस्थित श्रद्धालुओं ने विश्व शांति, मानव कल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना के साथ सामूहिक रूप से आहुतियां समर्पित कीं।

श्रावणी पर्व के अवसर पर परिजनों द्वारा यज्ञोपवीत परिवर्तन भी किया गया। इस दौरान यज्ञोपवीत के माध्यम से जीवन में पवित्रता, संयम, कर्तव्यनिष्ठा एवं आत्मिक उन्नति के संकल्प को दोहराया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के हवलदार सिंह, किशोर जानोरिया, प्रिंस आर्य, संतोष शाक्य, राजेन्द्र सोनी, तेजकरण साहू सहित श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

सुर संगम म्यूजिकल ग्रुप(मुंबई)के तत्वावधान में स्व.मुकेश स्मृति गायन कार्यक्रम संपन्न

## संगीत मर्मज्ञ विशेष बादल ठाकुर,जवाहर डोसी ने दिखाया हुनर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर**






सुर संगम म्यूजिकल ग्रुप मुंबई के तत्वावधान में प्रसिद्ध गायक द्वय विशेष ठाकुर बादल ठाकुर के संयोजन में स्व.पार्श्व गायक मुकेश की स्मृति में एक शाम मुकेश के नाम संगीत कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र के जननायक समाजसेवी विजयसिंह गौतम के मुख्य अतिथ्य में एवं वरिष्ठ पत्रकार द्वय जवाहर डोसी पीयूष,जैनेंद्र खेमसरा,प्रकाश गुड़गांव कर इंदौर शंकर पहलवान के विशेष आतिथ में मां सरस्वती एवं पार्श्व गायक मुकेश के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर नगर पालिका सभागृह में किया गया।

मंचासीन अतिथियों का स्वागत विशेष ठाकुर,गरबा, भजन, जगातरा, स्टार नाइट मुंबई के वन मेन शो बादल ठाकुर ने किया।उद्बोधन में मुख्य अतिथि विजयसिंह गौतम ने कलाकारों को अपनी शुभकामनाएं अर्पित करते हुए उनको तन-मन-धन से पूर्ण सहयोग कर उनका उत्साह वर्धन करने एवं नव प्रतिभा को तराशने एवं आगे बढ़ने का संकल्प व्यक्त किया।कार्यक्रम का आगाज अपनी सुमधुर आवाज में मुकेश के अमर गीत से किया। तत्पश्चात बादल ठाकुर जवाहर डोसी पीयूष ने युगल गीत-सात अजूबे इस दुनिया में-गाकर समां बांध दिया।राष्ट्र वंदना,सरस्वती वंदना बेबी वैष्णवी सांगते ने की।नगर के गायकों में अवनीश पंड्या,निलेश दावरे,मंजूर कुरेशी,कमल राठी,अब्दुल हमीद,संजय सेवक,धर्मेंद्रसिंह राजपूत,यश कमल गहलोत,वैष्णवी सांगते, शेलू देवड़ा,ईशा सांगते, सचिनसिंह भाटी आदि ने एक के बाद एक मुकेश के गाए नगमों को सुना कर श्रोताओं को लगातार तालियां बजाते रहने को मजबूर कर दिया।

पूर्व एल्डरमेन नगर पालिकाविष्णुकांता ठाकुर के स्वस्थता पूर्वक दीर्घायु की कामना भी व्यक्त की गई।वाद्य पर संगत इंदौर से पधारे सुप्रसिद्ध गायक संगीतकार वादक प्रकाश गुड़गांवकर एवं ढोलक वादक नगेंद्र सिंह परिहार नागदा ने शानदार संगत की।गायक विशेष ठाकुर, बादल ठाकुर ने एक से बढ़कर एक नायाब यादगार गीत सुनाकर कार्यक्रम को नई ऊंचाइयां दीं। जवाहर डोसी पीयूष जैनेंद्र खेमसरा ने मुकेश के जीवन के अनछुए प्रसंग सुना कर श्रोताओं को गदगद कर दिया।कार्यक्रम के सूत्रधार जैनेंद्र खेमसरा सरल ने अपने शानदार संचालन से कार्यक्रम को यादगार बना दिया।संगीत व्यवस्था पवन परमार की रही।



## मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम अंतर्गत विकास खण्ड-तराना में शिविर आयोजित

**तराना।** मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम अंतर्गत विकास खण्ड-तराना में शनिवार को ग्राम पंचायत- लिंबादित , हासलपुर झिरनिया एवं कपेली में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में अनिरुद्ध मिश्रा एस डी एम एवं रमेश सिसोदिया तहसीलदार तहसील माकड़ौन द्वारा ग्राम पंचायतो में संचालित योजनाओ जिसमें सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अंतर्गत विभाग की सेवा, नल कनेक्शन, भवन अनुज्ञा, समूह की ग्रेडिंग के लंबित आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना की लंबित किश्त, नल-जल योजना की स्थिति, नल कनेक्शन की स्थिति, टेक्स की स्थिति, लंबित भवन अनुज्ञा, जन्म मृत्यु प्रमाण-पत्र, 15 वित्त की शेष राशि, एसआरएलएम के समूह की जानकारी, सामुदायिक स्वच्छता परिसर एवं अन्य बिन्दुओ के संबंध में जानकारी ली गई। ग्राम पंचायत में उपस्थित ग्रामीणो से संवाद किया गया तथा ग्रामीण जनों की समस्याओं के निराकरण हेतु यथो उचित कार्यवाही की गई । उनके द्वारा ग्राम पंचायत एवं विकास खण्ड स्तर पर पदस्थ अमले को निर्देशित किया गया कि वे समय-सीमा में प्रकरणो का निराकरण करें। ज्यादा से ज्यादा पात्र हितग्राहियो को शासकीय योजनाओ में लाभान्वित करें। शिविर में ग्राम पंचायतो से कुल 23 आवेदन प्राप्त हुये जिसमें से 12 का निराकरण शिविर के दौरान किया गया शेष 11 आवेदन के निराकरण हेतु संबंधित विभागो को समय-सीमा में निराकरण करने हेतु निर्देश दिये गये। शिविर में श्री आर .के. धवन सहायक यंत्री जनपद पंचायत तराना एवं जनपद एवं समस्त विभाग के ब्लाक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी तथा संबंधित ग्राम पंचायतो के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक तथा ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## पुलिसकर्मियों को बाँधी राखी



**तराना।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय महिला परिषद ओजस्विनी की बहनों ने तराना थाना प्रभारी रामनारायण भदोरिया और उनकी टीम के साथ राखी पर्व मनाया एवं एसडीओपी राहुल कुमार खरे उनकी टीम व उप जेल के पुलिसकर्मी को रक्षा के सूत्र में बांधा बहनों ने बताया देश की रक्षा के लिए बॉर्डर पर हमारे सैनिक भाई ड्यूटी पर तेनात खड़े रहते हैं इस तरह हमारी ओर हमारे परिवार की रक्षा सुरक्षा के लिए 24 घंटे पुलिस प्रशासन अपनी ड्यूटी देते हैं आज सभी पुलिसकर्मी अपना घर बार सब कुछ छोड़कर हमारी सेवा में खड़े हैं हमारा फर्ज बनता है कि हम अपने भाइयों से जितना प्रेम करते हैं एक सूत्र में बानते हैं इस तरह पुलिस कर्मी भी हमारे भाई है वह अपनी ड्यूटी देते हैं तब जाकर हम चैन की नींद सोते हैं बहनों ने सर्वप्रथम कंकू चावल से तिलक किया श्रीफल भेंट कर राखी बा?दी फिर भाई बहन ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया।

## पीएम श्री स्कूल जेएनवी में राष्ट्रीय खेल दिवस एवं रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया




**सुसनेर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस एवं रक्षाबंधन पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जीवन एवं उपलब्धियों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अब्दुल अजीज ने मेजर ध्यानचंद के जीवन, संघर्ष, अनुशासन एवं भारतीय हॉकी में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर खेलों के प्रति समर्पण, अनुशासन, टीम भावना एवं निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।इसी अवसर पर विद्यालय में रक्षाबंधन पर्व भी पारंपरिक उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन के महत्व और भारतीय संस्कृति में इसकी विशेष भूमिका को समझा। कार्यक्रम के माध्यम से भाई-बहन के प्रेम, स्नेह, सम्मान और आपसी विश्वास के साथ-साथ भाईचारे एवं सद्भावना का संदेश दिया गया। दोनों कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, सांस्कृतिक मूल्यों, आपसी प्रेम एवं सद्भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

## जनविश्वास अभियान में विधायक द्वारा समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए




**इंगोरिया।** जन विश्वास अभियान प्रदेश में 7 अगस्त से चलाया जा रहा है। बड़नगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत इंगोरिया में विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या ने क्लस्टर की 10 ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों की बैठक ली। मौके पर समस्याओं के निराकरण हेतु प्रशासनिक अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। विधायक द्वारा स्थानीय आम जनों की समस्या को गंभीरता पूर्वक सुना। जन विश्वास अभियान में क्षेत्र के सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। प्राप्त शिकायतों का निराकरण आगामी 18 सितंबर को जहांगीरपुर में आयोजित जिला कलेक्टर की जन सुनवाई में किया जाएगा। ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित बैठक में शनिवार को विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या, थाना प्रभारी दीपेश व्यास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोवर्धन लाल मालवीय सहित सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह दाईजी और ग्राम के वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# पीसी की रीसेट से अलग हुए ओरलैंडो

शूटिंग से ठीक पहले लिया फैसला






प्रियंका चोपड़ा और ओरलैंडो ब्लूम की फिल्म 'रीसेट' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओरलैंडो ब्लूम ने शूटिंग शुरू होने से कुछ दिन पहले ही फिल्म से दूरी बना ली है। ओरलैंडो फिल्म में प्रियंका के साथ अभिनय करने के अलावा को-प्रोड्यूसर भी थे और प्री-प्रोडक्शन से जुड़े हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार, अब मेकर्स उनके किरदार के लिए तीन एक्टर्स पर विचार कर रहे हैं। फिल्म की फंडिंग और इंटरनेशनल डिस्ट्रीब्यूशन प्लान में भी ओरलैंडो की अहम भूमिका बताई जा रही है। प्रियंका चोपड़ा जोनस फिल्म की प्रोड्यूसर हैं और कथित तौर पर नए एक्टर के चयन का अंतिम फैसला वही करेंगी। वर्कफ्रंट पर प्रियंका एसएस राजामौली की 'वाराणसी', 'सिटाडेल' सीजन 2 और हॉलीवुड फिल्म 'ब्लूफ्लाई' में नजर आएंगी।

# अमाल मलिक ने क्यों लिया ब्रेक?



अमाल मलिक ने फिल्मी म्यूजिक से करीब एक साल का ब्रेक लेने का ऐलान किया है। यह घोषणा 'आवारापन 2' के गाने 'ये आवारापन' को लेकर चल रहे विवाद और उनकी हालिया भावुक पोस्ट्स के बीच हुई है। अमाल ने 27 अगस्त को पर लिखा कि वह फिलहाल अपने मन, शरीर, आत्मा और शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें खुद को संभालने, रिकवर करने और फिर नए जोश के साथ लौटने के लिए समय चाहिए। उन्होंने साफ किया कि अगले साल तक वह कोई नया फिल्मी म्यूजिक नहीं करेंगे। उन्होंने अपनी पोस्ट का अंत 'अब मुझे विदा करो' कहते हुए किया और भरोसा दिलाया कि वह वापस लौटेंगे। बता दें कि कुछ दिन पहले अमाल ने 'ये आवारापन' पर लंबा पोस्ट लिखा था। उन्होंने दावा किया था कि गाने के खिलाफ पेड पीआर कैंपेन चलाया जा रहा है।

# शूटिंग से ठीक पहले लिया फैसला




# टॉक्सिक के नेगेटिव रिव्यू पर कानूनी नोटिस

यश स्टारर फिल्म 'टॉक्सिक' रिलीज के दो दिन बाद ही कानूनी विवाद में घिर गई है। फिल्म के कुछ नेगेटिव रिव्यू करने वाले यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को कथित तौर पर मेकर्स की ओर से लीगल नोटिस भेजे गए हैं। फिल्म 26 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यूट्यूबर सूरज कुमार ने सोशल मीडिया पर लीगल नोटिस का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, यह नोटिस बेंगलुरु की कंपनी ऐप्लेक्स सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से भेजा गया है। किए जा रहे कुछ कंटेंट पर आपत्ति जताई गई है। बताया गया है कि इसमें सूरज कुमार द्वारा रिलीज के दिन पोस्ट किए गए 'टॉक्सिक' रिव्यू का यूआरएल भी शामिल है। हालांकि, नोटिस के बाद भी उनका वीडियो ऑनलाइन उपलब्ध बताया जा रहा है। एक अन्य यूट्यूबर प्रशांत रंगास्वामी तथा एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को भी फिल्म पर नेगेटिव रिव्यू पोस्ट करने के कुछ घंटों बाद कथित तौर पर कानूनी नोटिस मिलने की बात सामने आई हैं।

# शूटिंग पर लौटे कार्तिक

## श्रीलीला संग कर रहे रोमांस



घुटने की सर्जरी के कुछ ही दिनों बाद अभिनेता कार्तिक आर्यन ने काम पर वापसी कर ली है। एक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान लगी चोट के बाद कार्तिक की सर्जरी हुई थी। अब वह निर्देशक अनुराग बसु की अगली रोमांटिक फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कार्तिक इन दिनों मुंबई के फिल्म सिटी में फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। उनकी रिकवरी को देखते हुए फिलहाल ऐसे दृश्यों की शूटिंग की जा रही है, जिनमें ज्यादा शारीरिक मेहनत की जरूरत नहीं है। उनके क्लोज-अप और कम मूवमेंट वाले सीन पहले शूट किए जा रहे हैं। इस अनटाइटल्ड फिल्म में कार्तिक के साथ श्रीलीला नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। कार्तिक को निर्देशक कबीर खान की आगामी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म के एक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान घुटने में चोट लगी थी।

# मनोज बाजपेयी ने खरीदी 4.45 एकड़ खेती

बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी ने महाराष्ट्र के पुणे जिले में 4.45 एकड़ कृषि भूमि खरीदी है। प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन दस्तावेजों के मुताबिक, मुल्शी तालुका के तेलबेल गांव में स्थित इस जमीन के लिए उन्होंने 1.37 करोड़ का भुगतान किया है। जमीन की रजिस्ट्री 25 अगस्त 2026 को हुई। इसके लिए अभिनेता ने करीब 6.86 लाख स्टांप ड्यूटी और 30 हजार रजिस्ट्रेशन फीस चुकाई। रिपोर्ट के अनुसार, यह कृषि भूमि उन्होंने विमलचंद खिमराज जैन से खरीदी है। मनोज बाजपेयी इससे पहले भी रियल एस्टेट में निवेश कर चुके हैं। 2023 में उन्होंने मुंबई के ओशिवारा में करीब 32 करोड़ में चार कमर्शियल यूनिट्स खरीदी थीं। तीन दशक से ज्यादा लंबे करियर में चार नेशनल अवॉर्ड जीत चुके मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'लास्ट मैन इन टावर' को लेकर भी चर्चा में हैं। फिल्म का टीजर हाल ही में रिलीज हुआ है और यह 11 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में आएगी।

# 'अथिमनोहरम' का फर्स्ट लुक जारी

मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की अगली फिल्म 'अथिमनोहरम' का फर्स्ट लुक ओणम के मौके पर जारी हो गया है। पोस्टर में मोहनलाल पुलिस की वर्दी में बुलेट मोटरसाइकिल पर नजर आ रहे हैं। लंबे समय बाद उनका यह 'सुपर कॉप' अवतार फैंस को खासा पसंद आ रहा है। माना जा रहा है कि फिल्म क्राइम थ्रिलर होगी, जिसमें मोहनलाल एक मर्डर मिस्ट्री सुलझाते नजर आएंगे। फिल्म में जगदीश, सिद्दीकी, मनोज के। जयन, भामा अरुण और बीना पप्पू भी अहम भूमिकाओं में हैं। 24 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली 'अथिमनोहरम' का बॉक्स ऑफिस पर शाहरुख खान की 'किंग' से मुकाबला होगा।




# नीरज चोपड़ा एशियन गेम्स से बाहर, ट्रेनिंग के दौरान टखने का लिगामेंट फटा

## डायमंड लीग फाइनल और वर्ल्ड अल्टीमेट चैंपियनशिप भी नहीं खेलेंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नीरज चोपड़ा सितंबर में होने वाले एशियन गेम्स से बाहर हो गए हैं। उन्होंने शनिवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। चोपड़ा ने पोस्ट में लिखा, लॉजेन डायमंड लीग में सीजन का बेस्ट थ्रो करने के कुछ समय बाद ट्रेनिंग के दौरान टखने में चोट लगी। इससे लिगामेंट फट गया।

इस चोट के कारण नीरज 5 सितंबर को ब्रसेल्स में होने वाले डायमंड लीग फाइनल में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इसके अलावा 11 से 13 सितंबर तक बुडापेस्ट में होने वाली पहली वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप से भी बाहर रहेंगे। नीरज ने कहा कि काफी मेहनत के बाद उन्हें लग रहा था कि वे अपनी लय हासिल कर रहे हैं। लॉजेन में 88.05 मीटर का थ्रो भी इसी का संकेत था।



नीरज ने लॉजेन डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने शुक्रवार को ही डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। उन्होंने इस सीजन में दो डायमंड लीग मुकाबले खेले और दोनों में दूसरे स्थान पर रहे। 19 जून को दोहा और 21 अगस्त को लॉजेन में दूसरे स्थान पर रहने से उन्हें कुल 12 अंक मिले। वे स्टैंडिंग में छठे स्थान पर रहे और 5 सितंबर को ब्रसेल्स में होने वाले फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। अब टखने की चोट के कारण वे इस फाइनल में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

# पूर्व इंग्लिश कप्तान बोले- 3 दिन में खत्म होने वाले मैच 20 प्रतिशत हुए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथर्टन ने टेस्ट मैचों के जल्दी खत्म होने की 4 वजह बताई है। उन्होंने कहा कि 1990 के दशक में करीब 7% टेस्ट तीन दिन या उससे कम में खत्म होते थे। अब यह आंकड़ा 20% तक पहुंच गया है। पिछले 10 साल में 9 टेस्ट दो दिन में खत्म हुए हैं, जबकि 1946 से 2000 के बीच ऐसा एक बार भी नहीं हुआ।

स्काई स्पोर्ट्स के आंकड़ों के मुताबिक, 2020 के दशक में सिर्फ 41.43% टेस्ट पांचवें दिन तक चले। 1970 के दशक में यह आंकड़ा 77.65% था। वहीं 2010 के दशक में 54.76% टेस्ट पांचवें दिन तक पहुंचे थे। इसके उलट, मौजूदा दशक में 23% टेस्ट दो या तीन दिन में खत्म हुए। 1970 के दशक में ऐसा सिर्फ 2.79% मुकाबलों में हुआ था।

एथर्टन ने टेस्ट मैच जल्दी खत्म होने की पहली वजह टी-20 क्रिकेट को बताया। उनके मुताबिक, टी-20 के असर से बल्लेबाज अब ज्यादा जोखिम लेते हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादा जोखिम लेने से आउट होने की संभावना भी बढ़ती है। इससे टेस्ट मैच तेजी से खत्म होने लगे हैं।

एथर्टन ने मौजूदा दौर में अच्छे तेज गेंदबाजों की संख्या को भी एक कारण बताया। उनके मुताबिक, इस समय हर टीम में कम से कम दो अच्छे पेसर हैं। एथर्टन की यह टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच मैकाय में खेले गए टेस्ट के दो दिन में खत्म होने के बाद आई। इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच लीड्स टेस्ट भी तीन दिन के भीतर खत्म हुआ था।

## नैनो न्यूज

- **भारत की राह मुश्किल** – श्रीलंका से ड्रॉ के बाद भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की राह पर दबाव बढ़ गया है।
- **पोलार्ड ने बनाया रिकॉर्ड** – कीरोन पोलार्ड ने 26 गेंदों पर 65 रन बनाकर टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड फिर अपने नाम कर लिया।
- **आर्यवीर सहवाग टीम में** – वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की अंडर-19 टीम में जगह मिली है।
- **अर्शदीप की टेस्ट इच्छा** – भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि वह भारत के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना चाहते हैं।
- **महिला हॉकी का जर्मनी से मुकाबला** – भारतीय महिला हॉकी टीम विश्व कप में पांचवें स्थान के मुकाबले में जर्मनी से भिड़ेगी। जीत भारत का 52 साल बाद सर्वश्रेष्ठ विश्व कप प्रदर्शन होगा।
- **हॉकी लीग पर संकट** – कप्तान सविता पूनिया ने महिला हॉकी इंडिया लीग के भविष्य को लेकर चिंता जताते हुए लीग जारी रखने की मांग की।
- **भारत में फुटबॉल का बड़ा शेड्यूल** – भारत अक्टूबर में ब्राजील, पनामा और उरुग्वे जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ घरेलू अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगा।
- **चैंपियंस लीग ड्रॉ की तैयारी** – चैंपियंस लीग 2026-27 के लीग-फेज ड्रॉ को लेकर टीमों और संभावित मुकाबलों की तस्वीर साफ होने लगी है।

# कप्तानी जाने पर पहली बार सूर्यकुमार बोले, डेढ़ महीने सोचता रहा ऐसा कैसे हुआ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के पूर्व टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली बार कप्तानी छिनने पर बात की। उन्होंने कहा, मैं करीब डेढ़ महीने तक घर बैठकर सोचता रहा कि ऐसा कैसे हो सकता है। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा के यूट्यूब चैनल पर सूर्यकुमार ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि वे 2028 लॉस एंजिल्स ओलिंपिक और अगले टी-20 वर्ल्ड कप तक टीम की कप्तानी करेंगे।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद सिलेक्शन कमेटी ने उन्हें कप्तानी से हटा दिया और श्रेयस अय्यर को नया कप्तान बनाया। यहां तक आयरलैंड और इंग्लैंड दौरों की टीमों में भी उन्हें शामिल नहीं किया गया। सिलेक्टर्स ने उनके खराब फॉर्म को वजह बताया। सूर्यकुमार ने बताया



कि टीम से बाहर किए जाने पर खुद को सिलेक्टर्स की जगह रखकर सोचा। समझने की कोशिश की कि वे उनसे आगे बढ़कर भविष्य के लिए नई टीम क्यों बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा- जब मेरा नाम टीम में नहीं था, तब मैं मुस्कुराया। मैच के दौरान जब भी दबाव की स्थिति आई, मैंने खुद को शांत रखने की कोशिश की।

## सूर्या बोले- फोन पर सिलेक्टर्स ने कहा आप टीम में नहीं होंगे

सूर्या ने कहा कि टीम के ऐलान से तीन दिन पहले सिलेक्शन कमेटी ने मुझसे बात की थी। मुझे बताया गया था, 'इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में मेरा नाम नहीं होगा। अब आगे बढ़ने का समय है। मैंने रिएक्ट नहीं किया, क्योंकि इसमें मेरी गलती नहीं थी।'

इस पर सूर्या ने सिलेक्टर्स से कहा- 'जो फैसला लिया गया, वह निश्चित ही टीम के लिए बेहतर होगा। आपने फैसला लिया और मुझे बता दिया। कोई समस्या नहीं है। मैं खेलता रहूंगा। जब आपको लगे कि सही समय है, तब बुला लीजिए।' सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने इसी साल 8 मार्च को टी-20 वर्ल्ड कप जीता था।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.ED/D.ED/Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय**
10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### बिजली तेल और एल्युमिनियम तार चोरी मामले में 3 गिरफ्तार

**धार।** धार सादलपुर थाना पुलिस ने बिजली तेल और एल्युमिनियम तार चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छह केम्पर वाहन, करीब 240 लीटर बिजली तेल और 1 से 2 क्विंटल एल्युमिनियम के कटे-फटे तार बरामद किए हैं। बरामद सामान की अनुमानित कीमत 3 लाख 10 हजार रुपए बताई गई है। यह मामला 18 अगस्त को सामने आया था। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और चोरी में शामिल लोगों की तलाश की। जांच के दौरान उज्जैन निवासी जितेंद्र पिता विक्रम सिंह मकवाना, रतलाम के इंद्रलोक नगर निवासी कृष्णा पिता राधेश्याम भाटी और एवरिया निवासी सोनू पिता कन्हैयालाल को गिरफ्तार किया गया।

### धार में कार-बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर घायल

**धार।** धार के तिरला थाना क्षेत्र में इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर चिकलिया फाटे के पास शनिवार को कार और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस के पहुंचने के बाद घायल को इलाज के लिए धार जिला अस्पताल ले जाया गया। घायल बाइक सवार टांडा खेड़ा का निवासी बताया जा रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलने पर तिरला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार को जब्त कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### डैम में डूबने से युवक की मौत एक दिन पहले घर से निकला था

**झाबुआ।** जिले के कल्याणपुरा सदर बाजार निवासी 21 वर्षीय तनिष्क उर्फ चीनु की डैम में डूबने से मौत हो गई। युवक का शव परहदा फलिया डेम में मिला। तनिष्क बरखेड़ा में कृषि सेवा केंद्र की दुकान चलाते थे। मृतक के पिता राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि तनिष्क शनिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे काम के सिलसिले में बरखेड़ा के लिए निकला था। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बरखेड़ा गांव के परहदा फलिया में डैम के पीछे नाले के पास उसकी बाइक, कपड़े, चप्पल और मोबाइल लावारिस हालत में मिले। इसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। रविवार सुबह करीब छह बजे से शव मिलने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया।

### राणापुर जन-विश्वास शिविर में 54 आवेदन मिले



**178 सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का भी निराकरण हुआ. 95 अब भी बाकी**

**झाबुआ।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत शनिवार को राणापुर विकासखंड में एक जन-विश्वास शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आमजन की समस्याओं और मांगों से संबंधित कुल 54 आवेदन प्राप्त हुए। अभियान के भ्रमण सप्ताह के दौरान सीएम हेल्पलाइन की 273 लंबित शिकायतों में से 178 का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया, जिससे अब केवल 95 शिकायतें शेष हैं। इस दौरान लगभग 120 अधिकारियों ने विभिन्न शासकीय संस्थाओं और क्षेत्रों का मैदानी निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने अधिकारियों को शेष बची सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राणापुर क्षेत्र में बिजली, जल संरक्षण, नगर की यातायात व्यवस्था और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान देने को भी कहा। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से एक ही मंच पर समस्याओं का निराकरण करने के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। जनसंवाद के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष दीपमाला नलवाया ने यातायात और पेयजल, जनपद अध्यक्ष निर्मला भानु भूरिया ने निर्माण कार्यों की राशि व प्रधानमंत्री आवास योजना, तथा जिला पंचायत सदस्य विजय भाबोर ने विद्यालय में गणित शिक्षक की अनुपलब्धता और स्टॉप डैम के रखरखाव की मांग रखी।

## नैनो न्यूज

- **सोयाबीन भाव में जोरदार तेजी** – इंदौर मंडी में सोयाबीन का मॉडल भाव 6,145 क्विंटल दर्ज हुआ। पिछले रिपोर्टेड भाव के मुकाबले इसमें करीब 46% की बढ़त दिखाई गई।
- **उड़द में भी तेजी** – इंदौर एपीएमसी में साबुत उड़द का मॉडल भाव 9,121 क्विंटल दर्ज हुआ। पिछले आंकड़े की तुलना में करीब 30% की बढ़त बताई गई है।
- **लहसुन कारोबार में हलचल** – लहसुन का मॉडल भाव 8 हजार रुपये क्विंटल रहा, जबकि अलग-अलग क्वालिटी में भाव 2,280 से 16,125 तक दर्ज हुए।
- **गेहूं में कारोबार जारी** – इंदौर मंडी में गेहूं का मॉडल भाव करीब 2,704 क्विंटल दर्ज हुआ। मालवा शक्ति गेहूं का भाव 2,695 रहा।
- **चना बाजार स्थिर** – इंदौर एपीएमसी में साबुत चने का भाव 6,500 क्विंटल दर्ज किया गया। दलहन कारोबारियों की गतिविधियां बनी हुई हैं।
- **काबुली चने में दायरा बड़ा** – काबुली चने का मॉडल भाव 7,500 क्विंटल रहा, जबकि दर्ज भाव 6,730 से 9,800 तक रहे।
- **सोयाबीन का भाव 6145 तक** – इंदौर एपीएमसी में 29 अगस्त को सोयाबीन का मॉडल भाव 6,145 क्विंटल दर्ज हुआ।

प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार इंदौर पहुंचे, मीडिया से चर्चा में कहा- इंदौर से उज्जैन तक भू-माफिया एक्टिव

# सिर्फ अफसरों पर कार्रवाई, जनप्रतिनिधियों पर क्यों नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार रविवार को इंदौर पहुंचे। महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया द्वारा आयोजित सामूहिक रक्षाबंधन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद उन्होंने मीडिया से चर्चा की। इस दौरान सिंघार ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों, भू-माफिया, युवाओं के रोजगार और भर्ती समेत कई मुद्दों को लेकर निशाना साधा।

भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण हुई मौतों के मामले में सिंघार ने कहा कि इंदौर की जनता को गंदा पानी पिलाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में सिर्फ अधिकारियों पर कार्रवाई की जा रही है, जबकि जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। सिंघार ने कहा कि इंदौर की जनता को खुद आगे आकर जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मामले को विधानसभा में भी प्रमुखता से उठाएगी।

### रोजगार और भर्ती पर सरकार से जवाब मांगा

युवाओं के रोजगार और भर्ती से जुड़े मुद्दों को लेकर सिंघार ने कहा कि प्रदेश का युवा वर्ग-1, वर्ग-2, अतिथि शिक्षक भर्ती और ओबीसी आरक्षण जैसे मुद्दों पर सरकार से जवाब चाहता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रही है।

### सरकारी जमीनों पर कब्जे का आरोप

सरकारी जमीनों पर कब्जे के मुद्दे पर सिंघार ने आरोप लगाया कि इंदौर से उज्जैन तक भाजपा नेताओं के संरक्षण में भू-माफिया सक्रिय हैं। उन्होंने रेवती रेंज में आशा हॉल निर्माण और अन्य सरकारी जमीनों पर कब्जे के मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की। सिंघार ने कहा कि इस मामले में विभागीय अधिकारी भी बोलने से बच रहे हैं।

### विजयवर्गीय के शक्कर वाले बयान पर तंज

कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के शक्कर की कीमतों को लेकर दिए बयान पर सिंघार ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि यदि विजयवर्गीय स्वयं शक्कर नहीं खाते हैं तो कम से कम जनता को यह बता दें कि सस्ती शक्कर कब मिलेगी।

### छात्र राजनीति पर बोले- छात्र हनुमान की तरह

छात्र राजनीति और युवाओं की आवाज को लेकर सिंघार ने कहा कि छात्र हनुमान की तरह हैं। उन्होंने कहा कि जब हनुमान लंका में आग लगाते हैं तो उसका जलना तय होता है। सरकार को युवाओं और छात्रों की आवाज दबाने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए।

# हेल्थ ऑफिसर ने महिला अधिकारी से किया रेप

## गर्दन पर चाकू रखा, जमीन पर पटक कर कहा- किसी को बताया तो मार डालूंगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हेल्थ ऑफिसर ने महिला अधिकारी से रेप किया। गर्दन पर चाकू रखकर धमकाया। आरोपी बोला- अगर किसी को बताया तो पहले तुझे, फिर तेरे परिवार को मार डालूंगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी सोहेल आरोग्यम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर पदस्थ है। पीड़िता भी उसी के साथ काम करती है। आरोपी ने शनिवार को वारदात को अंजाम दिया, इसके बाद से फरार है।

28 वर्षीय पीड़िता के मुताबिक, आरोपी सोहेल पिछले कई दिनों से उसे धमकाकर जबरदस्ती करने का दबाव बना रहा था। सोहेल उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा था, लेकिन डर की वजह से वह किसी से कुछ नहीं कह रही थी। पीड़िता के मुताबिक, 29 अगस्त की सुबह वह स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थी। इसी दौरान सोहेल ने उसे ऊपर की मंजिल पर विजिट के लिए साथ चलने को कहा। महिला ने जाने से मना कर दिया। इस दौरान सोहेल ने उससे कहा कि वह उसके साथ कई साल से काम कर रही है, फिर भी उस पर भरोसा नहीं करती। महिला को वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने की धमकी दी। इससे वह डर गई और आरोपी के साथ ऊपर चली गई।

### कमरे का दरवाजा अंदर से बंद किया

महिला ने पुलिस को बताया कि ऊपर की मंजिल पर पहुंचने के बाद सोहेल ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। इसके बाद उसने महिला का मुंह दबाया और जमीन पर पटक दिया। सोहेल ने जेब से चाकू निकाला और उसकी गर्दन पर रख दिया। महिला के मुताबिक, इसके बाद चाकू दिखाकर उसे धमकाया और रेप किया। आरोपी ने धमकी भी दी। आरोपी की धमकी से वह बुरी तरह डर गई थी। इसी वजह से वह उसका विरोध नहीं कर सकी।

### घटना के बाद परिजन को बताई पूरी बात

महिला के मुताबिक, घटना के बाद आरोपी मौके से चला गया। उसने अपने परिजन को पूरी घटना की जानकारी दी। परिजन उसके साथ थाने पहुंचे। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शनिवार रात आरोपी सोहेल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इंदौर पुलिस ने बताया- आरोपी के खिलाफ ऋक्रहो गई है। पुलिस महिला के लगाए आरोपों की जांच करने के साथ घटनास्थल और मामले से जुड़े अन्य साक्ष्यों की भी पड़ताल कर रही है। आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# थाने में खुद को आग लगाने वाली महिला की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

धरमपुरी थाने में खुद को आग लगाने वाली दीपिका ठाकुर की शनिवार को इंदौर के एमवाय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। 23 अगस्त को दीपिका अपने पति कासिम खान और बच्चों के साथ थाने पहुंची थी। यहां सुनवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए उसने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली थी।

घटना के बाद उसे गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया गया था, जहां शनिवार दोपहर करीब 3 बजे उसकी मौत हो गई। दीपिका की मौत के बाद उसका एक वीडियो सामने आया है। पति कासिम का दावा है कि यह वीडियो दीपिका के आग लगाने से कुछ समय पहले का है। वीडियो में दीपिका पुलिस कार्यालय में नजर आ रही है और करीब 8-9 महीने से न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाने की बात कह रही है। वीडियो में दीपिका कहती सुनाई दे रही है कि उसके ही घरवालों ने उसके साथ मारपीट और शारीरिक प्रताड़ना की। इस संबंध में उसने पुलिस और एसपी कार्यालय में कई बार आवेदन देने की बात कही। उसका आरोप है कि शिकायत के बावजूद न तो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और न ही निष्पक्ष कार्रवाई की गई। दीपिका वीडियो में कहती है कि जिन लोगों के खिलाफ शिकायत की है, वे खुलेआम घूम रहे हैं और वह लगातार अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगा रही है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही।

गूगल पर डॉ. का अपाइंटमेंट के लिए नंबर खोजा

# लिंक क्लिक करते ही महिला के खाते से एक लाख रुपए उड़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में साइबर ठगी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बॉम्बे अस्पताल में डॉक्टर राठी से अपॉइंटमेंट लेने के लिए गूगल पर नंबर खोजना एक महिला को महंगा पड़ गया। गूगल सर्च के दौरान मिले मोबाइल नंबर पर महिला ने संपर्क किया तो ठग ने खुद को अस्पताल का अपॉइंटमेंट सहायक बताया।

इसके बाद बुकिंग के नाम पर महिला के मोबाइल पर एक लिंक भेजी गई। लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल में सेंध लगाकर ठग ने महिला के खाते से एक लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए।

ठगी का पता चलते ही महिला ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन और पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद इंदौर क्राइम ब्रांच की साइबर टीम ने संबंधित बैंक से बात कर कार्रवाई की और महिला की पूरी एक लाख रुपए की राशि वापस कराने में सफलता हासिल की। महिला को बॉम्बे अस्पताल में डॉक्टर राठी से चिकित्सकीय परामर्श के लिए अपॉइंटमेंट लेना था। इसके लिए उसने गूगल पर अस्पताल और डॉक्टर के अपॉइंटमेंट से जुड़ी जानकारी खोजी। इसी दौरान उसे एक मोबाइल नंबर मिला। महिला ने उस नंबर पर फोन किया तो सामने वाले ने खुद को अस्पताल का अपॉइंटमेंट सहायक बताया।

# होटल कर्मचारी ने लूट की झूठी कहानी गढ़ी, दो नाबालिगों पर कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

चोइथराम मंडी में होटल कर्मचारी से 45 हजार रुपए लूटने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। पुलिस जांच में लूट की बात सामने नहीं आई। एसीपी निधि सक्सेना के मुताबिक, फरियादी ने थाने पहुंचकर बाइक सवार दो युवकों पर चाकू अड़ाकर 45 हजार रुपए लूटने का आरोप लगाया था।

पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां दोनों पक्षों की बाइक टकराने की बात सामने आई। पूछताछ में फरियादी ने बताया कि बाइक टकराने के बाद युवकों ने उसके गले पर चाबी से वार किया और मौके से भाग गए। पुलिस ने दोनों नाबालिगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की है।

एसीपी निधि सक्सेना ने बताया कि फरियादी दीपक राठौर और मुकेश थाने पहुंचे थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि बाइक सवार युवकों ने चाकू अड़ाकर उनसे 45 हजार रुपए लूट लिए हैं। शिकायत के बाद पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले की पड़ताल शुरू की।

मौके पर जांच के दौरान पुलिस को दोनों पक्षों की बाइक टकराने की बात पता चली। इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर पूछताछ की।

### बाइक टकराने के बाद हुआ विवाद

पुलिस पूछताछ में फरियादी ने बताया कि बाइक टकराने के बाद दोनों युवकों से विवाद हुआ था। आरोप है कि युवकों ने उसके गले पर चाबी से वार किया और इसके बाद मौके से फरार हो गए। फरियादी के मुताबिक, इसी घटना को लेकर उसने मौके पर लूट की बात कही थी। पुलिस जांच में 45 हजार रुपए लूटे जाने की पुष्टि नहीं हुई है।

हीरानगर थाना क्षेत्र के सावित्री नगर में घुसे बदमाश

# रहवासी जागे तो पत्थर फेंककर भागे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र के सावित्री नगर एम्पायर में शुक्रवार-शनिवार की रात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने कॉलोनी के दो घरों को निशाना बनाया। एक घर में चोरी के दौरान पड़ोसी की नींद खुल गई और उसके शोर मचाने पर बदमाश पत्थर फेंककर भाग गए। घटना के सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने रविवार को पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की। इसके साथ ही थाना प्रभारी ने रहवासियों के साथ बैठक कर आरोपियों को जल्द पकड़ने का भरोसा दिया।

सावित्री नगर एम्पायर निवासी आकाश सोनी निजी कंपनी में काम करते हैं। शुक्रवार-शनिवार की रात वह घर पर नहीं थे। इसी दौरान बदमाश उनके घर में घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद बदमाशों ने एक अन्य घर को भी निशाना बनाया।

बदमाश जब दूसरे घर में चोरी कर रहे थे, तभी पास में रहने वाले जितेंद्र की नींद खुल गई। उन्होंने बालकनी में आकर शोर मचाया तो बदमाश पत्थर फेंककर वहां से भाग गए। सूचना मिलने के बाद रात में एफआरवी मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के सुनसान इलाकों में बदमाशों की तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल रविवार को भानगढ़ इलाके के सावित्री एम्पायर पहुंचे। आकाश सोनी की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया है। इसके बाद रहवासियों के साथ बैठक कर आरोपियों को जल्द पकड़ने का भरोसा दिया गया।

# इंदौर में नाइजीरियन महिला 57 ग्राम एमडी के साथ गिरफ्तार

## मुंबई से बस में ड्रग्स डिलीवरी देने आई थी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर की चंदन नगर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में नाइजीरियन मूल की एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला मुंबई से बस के जरिए इंदौर आई थी और यहां मादक पदार्थ की डिलीवरी देने वाली थी। पुलिस ने पहले से मिली सूचना के आधार पर उस पर नजर रखी और शनिवार को चंदन नगर इलाके में घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। उसके कब्जे से 57 ग्राम से ज्यादा एमडी बरामद की गई है, जिसकी कीमत करीब 25 लाख रुपए बताई जा रही है।

एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल की टीम को सूचना मिली थी कि मुंबई से जोया नाम की नाइजीरियन महिला इंदौर आकर कोकीन और अन्य मादक पदार्थों की डिलीवरी करती है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने महिला की गतिविधियों और इंदौर आने-जाने की जानकारी जुटाना शुरू किया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि राखी के अगले दिन जोया मुंबई से इंदौर आ सकती है। इसके बाद टीम ने मुंबई से इंदौर आने वाली बसों पर नजर रखना शुरू कर दिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार महिला मूल रूप से नाइजीरियन है। उसके पास से फिलहाल पासपोर्ट नहीं मिला है। महिला ने पुलिस को बताया है कि उसका पासपोर्ट मुंबई में है। पुलिस उसके दस्तावेजों और भारत में रहने से जुड़ी जानकारी की भी जांच कर रही है। पुलिस अब आरोपी महिला से पूछताछ के आधार पर ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।



### बस से उतरते ही पुलिस ने पकड़ा

पुलिस के मुताबिक शनिवार को जोया इंदौर पहुंची। बस से उतरने के बाद पुलिस टीम ने उस पर नजर रखी और चंदन नगर क्षेत्र में घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 57 ग्राम से अधिक एमडी बरामद हुई। पुलिस के अनुसार बरामद मादक पदार्थ की कीमत करीब 25 लाख रुपए है। महिला से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि वह इंदौर में किसे ड्रग्स की डिलीवरी देने आई थी और उसके नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं।

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन जैन गाउन हाउस शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कंपलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com